राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 300
लखनऊ, गुरुवार 2 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन से हटायी गई मजार 10

डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए जन सहभागिता जरूरी : ब्रजेश पाठक 03

# हिंदू आस्था से खिलवाड़ की छूट नहीं देंगे : योगी

**सहारनपुर, समृद्धि न्यूज।**

सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को सहारनपुर में 613 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद सपा व कांग्रेस पर जमकर बरसे। राम मंदिर के दान को लेकर विपक्ष के अनर्गल प्रलाप पर मुख्यमंत्री ने कहा कि तब इनकी आस्था कहां थी जब कांवड़ यात्रा रोकी जाती थी, मंदिरों के सौंदर्यीकरण की राशि कब्रिस्तान बनाने में खर्च की जाती थी और दुर्गा पूजा व जन्माष्टमी तक मनाने नहीं होने देते थे। मुख्यमंत्री योगी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अब यह सब नहीं होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिव्य और भव्य अयोध्या त्रेतायुग की याद दिला रही है और अब अयोध्या रुकने वाली नहीं हैं। मुख्यमंत्री जुलाई के पहले दिन बुधवार को सहारनपुर पहुंचे और यहां स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने यहां 613 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया।



- मुख्यमंत्री योगी ने सहारनपुर को दी 613 करोड़ की सौगात
- सीएम ने सहारनपुर से किया स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ

मुख्यमंत्री पांच महीने में सहारनपुर पांचवीं बार पहुंचे और हर बार उन्होंने जनता से जुड़े संवेदनशील मुद्दों की समीक्षा की। समस्याओं का निराकरण किया और विकास की गंगा बहाने में योगदान दिया। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित सभा में जहां अपनी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया और बताया कि हर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज जिन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया है, वे विकसित भारत के लक्ष्य की आधारशिला बनेंगी। उन्होंने कहा कि विकसित व आत्मनिर्भर भारत के लिए विरासत और विकास के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। मुख्यमंत्री योगी ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए कि 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहारनपुर आए थे और करीब 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण किया था। इस कॉरिडोर ने सहारनपुर की देश की राजधानी दिल्ली से कनेक्टिविटी को काफी बेहतर बनाया है। अब सहारनपुर से दिल्ली की यात्रा करीब डेढ़ घंटे में पूरी हो रही है।

### बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें : मुख्यमंत्री

सीएम योगी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर कंपोजिट से राज्यव्यापी स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण 1 से 15 जुलाई का शुभारंभ किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। शिक्षा व्यक्ति, समाज व राष्ट्र की सुदृढ़ आधारशिला है। अच्छी शिक्षा सभ्य, संस्कारित नागरिक बनाती है और सही मार्ग दिखाती है। अच्छी शिक्षा से ही अच्छे समाजसेवी, शिक्षक, प्रधानाचार्य, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, उद्यमी, इंजीनियर, चिकित्सक, न्यायिक अधिकारी आदि निकलेंगे। देश के भविष्य को बनाने वाली भावी पीढ़ी जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़े, शिक्षा के कारण वह आत्मविश्वास से भरपूर होकर समाज व राष्ट्र के निर्माण में भूमिका का प्रभावी निर्वहन कर सकेगी। 2017 में पीएम मोदी जी के मार्गदर्शन व प्रेरणा से प्रदेश सरकार ने स्कूल चलो अभियान प्रारंभ किया। सरकार की नीयत साफ थी तो परिणाम भी अच्छे आए। शिक्षा के उन्नयन के लिए सरकार की नीति स्पष्ट थी। सरकार बिना भेदभाव हर बच्चे तक योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ बढ़ी थी।

### मुख्यमंत्री ने बच्चों को परोसा भोजन

सीएम योगी के हाथों किताब–कॉपी, बैग, स्टेशनरी किट पाकर नौनिहालों के चेहरे खिल उठे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से पूछा कि स्कूल आओगे, बच्चों ने मुस्कुराकर स्कूल आने का वादा किया। सीएम ने प्रदर्शनी स्थल और मंच पर बच्चों से संवाद किया तथा उन्हें चॉकलेट भी दीं। मुख्यमंत्री ने बच्चों को अपने हाथ से भोजन परोसा। इसमें प्रदेश सरकार के मंत्रियों व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सीएम योगी का साथ दिया। बच्चे भी सीएम को अपने बीच पाकर खुशी से उनसे बातचीत करते रहे। बच्चों ने सीएम के प्रश्नों के बालसुलभ निश्छल उत्तर दिए तो सभी खिलखिला उठे। मुख्यमंत्री ने बच्चों की प्रशंसा कर उनका उत्साह बढ़ाया और उन्हें चॉकलेट दीं।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आए नन्हे–मुन्नों का अन्नप्राशन कराया। विपरीत मौसम के कारण क्लास रूम में ही आयोजन किया गया। सीएम योगी ने बच्चों को चंदन टीका लगाकर खीर खिलाई और उपहारस्वरूप उन्हें खिलौने दिए। जिन बच्चों का अन्नप्राशन हुआ, वे सीएम की गोद में भी खेले। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का भी सम्मानित किया गया।

# अयोध्या प्रकरण में एसआईटी जांच की बढ़ाई गई समय-सीमा

- 15 जुलाई तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या तीर्थ क्षेत्र में दान प्रकरण की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) की समय-सीमा 15 जुलाई तक बढ़ा दी है। मामले के विभिन्न पहलुओं की गहन छानबीन के लिए एसआईटी ने मुख्यमंत्री से अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकार करते हुए उन्होंने एसआईटी को आगामी 15 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। यह जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय से दी गयी है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी का गठन करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि एसआईटी इस प्रकरण में हर पहलू की सघनता और निष्पक्षता से जांच करते हुए दूध का दूध और पानी का पानी करेगी।

दोषियों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। गत 23 जून को एसआईटी के प्रमुख सदस्य लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने अपना प्रारंभिक प्रतिवेदन गृह विभाग को सौंपा था, जिसमें कठोर संस्तुतियां की गई थीं। इन संस्तुतियों के आधार पर गत 25 जून को ट्रस्ट के सदस्य कृष्णमोहन की लिखित शिकायत पर श्रीराम जन्मभूमि थाने में पहली एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें आठ नामजद व अन्य अज्ञात व्यक्तियों को अभियुक्त बनाया गया था। सभी नामजद अभियुक्त गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,40,930/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,29,200/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,05,740/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,40,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास मेदांता में भर्ती



**अयोध्या।** अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष एवं श्री मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास महाराज की तबीयत बिगड़ने पर सोमवार को उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके एक शिष्य ने बताया कि महाराज जी को जन्मोत्सव कार्यक्रम में इंफेक्शन हो गया था। स्वास्थ्यगत समस्याओं के कारण उन्हें परेशानी हो रही थी। मेदांता अस्पताल में डाक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही हैं और स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। हालांकि कुछ समय लग सकता है।

### पाकिस्तान में 125 साल पुराने गुरुद्वारे को तोड़े जाने की भारत ने की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के फारूक़ाबाद में 125 साल पुराने गुरुद्वारे श्री गुरु सिंह सभा साहिब को तोड़े जाने की खबरों को 'बेहद परेशान' करने वाली 'बेहद निंदनीय और सोची–समझी हरकत' बताते हुए इस मामले की जांच कराने और दोषियों को सजा देने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि सिखों के इस पवित्र धार्मिक स्थल के खिलाफ़ की गई तोड़–फोड़ की हम 'कड़ी निंदा' करते हैं। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों या इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने की खबरों पर भी 'गंभीर चिंता' व्यक्त की है।

### आईएसआई का फंडिंग एजेंट गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की सीआईडी (इंटेलिजेंस) शाखा ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए फंडिंग नेटवर्क संचालित करने वाले एक एजेंट को गिरफ्तार कर देश विरोधी गतिविधियों के एक महत्वपूर्ण नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। गिरफ्तार आरोपित जासूसी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों तक आईएसआई की ओर से धनराशि पहुंचाने का काम करता था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलिजेंस प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि सीआईडी (इंटेलिजेंस) राजस्थान द्वारा माह जनवरी 2026 में शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 के तहत दर्ज प्रकरण में जैसलमेर निवासी झबरा राम तथा असम के डिब्रूगढ़ एयरफोर्स स्टेशन पर एमटीएस पद पर कार्यरत सुमित कुमार को भारतीय सेना से संबंधित गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के हैंडलरों तक पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# डॉक्टरों की कड़ी मेहनत, संवेदनशीलता व प्रतिबद्धता भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय चिकित्सक (डॉक्टर) दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देशभर के चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण, करुणा और सेवा भावना की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉक्टरों की कड़ी मेहनत, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी डॉक्टरों की अथक सेवा ने करोड़ों लोगों का विश्वास और आभार अर्जित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुने से अधिक हो गई है, जबकि स्नातक और स्नातकोत्तर मेडिकल सीटों में भी व्यापक वृद्धि हुई है। उनके अनुसार, इससे भावी डॉक्टरों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं, स्वास्थ्य क्षेत्र को अधिक सशक्त बनाने में मदद मिली है और देश के हर हिस्से तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं



- पीएम मोदी ने चिकित्सकों को दी शुभकामनाएं, की सराहना

पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में डॉक्टरों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सक निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने, चिकित्सा अनुसंधान को आगे बढ़ाने, नवाचार को अपनाने और सभी नागरिकों तक सस्ती एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में अहम योगदान देते रहेंगे।

केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री जेपी नड्डा ने भी देशभर के चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए चिकित्सा समुदाय की राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने अपनी अटूट निष्ठा, उत्कृष्ट पेशेवर क्षमता और मानवता के प्रति करुणामय सेवा भाव से समाज की अमूल्य सेवा की है। नड्डा ने एक्स पर कहा कि राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के अवसर पर वह चिकित्सा समुदाय के प्रति अपनी हार्दिक सराहना और कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। उन्होंने डॉक्टरों के अमूल्य योगदान को नमन करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और निरंतर सफलता की कामना की।

### राष्ट्र निर्माण में चार्टर्ड अकाउंटेंट की भूमिका अहम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर देशभर के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) समुदाय को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट भारत की आर्थिक यात्रा के लंबे समय से भरोसेमंद साझेदार रहे हैं और उनकी विशेषज्ञता देश के आर्थिक विकास तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति में सीए समुदाय का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनकी सेवाएं भारत की आर्थिक मजबूती का आधार बनी हुई हैं।

### सरकार ने दिया, व्हाट्सएप पर यूजरनेम फीचर पर रोक लगाने का निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सरकार ने व्हाट्सएप पर नंबर आधारित एकाउंट की जगह आने वाले प्राइवेसी–केंद्रित यूजरनेम फ़ीचर को लेकर बहुराष्ट्रीय टेक कंपनी मेटा को एक आधिकारिक नोटिस जारी कर इस फीचर पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। सूत्रों के अनुसार, जन सुरक्षा और वित्तीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं जताते हुए, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मेटा को निर्देश दिया है कि जब तक इस मामले पर आधिकारिक परामर्श की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक भारत में इस फ़ीचर के क्रियान्वयन पर तुरंत रोक लगाई जाए। इसके साथ ही, सरकार ने मेटा को आगामी 03 दिनों के भीतर यूजरनेम फ़ीचर के सुरक्षात्मक ढांचे और इसकी कार्यप्रणाली पर एक विस्तृत और व्यापक स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के अनुसार, यह फैसला साइबर धोखाधड़ी, ऑनलाइन स्कैम और डिजिटल पहचान की चोरी को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण लिया गया है। हालांकि, मेटा इस फ़ीचर को एक बड़े प्राइवेसी अपग्रेड के रूप में पेश कर रहा है—जिसके तहत यूज़र्स अपना निजी फोन नंबर दिखाए बिना एक यूनीक यूजरनेम के जरिए बातचीत शुरू कर सकते हैं—लेकिन अधिकारियों को डर है कि इससे अपराधियों को बढ़ावा मिल सकता है।

# प्रभु श्रीराम हमारे लिए हमेशा से पूजनीय थे और रहेंगे : अखिलेश यादव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के साथ अपना 53वां जन्मदिन मनाया। इस दौरान उन्होंने बड़ा केक काटा। भारी संख्या में उपस्थित पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका मुंह मीठा कराते हुए बधाई दी। अखिलेश यादव ने कहा कि जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन स्वीकार, सभी शुभचिंतकों का दिल से आभार।

इस अवसर पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीडिया को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि माता प्रसाद पांडे, सनातन पांडे और बलराम यादव आदि पीढ़ियों से पार्टी से जुड़े हैं। यह पीढ़ियों से जुड़ा दल है। जनता ने वोट से संविधान बचाया है। जनता से चुने हुए सांसदों को अब भाजपा तोड़कर संविधान बदलना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम हमारे लिए हमेशा से पूजनीय थे और रहेंगे। हमारे लिए पहला नाम मर्यादा पुरुषात्तम श्री राम हैं, दूसरा संविधान है



- अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के साथ केक काटकर मनाया 53वां जन्मदिन

और भाजपा दोनों को दगा दे रही है।

उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम इतने दयालु हैं अगर सीसीटीवी बंद कर दें कुछ देर के लिए तो अपने आप चढ़ावा वापस आ जाएगा। भाजपा के लोगों को अपना नाम भाजपा की जगह भा–च–पा कर लेना चाहिए।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने हमारे बीच नफरत फैलाने का काम किया है। लेकिन प्रेम, दया, अपनापन हमारे बीच रहे और हमारे देश की हिन्दुस्तानियत बनी रहे। उन्होंने कहा कि ये सामाजिक न्याय के राज की स्थापना की लड़ाई बहुत बड़ी है। इनकी बार्गेनिंग पॉवर जीरो कर दी है, बीजेपी चमत्कारी और चालबाज़ पार्टी है।

सपा अध्यक्ष ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती और मुख्यमंत्री योगी को जन्मदिन पर बधाई दिए जाने पर धन्यवाद दिया। साथ ही कई साथियों का मैसेज, हमारी पार्टी के नेता, कार्यकर्ता, दूसरे दलों के उन सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने जन्मदिन की बधाई दी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) स्वाभिमान सहयोग फंड का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि हमारे इस फंड में मिनिमम 20 रुपये मांगे जाएंगे। इसके माध्यम से पार्टी फंड इकट्ठा करेंगे। इसके लिए क्यूआर (QR) कोड जारी किया जाएगा,जिसके माध्यम लोगों से सहयोग की अपील की जाएगी।

# नीट-पीजी 2026 परीक्षा 30 अगस्त को होगी, आवेदन प्रक्रिया शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने नीट-पीजी 2026 परीक्षा की अधिसूचना जारी कर दी है। देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कंप्यूटर आधारित (सीबीटी) मोड में यह परीक्षा 30 अगस्त को आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एक जुलाई शाम 5 बजे से शुरू होकर 21 जुलाई रात 11:55 बजे तक चलेगी। एनबीईएमएस के अनुसार परीक्षा से संबंधित पात्रता मानदंड, शुल्क संरचना, परीक्षा योजना और अन्य विस्तृत जानकारी सूचना बुलेटिन में उपलब्ध है। सूचना बुलेटिन 1 जुलाई को शाम 4 बजे से वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों को उनके परीक्षा शहर की सूचना 11 अगस्त को दी जाएगी।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसा, पांच की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के जनपद उन्नाव के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में आज तड़के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि बस में सवार 17 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह और बांगरमऊ एसडीएम बृजमोहन शुक्ला ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि सुबह 4:30 बजे के आसपास एक बस फरीदाबाद से बिहार जा रही थी। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर देवखरी गांव के पास बस के ड्राइवर को झपकी आ गई। उसी के चलते



बस डिवाइडर तोड़कर दूसरी साइड में चली गई और खंती में जा गिरी। वहीं, पर अर्टिगा कार जो लखनऊ से मथुरा की तरफ जा रही थी, उससे टकरा गई। कार में 9 लोग सवार थे, जिसमें पांच लोगों की मौके पर मृत्यु हो गई है और चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है, उनका इलाज चल रहा है। डीएम ने बताया की बस सवार कुछ लोग घायल हुए थे उनको भी रेफर कराया है उन सबकी स्थिति सामान्य है उन्हें घर भिजवा रहे हैं। क्षतिग्रस्त वाहन को हटा दिया गया है।

# सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने धूमधाम से मनाया जन्मदिन, किया पौधरोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन जनपद में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सपा के प्रदेश सचिव व 193 अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत अमृतपुर विधानसभा 38 सेक्टरों में सेक्टर प्रभारियों ने केक काटा और पौधे लगाकर नेताजी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने पार्टी पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अखिलेश यादव के जन्मदिन का केक काटा। इस दौरान अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने सभी को मुंह मीठा कराया और राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वस्थ जीवन और दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना की। अपने संबोधन में डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि अखिलेश यादव जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के युवाओं, किसानों, और शोषित वर्गों की सबसे बड़ी उम्मीद हैं। उनके द्वारा मुख्यमंत्री रहते हुए कराए गए विकास कार्य आज भी प्रदेश की जनता के लिए एक मिसाल हैं।



पौधरोपण करते सपा के प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव आदि

- अमृतपुर विधानसभा के सभी 38 सेक्टरों में कार्यकर्ताओं ने काटा केक
- 2027 में सपा की सरकार बनाने का लिया संकल्प

### सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जन्मदिन पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



भण्डारा करते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव आदि



केक काटते सपा नेता

- एक पेड़ पीडीए के नाम के तहत डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने किया पौधरोपण

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर सपा के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा 193 के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में अमृतपुर विधानसभा के सभी सेक्टरों में धूमधाम से सपा मुखिया का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। वहीं क्षेत्र शमसाबाद के ग्राम उलियापुर में सपा के प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने एक पेड़ पीडीए के नाम तहत वृक्षारोपण कर विशाल भण्डारे का आयोजन किया। कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाव को देख सपा कार्यकर्ताओं ने 2027 में सरकार बनाये जाने की हुंकार भरी। इस अवसर पर डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने सभी को संबोधित कर आभार व्यक्त किया। डॉ. जितेन्द्र यादव ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव हमेशा से गरीबों, किसानों और युवाओं के हक की लड़ाई लड़ते आए हैं। आज उनके जन्मदिन को कार्यकर्ताओं ने जनसेवा के रूप में मनाया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रगतिशील विचारों और नेतृत्व में उत्तर प्रदेश खुशहाली के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, सुनील कुमार उर्फ सरल दुबे, पूर्व नगर महा अध्यक्ष विजय यादव, सुधीर यादव, भोला यादव, देवेन्द्र यादव, अनुराग यादव, सहित बड़ी संख्या में सपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, किया पौधरोपण

जन्मदिन के जश्न को एक सकारात्मक और रचनात्मक दिशा देते हुए डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में सपाईयों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर विभिन्न स्थानों पर छायादार और फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। प्रदेश सचिव ने पौधारोपण करते हुए कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का हमेशा से ही पर्यावरण और प्रकृति से विशेष लगाव रहा है। इसलिए उनके जन्मदिन के पावन अवसर पर वृक्षारोपण कर हमने समाज को हरा–भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। हर एक कार्यकर्ता को इस मानसून कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

***2027 के लिए लिया संकल्पः-***

इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजवादी पार्टी के नेताओं, स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आगामी चुनावों में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने का संकल्प भी लिया। अखिलेश यादव के नेतृत्व और समाजवादी विचारधारा की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उन्हें दोबारा मुख्यमंत्री बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ता प्रदेश में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लेते हुए पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान तेज करेंगे।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

## मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, एईएस और जलजनित रोगों की रोकथाम पर रहेगा विशेष फोकस

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी
- 31 जुलाई तक चलेगा अभियान
- 11 से 31 जुलाई तक आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर संभावित मरीजों की करेंगी पहचान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में संचारी रोगों के उन्मूलन और जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बुधवार को 'विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान' का शुभारंभ किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से स्वच्छता अपनाने और संचारी रोगों से बचाव के प्रति सतर्क रहने की अपील की।सीएचसी चित्तौरा के अधीक्षक डॉ. अभिषेक अग्निहोत्री ने बताया कि जागरूकता वाहन गांव-गांव और मोहल्लों तक पहुंचकर लोगों को संचारी रोगों के लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी देगा। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशासनिक कर्मचारी, भारी संख्या में आशा कार्यकर्ता, एएनएम और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**जनस्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संचारी रोगों की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जनसहभागिता से ही संभव है। उन्होंने नागरिकों से अपने घरों और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, जलभराव न होने देने तथा मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने, भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने तथा शौचालय का नियमित प्रयोग करने की अपील की। साथ ही उन्होंने सलाह दी कि मच्छरों से बचाव के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें और कूलर, फ्रिज के पीछे, गमलों, टायरों, छतों तथा अन्य पात्रों में पानी जमा न होने दें। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, लगातार सिरदर्द, उल्टी, बेहोशी या अन्य गंभीर लक्षण दिखाई दें तो तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें, क्योंकि समय पर जांच और उपचार से अधिकांश संचारी रोगों से होने वाली गंभीर जटिलताओं से बचाव संभव है।

# सुजौली रेंज के रामपुर रेतिया गांव में हाथियों का खौफ

- एक घर को किया क्षतिग्रस्त, फसलें तबाह
- खेत की रखवाली कर रही महिला को हाथी ने दौड़ाया भागकर बचाई जान



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य की सुजौली रेंज अंतर्गत रामपुर रेतिया गांव में मंगलवार रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर फसलों को नुकसान पहुंचाया। जंगल से निकलकर आबादी में घुसे हाथियों ने एक ग्रामीण जवाहिर के घर को निशाना बनाकर क्षतिग्रस्त कर दिया। घर की टटिया फाड़कर अंदर रखा अनाज खा गए। दहशत के चलते ग्रामीण रातभर जागते रहे। हाथियों ने गांव के बाहर खेतों में लगी कई एकड़ गन्ने और मक्के की फसल को भी पैरों तले रौंदकर नष्ट कर दिया। किसानों का कहना है कि पूरी फसल बर्बाद होने से लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं कतर्नियाघाट रेंज के भवानीपुर गांव में जंगली टस्कर हाथी ने आतंक मचाया। खेत में काम कर रही एक महिला को हाथी ने दौड़ा लिया।

# केडीसी ग्रीन ने 8 विकेट से जीता मुकाबला

## अंडर-14 समर लीग क्रिकेट: केडीसी ग्रीन व केडीसी ऑरेंज के बीच खेला चौथा मुकाबला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



केडीसी क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में अंडर-14 समर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को चौथे दिन का मुकाबला केडीसी ग्रीन एवं केडीसी ऑरेंज के बीच खेला गया। केडीसी ऑरेंज के कप्तान ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 35 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 25वे ओवर में 147 रनों पर ऑल आउट हो गए।

स्वतंत्र पांडे ने सर्वाधिक 42 रन बनाए अन्य कोई बल्लेबाज उनके साथ नहीं दे पाया। केडीसी ग्रीन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अभिनव पांडे ने तीन, आर्यश मिश्रा एवं कृष्णा ने दो-दो सफलताएं अर्जित की। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए केडीसी ग्रीन के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी की। कृष्णा के 40, सफल सिंह नाबाद 33 एवं अनिकेत चौधरी के 24 रनों की बदौलत 29वें ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाकर आठ विकेट से यह मुकाबला जीत लिया।

केडीसी ऑरेंज की तरफ से गेंदबाजी करते हुए देवांश गुप्ता एवं शिवांश राय ने एक-एक सफलता अर्जित की।

शानदार प्रदर्शन की बदौलत कृष्णा को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। आज के मैच में अंपायरिंग की भूमिका आशुतोष कैराती एवं सत्यम पाठक ने निभाई। स्कोरर की भूमिका में प्रदीप गुप्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर आयुष चित्रांश, मोहित मिश्रा, मोहित पाठक, शोएब अब्बासी,तुषार सोनी एवं अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे।

### पहली बरसात में उजागर हुई शिवपुर बैरागी गौशाला की बदहाल व्यवस्था

कीचड़ में रहने को मजबूर 175 गोवंश

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पहली बरसात के बाद मीडिया टीम ने ब्लॉक विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर बैरागी स्थित गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में गौशाला की व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत सामने आई। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से पूरे परिसर में कीचड़ फैला मिला, जिसके बीच 175 गोवंश रहने को मजबूर दिखे। गौशाला पर तैनात केयरटेकर श्रवण कुमार ने बताया कि गौशाला में कुल 175 गोवंश संरक्षित हैं। यहां राज बहादुर मिश्रा, चंदन मिश्रा, गूँगा तथा छोटकऊ मिश्रा सहित कुल पांच कर्मचारी तैनात हैं। बरसात के बाद जल निकासी की व्यवस्था न होने से पूरे परिसर में कीचड़ हो गया है।

# सभी प्रस्ताव निर्धारित समय सीमा के भीतर तैयार किए जाएं: अक्षय त्रिपाठी

- मतदेय स्थल संभाजन के सम्बंध में डीएम ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



आगामी निर्वाचन की तैयारियों के तहत मतदेय स्थल संभाजन-2026 तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के अन्तिम प्रकाषन के संबंध में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदेय स्थलों के संभाजन, पुनर्गठन एवं प्रस्ताव तैयार करने की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाताओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी प्रस्ताव निर्धारित समय सीमा के भीतर तैयार किए जाएँ। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदेय स्थल का चयन निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए तथा सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने संभाजन की पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, एसडीएम सदर लालधर यादव, समाजवादी पार्टी से जफर उल्लाह खां, भाजपा से श्रवण कुमार शुक्ल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से हमजा सफीक, अपना दल से महेन्द्र कुमार वर्मा व निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### करनैलगंज विधायक ने मनाया अपना 43 वाँ जन्मदिन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** भाजपा के करनैलगंज विधायक अजय सिंह ने अपना 43 वाँ जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अपने आवास पर मनाया। जन्मदिन के कार्यक्रम पर उन्हें बधाई देने के लिए काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनके पैतृक आवास परसपुर के कड़रू पहुंच फूलमालाओं से स्वागत कर जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने माला पहनाकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक के प्रतिनिधि सूरज सिंह ने भी आगन्तुकों का धन्यवाद किया।



### 52 दिन से लापता नवविवाहिता का सुराग नहीं डीआईजी से लगाई न्याय की गुहार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** देहात कोतवाली क्षेत्र के सोहसा परसा गांव की 22 वर्षीय नवविवाहिता शारदा उर्फ दुर्गेश देवी पिछले 52 दिनों से रहस्यमय तरीके से लापता हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद पुलिस को अब तक उनका कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। परेशान पिता पुजारी प्रसाद बुधवार को डीआईजी अशोक कुमार शुक्ला से मिले और भावुक होकर बेटी की बरामदगी की मांग की। इससे पहले वह मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में भी गुहार लगा चुके हैं। पुजारी प्रसाद ने अपने दामाद आशीष कुमार और उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बेटी को या तो मार दिया गया है या कहीं छिपा दिया गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, लापता युवती के पति आशीष कुमार ने भी देहात कोतवाली में पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। देहात कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मोबाइल फोन लगातार बंद होने के कारण लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही, जिसके चलते जांच में दिक्कत आ रही है। डीआईजी ने पीड़ित पिता को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। 52 दिन बीत जाने के बाद भी बेटी का पता न चलने से परिवार गहरे सदमे में है।

### सेवानिवृत हुए जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दुबे को दी गई भावभीनी विदाई

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** सरकारी सेवा में जो भी कर्मचारी अधिकारी आता है उसी दिन उस को पता चल जाता है कि किस दिन उस की सेवा का अंतिम दिन होगा जो कर्मचारी अधिकारी अच्छा कार्य करता है उस की कार्य की सराहना उस के जाने के बाद भी होती है। उक्त विचार जिला अधिकारी प्रियंका निरंजन ने जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दुबे के सेवानिवृत विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्हों ने कहा कि अधिकारी का स्थानांतरण होता रहता है किस तरह वह कार्य करता है जिस से उस की लोक प्रियता जनता के बीच बन जाती। अधिकारी शासन के अनुसार ही कार्य करता है। उन्हों ने जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दुबे के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मौजूद लोगों की संख्या बताती है कि इनका कार्य बहुत अच्छा था। विदाई समारोह को जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि मुझे इस जिले में चार साल काम करते हुए बीता गया इस का मुझे पता ही नहीं चला। यहां के कर्मचारियों के द्वारा मुझे बहुत संयोग मिला है जिस से मुझे सरकार की योजनाओं को लागू करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। विदाई समारोह में जिले के अधिकारी से लेकर से लेकर ब्लॉक कर्मचारी ग्राम पंचायत अधिकारी सहायक विकास अधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों में तहर तरह के स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया।सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष प्रदेश प्रभारी राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में जिला पंचायत राज अधिकारी का सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आयोजन वेंकटाचार्य क्लब में किया गया। जिसमें जिले से लेकर प्रदेश के पदाधिकारी एवं जिले के अधिकारी कर्मचारियों ने विदाई समारोह में भाग लिया। ए डी पी आरओ बी एस ए ए डी एम जिला डी पी सी अभय प्रताप उर्फ रमन तरब गंज विधायक प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख मनोज पांडेय अध्यक्ष बसंत लाल गौतम प्रदेश महामंत्री मयंक गौतम प्रदेश कोषाध्यक्ष अजीत कुमार वाल्मीकि प्रदेश संगठन मंत्री श्रवण पाल प्रदेश संप्रेक्षक क्रांति सिंह जिला अध्यक्ष लखनऊ राजू भारती जी, देवीपाटन मंडल अध्यक्ष नरसिंह नरायन पाण्डेय महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरिता कश्यप मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा आरती तिवारी , जिला महामंत्री देवमणि शुक्ला जिला संगठन मंत्री उधवराम राम गौतम , जिला संप्रेक्षक राम रूप वर्मा, शिवराम शुक्ला मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार वर्मा अतुल कुमार तिवारी,सहित आदि लोग मौजूद रहे।



### सामूहिक दुष्कर्म के दो फरार आरोपियों के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

बैंड-बाजे के साथ पहुंची पुलिस, जल्द आत्मसमर्पण करने की दी चेतावनी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस टीम बैंड-बाजे के साथ आरोपियों के घर पहुंची और कुर्की की नोटिस चस्पा करते हुए माइक से सार्वजनिक रूप से उन्हें जल्द आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। मामला नवाबगंज थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव का है। पुलिस के अनुसार, गांव निवासी इरशाद और दिनेश पर आरोप है कि उन्होंने गांव की एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए थे। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया। विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने उन्हें अभियुक्त बनाते हुए न्यायालय में आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल कर दिया। हालांकि, चार्जशीट दाखिल होने के बाद भी दोनों आरोपी लगातार फरार चल रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस ने न्यायालय के आदेश के तहत दोनों आरोपियों के घर पर कुर्की की नोटिस चस्पा की। इस दौरान माइक से घोषणा कर आरोपियों को चेतावनी दी गई कि वे तत्काल पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करें अथवा न्यायालय में सरेंडर करें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने पर आरोपियों की संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।



# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपाइयों ने किया रक्तदान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 53 वें जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी लोहिया वाहिनी द्वारा जिलाध्यक्ष नन्देश्वर नन्द यादव के नेतृत्व में सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले मेडिकल कॉलेज बहराइच पहुँचकर रक्तदान शिविर में हिस्सा लेकर जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान किया। इसके बाद स्थानीय अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती बच्चों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

**मरीजों को फल वितरण कर किया वृक्षारोपण**

कार्यक्रम के तीसरे चरण में शहीद उद्यान में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नन्द यादव ने कहा कि अखिलेश यादव हमेशा समाज सेवा, विकास और पर्यावरण संरक्षण की बात करते हैं। उनके जन्मदिन को जनसेवा दिवस के रूप में मनाते हुए कार्यकर्ताओं ने समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, रक्तदान करने और जरूरतमंदों की सहायता करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला महासचिव मोबीन खान,जिला उपाध्यक्ष आशीष गौरव श्रीवास्तव, इरफान अहमद,अमरदीप सिंह,प्रेम यादव, विष्णु यादव,महबूब अली, रितेश यादव सावन,शेखर यादव, सुनील यादव,रामराज कोरी,रवि सिंह, सुजीत शर्मा, अरुण वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लायंस क्लब आशा के रक्तदान शिविर में 15 लोगों ने किया रक्तदान

- रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है: सुधा टेकडीवाल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




नवीन सत्र की प्रथम सेवा परियोजना के अंतर्गत लायंस क्लब आशा बहराइच द्वारा बुधवार को दरगाह रोड स्थित बजाज कृष्णा ऑटोज परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 15 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुधा टेकडीवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। क्लब अध्यक्ष रुचि पांडेय ने कहा कि लायंस क्लब आशा समाज सेवा के कार्यों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। रक्तदान जैसे आयोजन न केवल जीवन बचाते हैं, बल्कि समाज में सेवा और जागरूकता का संदेश भी देते हैं। डॉ. अभिलाषा वर्मा ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर सचिव कंचन मातन हेलिया, कोषाध्यक्ष संध्या गोयल, डॉ. सुगना वर्मा, डॉ. एस.के. वर्मा, डॉ. राहुल, डॉ. परमजीत कौर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुई बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 की समीक्षा बैठक

- बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों से तीन दिवस के अन्दर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 अन्तर्गत चयनित ग्रामों में विभागीय योजनाओं/ कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 के अन्तर्गत जनपद में कुल 34 ग्रामों का चयन किया गया है जिसमें विकास खण्ड मिहीपुरवां में कुल 31 ग्राम, विकास खण्ड नवाबगंज में कुल 02 ग्राम और विकास खण्ड रिसियां में कुल 01 ग्राम सम्मलित है तथा सेचुरेशन के अन्तर्गत कुल 301 ग्रामों जिसमें वि.ख. मिंहीपुरवा के 118 ग्राम, वि0ख0 नवाबगंज के 95 ग्राम और वि.ख. रिसिया के 88 ग्राम सम्मिलित है। बैठक में सीडीओ द्वारा उपस्थित अधिकारियों की समीक्षा की गयी। जिसमें अनुपस्थित अधिकारियों से तीन दिवस के अन्दर स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में सेचुरेशन के अन्तर्गत चयनित ग्रामों के सत्यापन की सूचना को गृह मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड करने हेतु खण्ड विकास अधिकारी मिंहीपुरवा/ नवाबगंज/ रिसिया को निर्देशित किया गया कि तीन दिवस के अन्दर निर्धारित प्रारूप पर भरकर कार्यालय जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सीडीओ ने गत बैठकों की कार्यवृत्त के अनुपालन की समीक्षा की, जिसमें अधिकाारियों द्वारा कार्यवृत्त का अनुपालन उपलब्ध न कराने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर कार्ययोजना के प्रस्ताव आगणन सहित उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त के साथ ही बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निम्न निर्देश दिये गये। बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 के अन्तर्गत चयनित समस्त ग्रामों के समग्र विकास हेतु सम्बन्धित विभाग द्वारा अपने विभागीय कार्यक्रमों/ योजनाओं को धरातल पर लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करे तथा ग्रामों में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बजट की उपलब्धता है तो उसे विभागीय मद से पूर्ण कराये यदि उक्त कार्य हेतु विभागीय मद में बजट की उपलब्धता नही है तो उस कार्य को बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 के अन्तर्गत कराये जाने हेतु उसका प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप पर सूचना भरकर इस्टीमेट व डीपीआर सहित कार्यालय जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी में तीन दिवस के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 के अन्तर्गत चयनित समस्त ग्रामों में विभागीय कार्यक्रमों/योजनाओं के क्रियान्वयन करने के लिए आवश्यक सरकारी भूमि के चिन्हाकन सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर कार्ययोजना का प्रस्ताव तैयार करना सुनिश्चित करें।

# सपा मुखिया के जन्मदिन पर सपाईयों ने काटा केक, मनाया 54वाँ जन्मदिन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 54वें जन्मदिवस के अवसर पर जिले में सपाईयों ने केक काटकर खुशियां मनाई। कटरा बाजार में हुए एक कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे व कटरा बाजार विधानसभा प्रभारी वकार खां ने लोगों को सम्बोधित किया। बुधवार को कटरा बाजार में वकार खां के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में पहुंचे सपा के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के चित्र के सम्मुख केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चलाने वाले पहले वोट चोरी किया और अब वो अयोध्या में प्रभु श्री राम के घर में नोट चोरी भी करने लगे। 2027 में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। प्रदेश में समाजवादी की सरकार बनते ही उन दबे कुचलो लोगों का उत्थान होगा जिन्हें भाजपा सरकार ने कुचलकर रख दिया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बेरोजगारी अपने चरम सीमा पर है। वहीं शिक्षा का स्तर गिरता ही जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाएं लचर हालत में तो वहीं पूरे प्रदेश मे जनमानस से जुड़ी मूलभूत सुविधाएं दम तोड़ रही है। कार्यक्रम में कटरा बाजार विधानसभा प्रभारी वकार खां ने लोगों से आह्वान किया इस बार 2027 में इस डबल इंजन की सरकार को उखाड़ फेंकना है। इस अवसर पर दद्दन शुक्ला, हनुमान प्रसाद शुक्ल, माधव पासवान, राघवराम पाण्डेय, पवन कुमार पाण्डेय, रामलाल शुक्ल, लल्लन मिश्रा, अर्जुन बाबा समेत तमाम सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# करंट से मिठाई दुकानदार की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** धाने पुर थाना क्षेत्र में एक मिठाई दुकान दार की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। धाने पुर थाना क्षेत्र के शुक्ला गंज त्रिभुवन नगर ग्रट निवासी 45 वर्षीय दीपा शंकर पुत्र सज्जू नंदी गुप्ता मिठाई की दुकान करता था। दोपहर में पंखे से अचानक करंट उतर आया जिस की चपेट में आ गया।इलाज के लिए उस को नजदीकी सी एस सी पर ले गए। चिकित्सक ने मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक दीपा शंकर अपने परिवार के साथ रहता था। घर और दुकान एक में है।उस की मरने की सूचना उस के भाई बालक राम ने पुलिस को दिया।

# आधुनिक तकनीक से होगी भूमि की सटीक पैमाइश

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया डिजी रोवर विशेष अभियान का शुभारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सहारनपुर में प्रदेशव्यापी डिजी रोवर (डिजी रोवर-जीएनएसएस) विशेष भूमि पैमाइश अभियान का शुभारंभ किया।

यह अभियान 01 जुलाई से शुरू होकर 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान सभी तहसीलों में सीमांकन एवं पैमाइश से जुड़े लंबित मामलों का निस्तारण अत्याधुनिक डिजी रोवर (जीएनएसएस) तकनीक के माध्यम से किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में भूमि संबंधी विवादों के त्वरित समाधान और राजस्व सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सटीक एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है।



- तकनीक के माध्यम से भूमि की पैमाइश पहले की तुलना में अधिक सटीक, पारदर्शी व विश्वसनीय होगी : सीएम

मुख्यमंत्री ने सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और मिशन मोड में संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक को अभियान का लाभ निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से मिलना चाहिए। साथ ही अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि पैमाइश की प्रक्रिया पूरी तरह तकनीकी मानकों के अनुरूप हो और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

### डिजी रोवर तकनीक से सीमांकन संबंधी त्रुटियों में कमी आएगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को भूमि से संबंधित सभी सेवाएं सरल, पारदर्शी, समयबद्ध और तकनीक आधारित व्यवस्था के माध्यम से उपलब्ध कराना उत्तर प्रदेश सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक भूमि की पैमाइश पारंपरिक जरीब जैसी विधियों से होती रही, लेकिन बदलते समय और बढ़ते भूमि विवादों को देखते हुए अब आधुनिक तकनीक को अपनाना आवश्यक हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजी रोवर (जीएनएसएस) तकनीक के माध्यम से भूमि की पैमाइश पहले की तुलना में अधिक सटीक, पारदर्शी और विश्वसनीय होगी। इससे सीमांकन संबंधी त्रुटियों में कमी आएगी, भूमि विवादों और अनावश्यक मुकदमेबाजी पर प्रभावी नियंत्रण होगा तथा नागरिकों को समयबद्ध राजस्व सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग सुशासन की दिशा में बड़ा कदम है और इससे राजस्व प्रशासन अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनेगा। राज्य सरकार किसानों एवं आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। भूमि संबंधी विवाद ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से बड़ी चुनौती रहे हैं। डिजी रोवर अभियान के माध्यम से इन विवादों के समाधान की प्रक्रिया में तेजी आएगी और लोगों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर लगाने से भी राहत मिलेगी। सरकार का उद्देश्य केवल लंबित मामलों का निस्तारण करना ही नहीं, बल्कि भविष्य में भी तकनीक आधारित व्यवस्था विकसित कर भूमि संबंधी विवादों को न्यूनतम स्तर तक लाना है।

# सुशासन को नई ऊंचाई देगा अत्याधुनिक प्रशासनिक प्रशिक्षण केंद्र, 3 जुलाई को सीएम करेंगे लोकार्पण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में सुशासन, दक्ष प्रशासन और लोकसेवा की गुणवत्ता को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 जुलाई को 464 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से 22 एकड़ क्षेत्रफल में निर्मित डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के अत्याधुनिक नवीन परिसर का लोकार्पण करेंगे।

आधुनिक प्रशासनिक प्रशिक्षण की वैश्विक आवश्यकता को ध्यान में रखकर विकसित यह परिसर अधिकारियों और कर्मचारियों के क्षमता निर्माण, नेतृत्व विकास तथा तकनीक-सक्षम प्रशिक्षण का यह प्रमुख केंद्र बनेगा। यह अत्याधुनिक परिसर राज्य में क्षमता निर्माण की संस्कृति को मजबूत करेगा।

- 464 करोड़ से 22 एकड़ में विकसित डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी का नया परिसर तैयार

कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्डिंग एवं कोर्स कम्प्लीशन जैसे कार्यक्रमों को भी इससे नई गति मिलने की उम्मीद है। प्रशासनिक दक्षता, जवाबदेही और बेहतर लोकसेवा के लक्ष्य को प्राप्त करने में अकादमी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जीजीसीटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के अत्याधुनिक नवीन परिसर को इस प्रकार विकसित किया गया है कि यहां राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सके। आधुनिक प्रशिक्षण कक्ष, डिजिटल शिक्षण संसाधन, उन्नत ज्ञान सुविधाएं, अत्याधुनिक अधोसंरचना प्रशासनिक प्रशिक्षण को नई दिशा देंगी।

## खबरें एक नजर में

### समिट बिल्डिंग में फर्जी कॉल सेंटर पर पुलिस का छापा, 100 से अधिक हिरासत में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित समिट बिल्डिंग में संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर पर क्राइम ब्रांच ने आधी रात बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया। एडीसीपी क्राइम किरन यादव के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच और कई थानों की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल, सर्वर, हार्ड डिस्क समेत बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए। पुलिस के अनुसार गिरोह विदेशों के नागरिकों को झांसा देकर करोड़ों रुपये की साइबर ठगी करता था। बरामद डिजिटल उपकरणों की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है, जबकि गिरोह के विदेशी संपर्कों, बैंक खातों, डिजिटल वॉलेट और हवाला के जरिए हुए लेनदेन की भी जांच जारी है। पुलिस को इस कार्रवाई से कई बड़े खुलासों की उम्मीद है।

### लखनऊ से नोएडा के लिए उड़ेंगी चार फ्लाइट्स सप्ताह के सातों दिन रहेगी सीधी सेवा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के बीच बुधवार से नियमित हवाई सेवा शुरू हो गई है। इंडिगो एयरलाइन दोनों शहरों के बीच रोजाना चार उड़ानों का संचालन करेगी। नई सेवा शुरू होने से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के साथ-साथ लखनऊ के यात्रियों को तेज और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलेगा। सबसे बड़ी राहत यह होगी कि अब यात्रियों को उड़ान पकड़ने के लिए दिल्ली के एयरपोर्ट तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। नई सेवा को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। इंडिगो के 76 सीटों वाले एटीआर विमान की अधिकांश सीटें पहले ही बुक हो चुकी हैं। नोएडा से लखनऊ आने वाली पहली उड़ान में 72 सीटें और लखनऊ से नोएडा जाने वाली उड़ान में 74 सीटों की बुकिंग हो चुकी है, जिससे इस रूट की मांग का अंदाजा लगाया जा सकता है। इंडिगो की सभी चार उड़ानें सप्ताह के सातों दिन संचालित होंगी। सुबह 6.00 बजे फ्लाइट संख्या 6ई-7624 नोएडा से लखनऊ के लिए रवाना होगी। सुबह 7.40 बजे 6ई-7625 लखनऊ से नोएडा पहुंचेगी। दोपहर 3.05 बजे 6ई-7628 नोएडा से लखनऊ के लिए उड़ान भरेगी। वहीं रात 9.35 बजे 6ई-7629 लखनऊ से रवाना होकर रात 10.50 बजे नोएडा पहुंचेगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आज से जयपुर, चंडीगढ़, भोपाल और देहरादून के लिए भी नियमित दैनिक उड़ानें शुरू हो रही हैं। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के यात्रियों को देश के कई प्रमुख शहरों के लिए बेहतर हवाई संपर्क मिलेगा।

### कार ने सड़क किनारे सो रहे परिवार को कुचला दुकानों के शेड भी टूटे, पांच घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज में मंगलवार की देर रात करीब 2 बजे एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे सो रहे मजदूर परिवार को रौंद दिया। अनियंत्रित कार पहले कई दुकानों के टीन शेड तोड़ते हुए घर के बाहर चारपाई पर सो रहे परिवार में जा घुसी। हादसे में मजदूर दंपत्ति समेत 5 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कार कब्जे में ले ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर पहले सड़क किनारे बनी कई दुकानों के टीन शेड तोड़ती चली गई। इसके बाद उसने वहां खड़ी एक ऑटो और कई ठेलियों को भी टक्कर मार दी। कार आखिरकार घर के बाहर चारपाई पर सो रहे मजदूर परिवार से जा भिड़ी। हादसे में हरिराम (65), उनकी पत्नी रामलली (60), दीपक (30) और एक अन्य व्यक्ति घायल हुए। सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहनलालगंज ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हरिराम मजदूरी करते हैं, जबकि दीपक केले का ठेला लगाकर अपने परिवार का गुजारा करते हैं। घायल मजदूर दंपत्ति ने आरोप लगाया है कि कार सवार शराब के नशे में थे और तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। मोहनलालगंज पुलिस का कहना है कि रात करीब दो बजे एक वेन्यू कार वाहन संख्या (यूपी 32 केयू 3689) अनियंत्रित होकर ऑटो संख्या (यूपी 32 एन 0274) से टकराते हुए कई मकानों से टकरा गई। जिसमें पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक इलाज के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेजा गया है। प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर डॉक्टरों का हुआ सम्मान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर एकाग्रता इंटरनेशनल फाउंडेशन और फीनिक्स पलासियो के संयुक्त तत्वावधान में मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट, अतुलनीय योगदान देने वाले डॉक्टरों को स्मृति चिह्न और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टरों के निस्वार्थ सेवा भाव और समाज के प्रति उनके समर्पण की सराहना करने के लिए मुख्य रूप से फीनिक्स पलासियो के मार्केटिंग हेड विनय सहाने, एकाग्रता इंटरनेशनल फाउंडेशन के राष्ट्रीय समन्वयक हिमांशु पांडेय और मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के पदाधिकारी व चिकित्सक उपस्थित रहे।

# डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए जन सहभागिता जरूरी : ब्रजेश पाठक

- उपमुख्यमंत्री ने लोहिया संस्थान से संचारी रोग अभियान का किया शुभारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में कभी सबसे बड़ी चुनौती रहे इंसेफलाइटिस पर अब लगभग 99 प्रतिशत तक नियंत्रण पाया जा चुका है। वहीं, डेंगू और मलेरिया के मामलों में भी काफी हद तक कमी आई है। हालांकि इन बीमारियों को पूरी तरह नियंत्रित करने के लिए आम जनता की सक्रिय भागीदारी अभी भी सबसे जरूरी है। यह बातें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को संचारी रोग अभियान का प्रारंभ करते हुए कही।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज डॉ. राममनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के एकेडमिक ब्लॉक से संचारी रोग अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार वर्ष में तीन बार संचारी रोग नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान चलाती है। 13 विभागों के समन्वय से व्यापक स्तर पर काम किया जाता है। इसके बावजूद केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। जब तक आम लोग अपने घर और आसपास साफ-सफाई नहीं रखेंगे। मच्छरों के पनपने की परिस्थितियां समाप्त नहीं करेंगे। तब तक इन बीमारियों पर पूरी तरह अंकुश लगाना मुश्किल रहेगा। उन्होंने लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया।





### एमबीबीएस-नर्सिंग छात्रों से किया संवाद

उपमुख्यमंत्री पाठक ने लोहिया संस्थान के एमबीबीएस प्रथम वर्ष और बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई, हॉस्टल और भोजन की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी ली। छात्रों से पूछा कि उन्हें घर की याद तो नहीं आ रही, भोजन कैसा मिल रहा है। हॉस्टल में किसी प्रकार की असुविधा तो नहीं है। छात्रों ने भोजन और हॉस्टल व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। उन्होंने छात्रों से अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करने की अपील करते हुए कहा कि माता-पिता ने बड़ी उम्मीदों के साथ उन्हें यहां भेजा है। यदि विद्यार्थी अपनी आत्मा की आवाज सुनकर ईमानदारी से मेहनत करेंगे तो जीवन की हर चुनौती पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने लोगों से घर और आसपास पानी जमा न होने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सीलन, गंदगी और धूल से दूरी बनाए रखें। भोजन करने से पहले साबुन से हाथ धोने की आदत अपनाएं। साफ और सुरक्षित पानी पीने, बाजार में खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों तथा कोल्ड ड्रिंक के अत्यधिक सेवन से बचें। नियमित व्यायाम भी बहुत जरूरी है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू में प्लेटलेट्स तेजी से कम हो सकती है। इससे मरीज की जान जोखिम में पड़ जाती है। इसलिए बीमारी होने का इंतजार करने के बजाय मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोकना सबसे प्रभावी उपाय है।

# यूपी में लगेंगी एआई सक्षम पोर्टेबल एक्स-रे, एमआरआई व डिजिटल मैमोग्राफी मशीनें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक, सुलभ और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रदेशवासियों को अत्याधुनिक एवं निःशुल्क डायग्नोस्टिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश सरकार के बीच प्रधानमंत्री निधि के तहत एआई-सक्षम पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन, 1.5 टेस्ला एमआरआई एवं डिजिटल मैमोग्राफी टोमोसिंथेसिस (डीबीटी) मशीनों की आपूर्ति, स्थापना एवं संचालन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता जून-26 से मार्च-2036 तक प्रभावी रहेगा। इससे प्रदेश के नागरिकों, विशेषकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके निकट ही आधुनिक रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग सेवाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान संभव होगी, उपचार में होने वाली देरी कम होगी तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने बताया कि यह पहल उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित आधुनिक इमेजिंग तकनीक के उपयोग से कैंसर, क्षय रोग (टीबी), हृदय रोग सहित अन्य गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) का प्रारंभिक चरण में सटीक निदान संभव हो सकेगा। समय पर बीमारी की पहचान होने से मरीजों का उपचार अधिक प्रभावी होगा और मृत्यु दर में कमी लाने में भी सहायता मिलेगी।

# पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के पिता की हत्या में शामिल तीन आरोपित दोषी करार

- 23 साल बाद मिला इंसाफ, 7 जुलाई को होगी सजा
- कोर्ट सात जुलाई को सुनाएगी सजा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर आईपीएस लक्ष्मी सिंह के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रदेव सिंह की हत्या के मामले में कोर्ट ने तीन आरोपितों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने आरोपित विक्रम यादव उर्फ कालिया,पन्ना सिंह और बृजेश यादव को दोषी करार देते हुए सजा की तारीख सात जुलाई तय की है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के पिता व लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रदेव सिंह की आठ अगस्त 2002 को लखनऊ स्थित कैसरबाग क्षेत्र में उस वक्त गोली मारकर हत्या की गई थी जब वे कचहरी से अपने घर स्कूटर से जा रहे थे। रास्ते में दोषी विक्रम ने इंद्रदेव से लिफ्ट मांगी। वरिष्ठ अधिवक्ता जब उसे स्कूट बैठाकर कुछ चले और कांग्रेस नेता स्वरूप कुमार बक्शी के घर के पास विक्रम ने इंद्रदेव की कनपटी पर तमंचा सटाकर उन्हें गोली मार दी थी। इस मामले में उनकी पत्नी नयनतारा ने कैसरबाग थाना में मुकदमा दर्ज कराया था। पूरे मामले की जांच सीबीआई ने की और छानबीन में पता चला है कि सुपारी देकर उनकी हत्या करायी गई है। जांच में सामने आया कि वरिष्ठ अधिवक्ता की हत्या में मुख्य साजिशकर्ता मन्नालाल गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता, विक्रम यादव उर्फ कालिया,बृजेश यादव उर्फ मुन्ना, पन्ना सिंह और छोटेलाल शामिल थे। केस के ट्रायल के दौरान मन्नालाल गुप्ता, वेद प्रकाश और छोटेलाल की मृत्यु हो चुकी है। शेष बचे आरोपितों को विशेष सीबीआई की न्यायाधीश वायु नंदन मिश्रा ने वरिष्ठ अधिवक्ता की हत्या का दोषी माना है। सात जुलाई को इन्हें सजा होगी। 24 साल बाद आए फैसले पर परिवार भावुक हो गया और न्यायालय का आभार प्रकट किया है।

इस दौरान सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक केपी सिंह ने कोर्ट में तमाम साक्ष्य और गवाह पेश किए। वादिनी ओर से अधिवक्ता आरके यादव सीबीआई के अधिवक्ता का सहयोग किया। कोर्ट का फैसला आते ही जमानत पर चल रहे पन्ना सिंह और बृजेश यादव को पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सात तारीख को होने वाली सजा के दौरान तीनों आरोपित कोर्ट में उपस्थित होंगे यह आदेश भी न्यायालय ने दिया है।

# उत्साह व जोश के साथ मनाया अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व पीडीए के जननायक नेता अखिलेश यादव के 53 वें जन्मदिन के अवसर पर आज सपा कार्यकर्ताओं एवं निर्बल विकास जन कल्याण सेवा संस्थान के महासचिव एवं सपा नेता रमेश सिंह रवि ने शिविर कार्यालय सरोजनीनगर स्थित ग्राम सरैया में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया और उनके दीर्घायु की कामना की गई।

इस पुनीत मौके पर पार्टी की 2027 में सपा सरकार बनाने के लिए निर्णायक संघर्ष करने का संकल्प लिया गया, साथ ही शिविर कार्यालय पर पौध लगाकर फल एवं मिष्ठान का वितरण भी किया गया।





संस्थान के पदाधिकारी रमेश सिंह रवि के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं के साथ बुद्धेश्वर मंदिर, साई बाबा मन्दिर, हनुमान सेतु मंदिर, शनि देव मंदिर पर रहने वाले बेघर गरीबों से मिल उन्हें मिठाई, भोजन व कपड़े भेंटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की दीर्घायु की कामना की।

इस अवसर पर नंद किशोर यादव, रामकुमार रावत, अमन सिंह, धीरज सोनकर, रितिक सिंह, सोन गौतम, अभिषेक निगम, ताराचंद वर्मा, राजेश प्रजापति, अंकित कश्यप, अनुज पाल, संतोष विश्वकर्मा, सुलेखा सिंह,खुशी पाल, मंजू शर्मा, अर्चना राजपूत, प्रियंका रावत, राधा वाल्मीकि तारिक अब्दुल्ला, रोहित सोनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# छुट्टियों के बाद स्कूलों में लौटी रौनक, विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में करीब डेढ़ महीने की गर्मी की छुट्टियों के बाद 1 जुलाई से सरकारी और निजी स्कूलों में फिर से रौनक लौट आई। नए सत्र के पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों का तिलक लगाकर और पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। लंबी हॉलिडे के बाद दोस्तों और शिक्षकों से मिलकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, जबकि स्कूल परिसर एक बार फिर बच्चों की चहल-पहल और किलकारियों से गुलजार हो गए।

इसी के साथ प्रदेश सरकार ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए स्कूल चलो अभियान की भी शुरुआत हो गई है।



- तिलक-फूलों से हुआ स्टूडेंट्स का स्वागत

राजधानी में 58 राजकीय, 98 अशासकीय सहायता प्राप्त और 500 से अधिक निजी स्कूल संचालित हैं। इसके अलावा सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के अधिकांश स्कूल भी आज से खुल गए। सुबह 7.30 बजे से स्कूलों में नियमित क्लासेज शुरू हुई। स्कूल खुलने से एक दिन पहले जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) के निर्देश पर सभी विद्यालयों में साफ-सफाई, पेयजल, कक्षाओं और परिसर की व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई थीं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए स्कूल परिसरों में पौधरोपण के निर्देश भी दिए गए हैं। इसी के साथ प्रदेश सरकार के निर्देश पर स्कूल चलो अभियान की भी शुरुआत हो गई है। यह अभियान 1 से 15 जुलाई तक चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना है।

### डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती जन स्वाभिमान दिवस के रुप में मनाएगी अपना दल (एस)

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अपना दल (सोनेलाल) के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती के अवसर पर पार्टी गुरुवार को जन्म जयंती मनाएंगी। इस अवसर पर गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संजय सिंह राठौर की ओर से बुधवार को दी गई। उन्होंने बताया कि पार्टी संस्थापक की जयंती को जन स्वाभिमान दिवस के रुप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी की अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, उप्र सरकार में मंत्री आशीष पटेल का मार्गदर्शन उपस्थित वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मिलेगा।

**तैयारी** | वीबी-जी राम जी एक्ट लागू होने से यूपी के मजदूरों को हर रोज मिलेंगे न्यूनतम 300 रुपये

# अब राज्य में मजदूरी 300 रुपये प्रतिदिन से कम नहीं होगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश की ग्रामीण रोजगार व्यवस्था में 1 जुलाई 2026 से बड़ा बदलाव लागू हो गया है। केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) योजना को आधिकारिक तौर पर लागू कर दिया है। इस नई योजना के तहत अब प्रदेश के पात्र ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिनों की रोजगार गारंटी मिलेगी। इस योजना के समुचित कार्यान्वयन के लिए योगी सरकार ने कमर कस ली है।

करीब 20 वर्षों तक ग्रामीण रोजगार की रीढ़ रहे मनरेगा की जगह अब यह नया ढांचा ले रहा है। यह कानून ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, रोजगार बढ़ाएगा और गांवों में स्थायी विकास कार्यों को गति देगा।

उत्तर प्रदेश देश के सबसे बड़े ग्रामीण आबादी वाले राज्यों में शामिल है, जहां लाखों परिवार रोजगार के लिए मनरेगा पर निर्भर रहे हैं। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि नई योजना लागू होने के बाद यूपी के ग्रामीण मजदूरों को कई बड़े लाभ मिलने वाले हैं। अब प्रदेश के पात्र ग्रामीण परिवारों को सालाना 100 दिनों के बजाय 125 दिनों की रोजगार गारंटी मिलेगी। साथ ही नई व्यवस्था के तहत अब राज्य में मजदूरी 300 रुपये प्रतिदिन से कम नहीं होगी। इससे राज्य के लाखों ग्रामीण मजदूरों को सीधा फायदा मिलेगा। राष्ट्रीय औसत मजदूरी 298.8 रुपये प्रतिदिन से बढ़कर 327.40 रुपये प्रतिदिन हो गई है। योगी सरकार ने बढ़ी हुई मजदूरी देने के लिए सारे प्रबंध पहले से कर रखे हैं। मनरेगा की तुलना में सबसे बड़ा बदलाव जियोस्पेशियल प्लानिंग को लेकर देखा जा रहा है। पहले जहां स्थानीय मांग के आधार पर कार्यों को मंजूरी दी जाती थी, वहीं अब गांवों में सैटेलाइट डेटा, भूमि रिकॉर्ड और बुनियादी ढांचे की जरूरतों के आधार पर वैज्ञानिक तरीके से विकास योजनाएं तैयार की जाएंगी। इन्हीं योजनाओं के अनुसार तय होगा कि सरकारी धन कहां और किस कार्य पर खर्च किया जाएगा। वहीं अब पहले की तरह केवल मांग के आधार पर रोजगार नहीं मिलेगा। प्रदेश के गांवों में पहले से तैयार विकास योजनाओं के आधार पर काम तय किए जाएंगे।



- योगी सरकार ने बढ़ी हुई मजदूरी देने के लिए कर रखे हैं प्रबंध

अब यूपी के गांवों में विकास कार्यों की योजना और निगरानी जीआईएस मैपिंग, सैटेलाइट इमेजरी और डिजिटल प्लानिंग टूल्स के जरिए होगी। इससे काम की गुणवत्ता और पारदर्शिता बढ़ाने का दावा किया जा रहा है। वीबी-जी राम जी एक्ट के तहत उत्तर प्रदेश में ऐसे कार्यों को प्राथमिकता मिलेगी जो लंबे समय तक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करें। इसमें सड़क निर्माण, सिंचाई व्यवस्था, जल संरक्षण परियोजनाएं और स्थायी सामुदायिक इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल है। अब विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं को आपस में जोड़कर परियोजनाओं को लागू किया जा सकेगा। इससे कार्यों के दोहराव को रोका जा सकेगा, संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और विकास कार्यों की दक्षता में सुधार आएगा।

# बीबीएयू व राइट्स लिमिटेड के बीच अवसंरचना विकास परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) लखनऊ ने बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में प्रस्तावित आधारभूत अवसंरचना विकास कार्यों के लिए रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस (राइट्स) लिमिटेड, जो रेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम है, के साथ परियोजना प्रबंधन परामर्श (Project Management Consultancy-PMC) सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। इसके अतिरिक्त मुख्य तौर पर कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह एवं राइट्स लिमिटेड की ओर से ग्रुप जनरल मैनेजर अरुण कुमार जैन उपस्थित रहे। इस समझौते के अंतर्गत लगभग 200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विश्वविद्यालय परिसर में नए शैक्षणिक भवनों, छात्रावासों तथा अन्य संबद्ध आधारभूत अवसंरचना परियोजनाओं के योजना निर्माण, डिजाइन, निविदा प्रक्रिया (टेंडरिंग) एवं क्रियान्वयन के लिए राइट्स लिमिटेड परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाएं प्रदान करेगा। इस पहल से विश्वविद्यालय के भौतिक संसाधनों का विस्तार होगा तथा विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए आधुनिक एवं विश्वस्तरीय शैक्षणिक सुविधाओं के विकास को गति मिलेगी।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के आधारभूत ढांचे के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लगभग 200 करोड़ रुपये की प्रस्तावित विकास परियोजनाओं के माध्यम से विश्वविद्यालय में आधुनिक शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाओं का विकास होगा, जिससे विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को बेहतर शिक्षण और अनुसंधान वातावरण उपलब्ध होगा।

**विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ**

# जनजागरूकता रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में 1 से 31 जुलाई तक संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई तक चलने वाले दस्तक अभियान का शुभारम्भ बुधवार को डीएम द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि विभिन्न विभागों और आमजन की सहभागिता से ही अभियान को सफल बनाया जा सकता है। डीएम ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप नगर विकास, पंचायतीराज, स्वास्थ्य, पशुपालन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, उद्यान, दिव्यांगजन सशक्तीकरण तथा सूचना विभाग के समन्वय से पूरे माह व्यापक जनजागरूकता एवं नियंत्रण संबंधी गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। उन्होंने सभी विभागों को अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करते हुए अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के निर्देश दिए। अभियान के अंतर्गत नगर निकायों द्वारा साफ-सफाई, फॉगिंग, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, खुले में शौच मुक्त वातावरण बनाए रखने तथा मच्छरों की रोकथाम के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम विकास अधिकारियों के नेतृत्व में स्वच्छता, जल निकासी, शुद्ध पेयजल, झाड़ियों एवं तालाबों की सफाई तथा छिड़काव जैसे कार्य कराए जाएंगे। नगर एवं ग्राम स्तर पर गठित निगरानी समितियाँ दिमागी बुखार, वेक्टर जनित एवं जलजनित रोगों के प्रति लोगों को निरंतर जागरूक करेंगी। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पुष्टाहार उपलब्ध कराएगा, जबकि शिक्षा विभाग विद्यालयों में हाथ धोने, शुद्ध पेयजल, क्लोरीनेशन, शौचालय उपयोग एवं स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों और अभिभावकों को जागरूक करेगा। पशुपालन विभाग पशुपालकों को जागरूक करते हुए सुकर बाड़ों को आबादी से दूर स्थापित कराने पर बल देगा। कृषि एवं सिंचाई विभाग जलभराव रोकने, मच्छरों के प्रजनन पर नियंत्रण, नहरों के आसपास सफाई तथा मच्छररोधी पौधों के रोपण को बढ़ावा देगा। स्वास्थ्य विभाग संचारी रोगों एवं बुखार के मामलों की निगरानी, कोविड जांच एवं टीकाकरण, क्षय रोगियों की जांच एवं उपचार, रोगी परिवहन तथा वाहक नियंत्रण गतिविधियों का संचालन करेगा। वहीं उद्यान विभाग सार्वजनिक स्थलों एवं विद्यालयों में मच्छर विकर्षी पौधों का रोपण करेगा तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग दिव्यांग बच्चों के लिए आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने एवं पुनर्वास सेवाओं को सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक सोत नदी का भी पुनरोद्धार किया जाना जरूरी

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शाहजहांपुर जिले के कलान और मिर्जापुर ब्लॉकों से गुजरने वाली सोत नदी एक ऐतिहासिक सहायक नदी है,जो आज लगभग विलुप्त होने की कगार पर है। पर्यावरण संरक्षण और भूगर्भ जलस्तर को बनाए रखने के लिए इस नदी का भी भैंसी नदी की तरह पुनरोद्धार जरूरी हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार सोत नदी का उद्गम स्थल अमरोहा जिले में फैजुल्लह गंजया गांव पीला कुंड बताया गया है। यह नदी अमरोहा शहर से निकलकर जोया, संभल, बिलारी, बिसौली, बिल्सी, सदर तहसील बदायूं से होते हुए शाहजहांपुर जिले की कलान तहसील के मिर्जापुर कलान क्षेत्र से होते हुए फर्रुखाबाद जिले की अमृतपुर तहसील के समीप गंगा में मिल जाती है। सोत नदी की यह विशेषता है कि यह 100 मीटर भी सीधी नहीं चलती,इसलिए इसे कहीं कहीं ष्सांपूष् नदी भी कहा जाता है। यह नदी अपने उद्गम स्थल अमरोहा जिले में गंगा के बाद दूसरी सबसे बड़ी नदी मानी जाती थी। बदायूं और शाहजहांपुर जिलों में तो प्रशासनिक लापरवाही से रसूखदारों ने नदी के प्रवाह वाले क्षेत्र में अवैध कब्जा करके खेती की जा रही है। जिससे यह नदी अब कागजों पर ही बह रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार सोत नदी के पुनर्जीवन के आदेश दिए। जिससे बदायूं जिले में कुछ काम भी हुआ। किंतु शाहजहांपुर जिले में सोत नदी का पुनरोद्धार कागजों में सिमट गया। गंगा समग्र शाहजहांपुर के जिला संयोजक मैथिली शरण गुप्ता उर्फ पिंटू गुप्ता ने सोत नदी के पुनर्जीवित किए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह से वार्ता की,जो सकारात्मक रही। उन्होंने कहा कि सोत नदी के पुनर्जीवित होने से किसानों को फसलों की सिंचाई की सुविधा मिलेगी, भूगर्भ जलस्तर बढ़ेगा, बोरिंग पर निर्भरता घटेगी, वन्यजीव, जंतुओं और पशु पक्षियों की प्यास बुझेगी। जिससे पर्यावरण संरक्षित होगा। पर्यावरण प्रेमियों को चाहिए कि सभी लोग एकजुट होकर सोत नदी के पुनर्जीवित किए जाने की मांग को लेकर अपने अपने जनपदों और तहसील,ब्लॉक मुख्यालयों पर ज्ञापन दें। तभी मृत प्राय हो चुकी सोत नदी को पुनर्जीवित किया जा सकता है।

## खबरें एक नजर में

### नाला बंद होने से कोरोकुइया गांव में बाढ़ जैसे हालात, घरों में घुसा पानी



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** बारिश होने से कोरोकुइया गांव में नाला बंद होने से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। जल निकासी बाधित होने के कारण गांव की गलियों और आसपास पानी भर गया है। सबसे अधिक समस्या बैंक के समीप वाली गली में देखने को मिल रही है, जहां सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई है और तेज बहाव के कारण नाले जैसा दृश्य दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनुस खां, आसिफ खां समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के कारण जलभराव की स्थिति बेहद भयावह हो गई है। गली में तेज बहाव होने से पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है, जबकि बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंद पड़े नाले की तत्काल सफाई कराने और जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो लगातार बारिश से स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### दबंगों ने पीट कर नकदी, बाइक छीनी, सीओ से शिकायत

**पुवायां, शाहजहांपुर।** बंडा क्षेत्र के ग्राम ररुआ में दबंगों ने एक युवक को मारा पीटा और नगदी सहित मोटरसाइकिल छीनी कई दिन पूर्व थाने पर तहरीर देने के बाद भी बंडा पुलिस ने पीड़ित को मोटरसाइकिल व नगदी दिलाना मुनासिब नहीं समझा, दर–दर की ठोकरें खाने के बाद लाचार होकर पीड़ित ने सीओ से न्याय की गुहार लगायी है। गांव ररुआ निवासी पप्पू वर्मा ने सीओ को पत्र देकर बताया की 21 जून को गांव के ही रहने वाले कुछ दबंग लोग सड़क पर चारपाई डालें बैठे थे जब मै उधर से निकला तो रास्ते में पड़ी चारपाई को लेकर कहासुनी हो गई इसी दौरान उन लोगों ने गालियां देते हुए बेरहमी से मारा पीटा, मारपीट के दौरान उन्होंने हमारी जेब में रखें 36 हजार रुपए छीन लिये, एवं हमारी मोटरसाइकिल अपने घर पर खड़ी कर ली। जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की लेकिन जब कोई कार्यवाही नही हुई तो सीओ को पत्र देकर न्याय दिलाने की मांग की।

### नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी नाबालिग बेटी 27 जून को घर से लापता हो गई। आरोप है कि जनपद पीलीभीत के थाना करेली क्षेत्र के गांव तिलछी निवासी शिवम वर्मा उनकी बेटी को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने रिश्तेदारी समेत संभावित स्थानों पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं लग सका। पिता ने यह भी बताया कि बेटी के पास मोबाइल फोन है, फिर भी उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि किशोरी की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### ग्राम प्रधान की 4 भैंस और एक बकरी की मौत

**कांट, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम पुरैना निवासी ग्राम प्रधान पति धर्मेंद्र कुमार की रहस्य में परिस्थितियों में चार भैस और एक बकरी की मौत हो जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पुरैना निवासी प्रधान पति धर्मेंद्र पुत्र विश्राम ने थाना जलालाबाद में सूचना देकर बताया कि 30 जून 2026 को उनकी चार भैंस और एक बकरी की अचानक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रोजनामचा में प्रविष्टि दर्ज की।थाना जलालाबाद की ओर से पशु चिकित्साधिकारी को पत्र भेजकर मृत पशुओं का नियमानुसार जल्द पोस्टमार्टम कराने और विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके और आगे आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके। एक साथ पांच पशुओं की मौत से ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। अब सभी की नजर पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत बीमारी, जहरीले पदार्थ या किसी अन्य कारण से हुई। वही ग्राम प्रधान पति धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यहां हमारे साथ रंजिश के तहत किया गया है। अगला टारगेट हमारी गौशाला भी हो सकती है जिससे हमें फसाया जा सके जब मेरे घर के जानवर के साथ ये हरकत है तो गौशाला तो कम सुरक्षित है घर के अपेक्षा।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम शाहजहांपुर के 2 खिलाड़ी स्पोर्ट्स हॉस्टल में चयन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



चयन प्रक्रिया में सबसे पहले जिला स्तर ट्रायल में सफल हुए खिलाड़ी उसके बाद इन्हीं खिलाड़ियों ने मंडल स्तर ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन करके फाइनल ट्रायल स्टेट ट्रायल में अपना प्रदर्शन कर पसीना बहाकर 15 दिवसीय सेंटर कोचिंग कैंप के लिए चयनित हुए तब जाकर फाइनल लिस्ट में इन खिलाड़ियों का नाम अंकित हुआ। जिला खेल अधिकारी ने खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए अपनी प्रसन्नता जाहिर की बच्चों को हॉस्टल के लिए माला पहनकर विदा करते हुए क्रीड़ाधिकारी ब समस्त प्रशिक्षक,मुजाहिद अली हॉकी प्रशिक्षक ,पंकज कुमार फुटबॉल प्रशिक्षक, सकील अहमद हॉकी प्रशिक्षक निशांत कुमार कबड्डी प्रशिक्षक, इरफान अहमद क्रिकेट प्रशिक्षक, अजयपाल वर्मा भारोत्तोलन सभी बधाई दी। जनपद के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर स्पोर्ट्स हॉस्टल में चयनित होकर जिले का गौरव बढ़ाया है। जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि इस अभूतपूर्व सफलता के पीछे डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह का विशेष मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी सहयोग रहा है। उनके प्रयासों से खिलाड़ियों को पूरे वर्ष नियमित रूप से सुबह की पौष्टिक डाइट, बेहतर खेल सुविधाएं एवं गुणवत्तापूर्ण खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का श्रेष्ठ अवसर मिला। डीएम के निर्देशन में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं एवं चयन प्रक्रियाओं के संबंध में निरंतर मार्गदर्शन दिया गया। खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किए गए इन प्रयासों का परिणाम आज पूरे जनपद के सामने एक बड़ी उपलब्धि के रूप में दिखाई दे रहा है। वहीं खेल प्रशिक्षकों ने भी अपने खिलाड़ियों को पूरी निष्ठा, समर्पण और अथक परिश्रम के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया। खिलाड़ियों की सफलता में प्रशिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण एवं सराहनीय रहा है। उनकी मेहनत और खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प ने शाहजहांपुर को यह गौरवपूर्ण उपलब्धि दिलाई है। स्पोर्ट्स हॉस्टल हेतु चयनित खिलाड़ी में राम प्रताप शर्मा फुटबॉल व वर्षा मौर्य का नाम शामिल है।

# 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार हुआ लेखपाल

- **सदर तहसील में तैनात था लेखपाल योगेश, जमीन संबंधी मामले में मांगी थी रिश्वत**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली की टीम ने बुधवार को शाहजहांपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए सदर तहसील में तैनात एक लेखपाल को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लेखपाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। उत्तर प्रदेश शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पुलिस महानिदेशक, पुलिस उपमहानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में बरेली इकाई की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। बताया गया कि सदर तहसील में तैनात लेखपाल योगेश कुमार तिवारी, पुत्र दिनेश तिवारी, निवासी गोकुलपुरी, उत्तर-पूर्वी दिल्ली, एक भूमि विवाद से जुड़े प्रकरण में कार्रवाई करने के नाम पर शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। शिकायत मिलने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने मामले का सत्यापन कराया और शिकायत सही पाए जाने पर ट्रैप की योजना बनाई। बुधवार दोपहर करीब 12.37 बजे टीम ने शाहजहांपुर बाईपास फ्लाईओवर के नीचे आरोपी लेखपाल को शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते ही रंगे हाथ दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की गई और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए। भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सरकारी कर्मचारी द्वारा रिश्वत मांगने या भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायत मिलने पर आम नागरिक सीधे संगठन से संपर्क कर सकते हैं। विभाग ने लोगों से अपील की है कि भ्रष्टाचार के मामलों में बिना किसी भय के शिकायत करें, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। इस कार्रवाई को शासन की भ्रष्टाचार के प्रति सख्त नीति का हिस्सा माना जा रहा है और इससे सरकारी विभागों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# रोटरी क्लब की आम सभा आयोजन शाह क्लब में संपन्न



**शाहजहांपुर।** एक आम सभा रोटरी क्लब शाहजहांपुर का आयोजन शाह क्लब में किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सन 2026-27 के सर्वसम्मति से चुना गया। इस क्रम में अध्यक्ष पद हेतु 1 जुलाई से रोहित गोयल को पूर्व अध्यक्ष सुनील शर्मा एवं सुमन चन्द्र गुप्ता ने फूल माला एवं कालर पहनाकर सम्मानित किया। इसी के साथ सचिव ललित गर्ग ने नवनिर्वाचित सचिव डा. गौरव कौशल को पिन लगाकर सम्मानित किया। सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। सभा में सदस्यों द्वारा गीत, भजन, चुटकुला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सुनील शर्मा, जय अग्रवाल, अतुल मेहरोत्रा, रोहित गोयल, सुनीता गर्ग ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभा का संचालन रीना अग्रवाल ने किया। सभा में अतुल मेहरोत्रा, सुनील शर्मा, जय अग्रवाल, डा. गौरव कौशल, विकास अग्रवाल, अश्वनी ब्रिज, रोहित गुप्ता, अशोक खन्ना, सुमन चन्द्र गुप्ता, निर्मल कुमार कंचन खन्ना, मंजुला शर्मा, सरिता अग्रवाल, डा. अंचल कौशल, करमजीत कौर, बसु गोयल, गीता गुप्ता, पूनम रानी आदि उपस्थित रहे।

# ऐप्जा की तहसील कार्यकारिणी का गठन

- **नीरज मिश्रा संरक्षक, रवि पाण्डेय अध्यक्ष एवं आदेश दीक्षित को तहसील महामंत्री का दायित्व**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को पुवायां ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया। जिसमें पत्रकारों को नवीन दायित्व दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुराग सारथी ने संगठन की मजबूती, पत्रकारों की एकजुटता और निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता की आवश्यकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। नगर के ब्लॉक सभागार में आयोजित आल इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन बैठक के मुख्य अतिथि अनुराग सारथी का पत्रकारों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। तथा सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। संगठन द्वारा नीरज मिश्रा को तहसील संरक्षक, रवि पाण्डेय को तहसील अध्यक्ष, आदेश दीक्षित को तहसील महामंत्री, अतुल मिश्रा को संगठन प्रभारी, श्री प्रकाश मिश्रा को तहसील उपाध्यक्ष, अंकित पांडे को सचिव, अरुण शंकर दीक्षित को मंत्री, सोनू मिश्रा को उपाध्यक्ष एवं गोविंद वीर सिंह को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। इसके अलावा अन्य सदस्यों को भी उनकी योग्यता एवं संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए विभिन्न दायित्व दिए गए। मुख्य अतिथि अनुराग सारथी ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का सशक्त चैथा स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों का दायित्व केवल समाचार प्रकाशित करना ही नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं को निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ शासन-प्रशासन तक पहुंचाना भी है। उन्होंने सभी पत्रकारों से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। बैठक में पत्रकारों के हितों की सुरक्षा, संगठन के विस्तार, पत्रकारों के अधिकारों तथा भविष्य की कार्ययोजना पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित पत्रकारों ने संगठन को मजबूत बनाने और आपसी सहयोग के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित पत्रकारों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पति सुरजन लाल, सौरभ त्रिवेदी, अश्वनी शुक्ला, अजय त्रिवेदी, अरुण शंकर, शीबू अंसारी, अंकित पांडे, सोनू मिश्रा सहित क्षेत्र के अनेक पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### फंदे से लटकता मिला महिला का शव



**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार शाम एक विवाहिता ने एक शव फंदे पर लटका मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा चंदू निवासी मनसुख ने अपनी 24 वर्षीय बेटी सीता देवी की शादी करीब आठ वर्ष पहले गांव ढकिया बुजुर्ग निवासी शिशुपाल पुत्र कालिका से की थी। दंपती का पांच वर्षीय बेटा अभि है। परिजनों के मुताबिक, सीता सोमवार को अपने मायके भटपुरा चंदू गांव गई थी और मंगलवार दोपहर ही ससुराल लौटी थी। शाम करीब छह बजे सीता अपने कमरे में गई। इसके बाद ससुराल वाले जब कमरे में पहुंचे तो उसका शव फंदे पर लटका मिला। ससुराल पक्ष ने पुलिस को सूचना देने से पहले शव को नीचे उतार लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और मायके पक्ष मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का है। मायके पक्ष ने प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं, लेकिन अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वन महोत्सव का हुआ आगाजः 151 पौधों के रोपण के साथ शुरू हुआ वन महोत्सव

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में वन महोत्सव-2026 का शुभारम्भ विकास खण्ड ददरौल स्थित प्राथमिक विद्यालय राईखेड़ा में उत्साह एवं जनसहभागिता के साथ किया गया। कार्यक्रम में 151 विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का रोपण कर हरित भविष्य का संकल्प लिया गया। विद्यालय परिसर ष्एक पेड़ माँ के नामष्, ष्पर्यावरण बचाओ देश बचाओ एवं हरित शाहजहाँपुर स्वच्छ शाहजहाँपुर जैसे नारों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रामपाल ने आम का पौधा रोपित कर सभी से अधिक से अधिक देशी आम के पौधे लगाने एवं उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि फलदार वृक्ष न केवल पर्यावरण को समृद्ध बनाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पोषण, छाया और जैव विविधता का आधार भी बनते हैं। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के अंतर्गत पौधरोपण करते हुए कहा कि जिस प्रकार माँ हमें जन्म देकर जीवनभर स्नेह, सुरक्षा और संस्कार प्रदान करती हैं, उसी प्रकार धरती माँ पर लगाए गए वृक्ष हमें प्राणवायु, शुद्ध जल, संतुलित जलवायु तथा जीवन का आधार प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह केवल पौधा लगाए ही नहीं, बल्कि उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित भी करे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष वन विभाग द्वारा ष्आम भंडारा कृ आम बहार-आपके द्वारष् नामक एक अभिनव जन-अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक गांव, विद्यालय, पंचायत एवं सार्वजनिक स्थल पर देशी आम के पौधों का व्यापक रोपण कर उन्हें जनभागीदारी के माध्यम से संरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भविष्य में हर घर, हर गांव और हर विद्यालय तक देशी आम की हरियाली पहुँचाने का प्रयास बनेगा। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा आने वाली पीढ़ियों को फलदार वृक्षों की अमूल्य विरासत प्राप्त होगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान को एक जन-आंदोलन का स्वरूप दें और अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, पारिवारिक एवं सामाजिक आयोजनों सहित प्रत्येक शुभ अवसर पर कम से कम एक देशी आम का पौधा अवश्य लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि ष्आम भंडारा कृ आम बहार-आपके द्वारष् केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का उत्सव है। उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने कदम्ब का पौधा रोपित करते हुए विद्यार्थियों को पौधों की नियमित देखभाल के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल के पर्यावरण प्रहरी हैं और यदि उनमें प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित की जाए तो भविष्य सुरक्षित एवं हरित होगा।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थियों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने कंजी, जंगल जलेबी, आम, अमरूद, अकेशिया ऑरिकुलीफॉर्मिस, कदम्ब सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। क्षेत्रीय वनाधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए वन विभाग के पौधरोपण एवं संरक्षण कार्यक्रमों में निरंतर सहयोग की अपील की। वहीं वन दरोगा सुशील कुमार ने विद्यार्थियों को पौधरोपण की वैज्ञानिक एवं तकनीकी विधियों की जानकारी देते हुए पौधों की सिंचाई, सुरक्षा एवं रखरखाव के व्यावहारिक उपाय बताए। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, वन दरोगा, वन रक्षक, विद्यालय परिवार तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### वन महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**शाहजहांपुर।** 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 1 जुलाई को शहर के मोहल्ला भारद्वाजी (मंडी) में नगर निगम द्वारा आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में नगर निगम से महाप्रबंधक जल उद्यान प्रभारी विजय नारायण मौर्य, सहायक अभियंता जल रवि कुमार विश्वकर्मा व क्षेत्रीय पार्षद सीमा सारस्वत की उपस्थिति में गांधी पार्क में पर्यावरण को सरंक्षित करने हेतु विभिन्न प्रजातियों के पौधो को रोपित किया गया। इस अवसर पर सभी से एक पेड़ मां के नाम पौधों को रोपित करने तथा उन्हें सरंक्षित करने की अपील की गई। वन महोत्सव कार्यक्रम में क्षेत्र के संभ्रांत लोगो ने प्रतिभाग कर पौधों को रोपित किया गया।

### कमलेश गुप्ता बने राइस मिलर्स एसो. के प्रदेश उपाध्यक्ष



**तिलहर – शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय शुक्ला ने तिलहर नगर के प्रमुख उद्योग पति मैसर्स एस के इंडस्ट्रीज के स्वामी कमलेश गुप्ता पप्पू को प्रदेश कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष नामित किया है। इस मौके पर राइस मिलर्स समेत तमाम व्यापारियों ने उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। हर्ष व्यक्त करने बालों में देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट, व्यापार मंडल मिश्रा गुट के नगर अध्यक्ष हितेश गुप्ता, व्यापार मंडल कंछल गुट के नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, सत्य प्रकाश आर्य, प्रमोद गुप्ता डब्लू, पंकज गुप्ता, प्रदीप गुप्ता सराफ, अनूप अग्रवाल समेत तमाम लोग शामिल है।

### स्वास्थ्य सेवा में अमूल्य योगदान देने वाले चिकित्सक सम्मानित

**चिकित्सक ईस्वर का रुप है जो कि लोगों को नया जीवन देने का प्रयास करते है: नरेन्द्र त्यागी**



**रोजा, शाहजहांपुर।** स्वास्थ्य सेवा में अमूल्य योगदान करने वाले चिकित्सको को युवा चेतना मंच ने डाक्टर डे के अवसर पर माल्यार्पण कर तथा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने कहा कि चिकित्सक ईस्वर का रूप है जो कि लोगो को नया जीवन देने का प्रयास करते है। डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में भारतीय युवा चेतना मंच –शाहजहांपुर ने चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जनपद के पांच प्रसिद्ध चिकित्सकों डॉ, सत्य प्रकाश मिश्रा,डॉ हर्षित रेलवे रोजा, डॉ विजय पाठक, डॉ यूडी कपूर, डॉ कीर्ति टंडन को उनके चिकित्सालय में टीम सहित पहुंच कर सम्मानित किया । इस अवसर पर संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष नरेंद्र कुमार त्यागी ने सभी डॉक्टर्स को डॉक्टर्स डे की बधाई देते हुए स्वास्थ्य के प्रति उनके अमूल्य योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉक्टर धरती पर ईस्वर का रूप है। मंच के संयोजक प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया कि भारतीय युवा चेतना मंच हमेशा चिकित्सको का सम्मान करता है। सत्यप्रकाश मिश्रा ने भारतीय युवा चेतना मंच का आभार प्रकट करते हुए संगठन की सराहना की। डॉ यू डी कपूर ने सभी के स्वस्थ रहने की कामना करते हुए मंच का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ कृति टण्डन ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर महिलाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। डॉ हर्षित ने सम्मानित होते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मान से नई ऊर्जा मिलती है। इस अवसर पर आशु पंडित, रामरक्ष पाल, प्रदीप दीक्षित गोपाल कृष्ण वर्मा, जयपाल सिंह, चिनमय त्यागी, प्रणव किशन त्यागी, रविंद्र सर, मयंक मिश्रा, सुमन, नवजोत वर्मा, मुकेश कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार योगेंद्र किशन त्यागी आदि मौजूद रहे।

### शंकराचार्य का बड़ा बयान: गौ हत्यारे मुस्लिम नहीं, हिन्दू ही हैं जो गौमाता के नाम पर वोट मांगते हैं रक्षा नहीं करते है



**पीलीभीत।** गौमाता के संरक्षण और हिन्दू अस्मिता को लेकर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने तीखा रुख अपनाया है। उनके कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जहां उन्होंने साफ कहा कि गौमाता की हत्या करने वाले मुस्लिम नहीं बल्कि हिन्दू ही हैं, जो गौमाता के नाम पर वोट मांगते हैं लेकिन उसकी रक्षा नहीं करते ।शंकराचार्य ने पूरनपुर में गौशाला निर्माण का प्रस्ताव रखा, जिस पर स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा निर्माण एवं रखरखाव की संतुष्टि जताई गई। इस दौरान अनिल पांडेय ने गौशाला परियोजना को लेकर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। अबकी बार वोट उसी को, जो गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित करेगा कार्यक्रम में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा, अबकी बार वोट उसी को दिया जाएगा पहले जो गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करेगा। उन्होंने लोगों को शपथ भी दिलाई कि गौमाता की रक्षा बिना किसी समझौते के होनी चाहिए ।इस बयान के बाद स्थानीय भाजपा नेताओं में खलबली मच गई है। कार्यकर्ता और स्थानीय नेता इस बात को लेकर चिंतित हैं कि यदि जनता शंकराचार्य के आह्वान पर मतदान करती है तो आगामी चुनाव में भाजपा को बड़ा नुकसान हो सकता है। लोगों का कहना है कि गौमाता के नाम पर वर्षों से वोट लिए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर संरक्षण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए ।गौ रक्षा 1ह्य वोट की राजनीतिशंकराचार्य के इस सख्त रुख ने हिन्दू समाज के एक बड़े वर्ग में चर्चा छेड़ दी है। कई लोग इसे केवल चुनावी बयान नहीं, बल्कि गौमाता के प्रति सच्ची चिंता मान रहे हैं। वहीं विपक्षी दलों ने भी इसे भाजपा पर हमला बताते हुए अपना पक्ष रखना शुरू कर दिया है। पूरनपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में इस कार्यक्रम का असर काफी गहरा दिख रहा है। आगामी चुनावों में गौमाता का मुद्दा कितना निर्णायक साबित होता है, यह देखना रोचक होगा।

### दो बहनों ने भाई के खिलाफ दी छेड़खानी की तहरीर

**तिलहर–शाहजहांपुर।** बीती रात दो सगी बहने फटे हाल कोतवाली पहुंची और सगे भाई पर छेड़खानी व अश्लील हरकतें करने का आरोप मढ़ते हुए नामजद तहरी दी। वहीं आरोपी की पत्नी ने दोनों ननद पर उसे मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। मोहल्ला घेरचौवा निवासी दो सगी बहनों ने पुलिस को बताया कि उसका भाई उसके कमरे में घुस आया और अश्लील हरकतें करने लगा। जबकि दूसरे भाई व भाभी ने उस पर धारदार हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया। जिसकी नामजद तहरीर दी। उधर उक्त लड़कियों की भाभी ने भी उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल करने की तहरीर दी है ।कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल करते हुए उसका मेडिकल कराया है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

---

**राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस**

# सीएमओ को रेड क्रॉस ने किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा का शॉल ओढ़ाकर, पुष्पमाला व रेड क्रॉस मेडल पहनाकर, स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी द्वारा सा सम्मान सादर प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति-पत्र में डॉ. विवेक कुमार मिश्रा के जनपद में उत्कृष्ट स्वास्थ्य प्रबंधन, जनकल्याणकारी स्वास्थ्य सेवाओं के कुशल संचालन तथा स्वास्थ्य विभाग एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित कर मानव सेवा के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई। अपने संबोधन में डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी मानवता, सेवा और समर्पण का सशक्त प्रतीक है। रेड क्रॉस द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान अभियान, आपदा राहत, जन-जागरूकता एवं अन्य मानवीय सेवाएं समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और रेड क्रॉस का यह समन्वय भविष्य में भी जनहित में और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करता रहेगा।

रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि डॉ. विवेक कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन एवं सहयोग से जनपद में अनेक स्वास्थ्य एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हुए हैं। उनके सहयोग से रेड क्रॉस की मानवीय सेवाओं को नई गति, नई ऊर्जा और व्यापक जनविश्वास प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. विवेक कुमार मिश्रा की जनस्वास्थ्य के प्रति समर्पित सेवाओं तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित मानवतावादी कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए जनहित में ऐसे समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी उस्मान अली खान, डॉ मसरूर अहमद, डॉ मुजीब खान, जिलाअध्यक्ष मुरारी दीक्षित, आशीष श्रीवास्तव, बालकृष्ण पांडे, बृजेश गुप्ता, रवि बाबू, अवनीश सक्सेना, नवजोत सिंह आदि शामिल रहे है।

### डॉक्टर धरती पर ईश्वर का रूप

**शाहजहांपुर।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में भारतीय युवा चेतना मंच ने चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जनपद के पांच प्रसिद्ध चिकित्सकों डा. सत्य प्रकाश मिश्रा, सत्यानद अस्पताल, डा. हर्षित रेलवे रोजा, डा.विजय पाठक सारस्वत चिकित्सालय, डा. यूडी कपूर कपूर अस्पताल, डा. कीर्ति टंडन टण्डन नर्सिंग होम को उनके चिकित्सालय में टीम सहित पहुंच कर सम्मानित किया । इस अवसर पर संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष नरेंद्र कुमार त्यागी ने सभी डॉक्टर्स को डॉक्टर्स डे की बधाई देते हुए स्वास्थ्य के प्रति उनके अमूल्य योगदान के लिए बधाई दी उन्होंने कहा कि डॉक्टर धरती पर ईश्वर का रूप है ।मंच के संयोजक प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया कि भारतीय युवा चेतना मंच हमेशा चिकित्सको का सम्मान करता है। इस अवसर पर डा. विजय पाठक ने अवगत कराया कि प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बंगाल के प्रसिद्ध चिकित्सक डा.बिधान चंद्र रॉय का जन्मदिन 1 जुलाई 1882 में हुआ था। उन्होंने आपात स्थिति में भी रोगियों की समर्पण भाव से सेवा की ।उनको 1961 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया, इसलिए सरकार ने 1 जुलाई को ही डॉक्टर्स डे की शुरुआत की। डा. सत्यप्रकाश मिश्रा ने



भारतीय युवा चेतना मंच का आभार प्रकट करते हुए संगठन की सराहना की डा. यूडी कपूर ने सभी के स्वस्थ रहने की कामना करते हुए मंच को धन्यवाद कहा. डा. कृति टण्डन ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर महिलाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। डा. हर्षित ने सम्मानित होते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मान से नई ऊर्जा मिलती है। इस अवसर पर आशु पंडित, रामरक्ष पाल, प्रदीप दीक्षित गोपाल कृष्ण वर्मा, जयपाल सिंह, चिनमय त्यागी, प्रणव किशन त्यागी, रविंद्र सर, मयंक मिश्रा, सुमन, नवजोत वर्मा, मुकेश कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार योगेंद्र किशन त्यागी आदि साथ रहे।

### एसडीएम ने थाने का किया निरीक्षण, अभिलेखों को जांचा, सब कुछ ठीकठाक



**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** बीते दिवस उपजिलाधिकारी कलान अभिषेक प्रताप सिंह ने मिर्जापुर थाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सबकुछ ठीक पाया गया। उन्होंने लंबित प्रकरणों,जनशिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने थाना कार्यालय, अभिलेख, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार, आगंतुक कक्ष, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं जनशिकायत रजिस्टर, एफआईआर रजिस्टर, वाहन सीज रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, अन्य प्रशासनिक एवं लेखा संबंधी रजिस्टर का अवलोकन किया गया। उपजिलाधिकारी ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने, शासन की प्राथमिकताओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने तथा थाना आने वाले फरियादियों की शिकायतों का निष्पक्ष, संवेदनशील एवं समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की स्वच्छता एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव पर आवश्यक सुधारात्मक निर्देश भी दिए गए।

## जयेंद्र कुमार दीक्षित का पी.एच.डी. वाइवा सफल, उपाधि के लिए संस्तुति

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सिधौली क्षेत्र के गांव गोरा रायपुर निवासी शोधार्थी जयेंद्र कुमार दीक्षित का पीएच.डी. वाइवा-वॉइस 30 जून को एम.जेपी. रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के शोध निदेशालय में विश्वविद्यालय की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वाइवा के उपरांत बाह्य परीक्षक ने उनके शोधकार्य की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय के नियमानुसार उन्हें पीएच.डी. उपाधि प्रदान किए जाने की संस्तुति की।

जयेंद्र कुमार दीक्षित ने स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय, शाहजहांपुर के अंग्रेजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अरुण कुमार यादव के निर्देशन में टोनी मॉरिसन के उपन्यासों में अफ्रीकी-अमेरिकी लोकसाहित्य एवं मौखिक परंपराओं का अध्ययन विषय पर अपना शोधकार्य पूरा किया। उनका शोध अफ्रीकी-अमेरिकी साहित्य, लोकसाहित्य और मौखिक परंपराओं के अध्ययन पर केंद्रित है। वाइवा-वॉइस परीक्षा के बाह्य परीक्षक



लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. रविन्द्र प्रताप सिंह रहे। उन्होंने शोध की मौलिकता, विषय की समकालीन प्रासंगिकता, अनुसंधान पद्धति तथा निष्कर्षों का विस्तार से परीक्षण किया। इस दौरान शोधार्थी ने अपने शोध के प्रमुख निष्कर्ष, उसकी उपयोगिता और अकादमिक महत्व को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया तथा परीक्षक के सभी प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए। बाह्य परीक्षक ने शोधकार्य की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए इसे अंग्रेजी साहित्य, विशेषकर अफ्रीकी-अमेरिकी साहित्य एवं लोकसाहित्य अध्ययन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान बताया। उन्होंने कहा कि यह शोध भविष्य के शोधार्थियों और साहित्य के विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी एवं शोध छात्र उपस्थित रहे। सभी ने शोध विषय पर सार्थक अकादमिक चर्चा की। वाइवा सफलतापूर्वक संपन्न होने पर शोधार्थी जयेंद्र कुमार दीक्षित ने अपने शोध-निर्देशक डॉ. अरुण कुमार यादव, बाह्य परीक्षक, विश्वविद्यालय प्रशासन तथा उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्वानों के प्रति मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## छात्रों ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सिंधौली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तेरा के छात्रों ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर कक्षा एक और छः में नामांकन कराने की अपील की। बुधवार को स्कूली बच्चों ने द्वितीय चरण की गांव में रैली निकाली। चलो-चलो स्कूल चलो, सब बच्चे स्कूल चलो एवं शिक्षा है अनमोल रतन, पढ़ने का सब करो जतन के नारे गांव की गलियों में गूंजे। इससे पहले प्रार्थना सभा में प्रधानाध्यापक सरताज अली ने संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के तहत रोग से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दूषित पानी पीने से बहुत सी बीमारियां होती हैं। इसलिये हमें चाहिए कि शुद्ध जल का सेवन करें। सरताज अली ने कहा कि खुले में शौच बिल्कुल नहीं करें।




इससे वातावरण दूषित होता है। साथ ही खाना खाने से पहले व शौच के बाद साबुन से और सुमंक तरीके से हाथ जरूर धोएं। सहायक अध्यापक दीपा पूनिया ने कहा कि सभी बच्चे यूनीफार्म पहनकर आएं स्कूल आएं। जिन बच्चों की उम्र छः वर्ष हो गई है और उनका नाम स्कूल में नहीं लिखा है, वे अपना नामांकन विद्यालय में अवश्य कराएं। इस मौके पर सारिका गुप्ता, राम नरायन, आनंद, विशाल, आरके गौतम, प्रांशू, शगुन, नीलम, काजल, नीलेश, रैन्स, अनु, सौरभ, अहम, बरून, यस बाबू, प्रज्ञा, आयुष, मानसी, कार्तिक, साक्षी आदि मौजूद रहे।

## गहने देखने के बहाने ज्वेलर्स की दुकान से आभूषण लेकर फरार हुआ युवक

**खुटार, शाहजहांपुर।** नगर के तिकुनिया चैराहा स्थित गौरव ज्वेलर्स पर गहने देखने के बहाने आए एक युवक ने दुकानदार को झांसा देकर करीब 60 हजार रुपये से अधिक कीमत के आभूषण चोरी कर लिए और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर खुटार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। दुकान संचालक के अनुसार युवक ग्राहक बनकर दुकान पर आया था। उसने विभिन्न प्रकार के आभूषण देखने की बात कही। दुकानदार जब उसे अलग-अलग गहने दिखाने में व्यस्त था, तभी युवक मौका पाकर कुछ आभूषण लेकर वहां से निकल गया। कुछ देर बाद जब आभूषणों का मिलान किया गया तो चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। दुकान मालिक का कहना है कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत 60 हजार रुपये से अधिक है। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में युवक की गतिविधियां स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। साथ ही वह जिस दोपहिया वाहन से आया था, उसकी नंबर प्लेट दिखाई नहीं दे रही है, जिससे उसकी पहचान करने में पुलिस को चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। खुटार पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के मार्गों और अन्य प्रतिष्ठानों के कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि आरोपी के आने-जाने के रास्ते का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में भी चिंता का माहौल है।

## 1 से 15 जुलाई तक चलेगा जनपद में मिशन सेफ फ्यूचर अभियान

- एआरटीओ प्रशासन व एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा पुवायां-जलालाबाद में चलाया गया अभियान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एक जुलाई से सभी स्कूल खुल जाने के बाद वहां संचालन हो रहे, वाहनों की फिटनेस-परमिट चैक करने के लिए एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह व एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम द्वारा पुवायां-जलालाबाद में मिशन सेफ फ्यूचर अभियान चलाया गया।

जिसमें विद्यालयों के वाहन स्वामियों, स्कूल प्रबन्धकों को सख्त निर्देश दिए गए कि वाहनों के सभी प्रपत्र (यथा फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण) वैध कराने के उपरान्त ही वाहनों का संचालन कराएं। बिना मानक के वाहनों में स्कूली बच्चों का परिवहन कदापि न किया जाये। अभियान अवधि में यदि कोई वाहन बिना फिटनेस, बिना परमिट,



बिना बीमा, बिना प्रदूषण अथवा ओवरलोड संचालित पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार चालान-बन्द की कार्यवाही की जायेगी। पहले दिन अभियान में एआरटीओ प्रशासन को पुवायां के दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भूड़ा मैनारी में दो वाहन फिटनेस समाप्त व राना पब्लिक स्कूल खुटार रोड पर एक वाहन बगैर फिटनेस मिला। साथ ही पांच नयी गाडियां आई थी, जिनके परमिट बनने के फीस जमा कराई गई। एआरटीओ ने स्पष्ट किया कि स्कूली वाहनों में मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनाया गया जन्म दिवस

- अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने राहगीरों को बांटे फल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के जन्म दिवस पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान ने कार्यकर्ताओं के साथ राहगीरों को फल वितरण किए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 53 वें जन्म दिवस सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान



वारसी ने कार्यकर्ताओं की की टीम के साथ नगर क्षेत्र के बिरियागंज में फल वितरण किए। और अखिलेश यादव को जन्म दिवस की बधाई देते हुए उनकी लंबी उम्र की दुआ की।

### रिपोर्ट दर्ज होने तक अंतिम संस्कार न करने की चेतावनी

**पुवायां।** फंदे पर झूली महिला का परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज होने तक अंतिम संस्कार न करने की धमकी दी है। गांव भटपुरा चंदू निवासी सीमा देवी की शादी ढकिया बुजुर्ग निवासी शिशुपाल पुत्र कालिका के साथ हुई थी। मंगलवार की शाम सीता अपने ससुराल में कमरे में लटकती पाई गई थी। जिसमें मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए थे। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिजनों का कहना है कि जब तक पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं करती तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र हरप्रीत सिंह को गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। सर्वजीत सिंह पुत्र दारा सिंह नि.ग्रा. सुजानपुर तह. पुवायां, शाहजहांपुर

## तत्कालीन सदर इंस्पेक्टर समेत 7 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर के आदेश

- रिटायर्ड फौजी को झूठे मुकदमे में गिरफ्तार कर जेल भेजने के मामले में बेटी की याचिका पर सीजेएम कोर्ट ने सुनाया आदेश
- सीजेएम कोर्ट ने अवैध हिरासत और झूठे मुकदमे में फंसाने के आरोपों की जांच के दिए निर्देश

**बंडा/शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रिटायर्ड फौजी सत्यवीर के खिलाफ दर्ज मुकदमे में उनकी पुत्री की ओर से दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट ने तत्कालीन सदर बाजार थाना प्रभारी बृजेश सिंह समेत सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। अदालत ने रिटायर्ड फौजी को अवैध तरीके से हिरासत में रखने और झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने के आरोपों की विवेचना कराने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट के आदेश के अनुसार तत्कालीन सदर बाजार थाना प्रभारी (वर्तमान में बंडा थाना प्रभारी) बृजेश सिंह, उपनिरीक्षक रणजीत बहादुर सिंह, बरेली एसओजी के सिपाही दिलीप सिंह, शाहजहांपुर एसओजी में तैनात रहे तथा वर्तमान में बंडा थाने में तैनात रामसंजीवन समेत तीन अन्य समेत सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश हुए हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पुलिसकर्मियों ने रिटायर्ड फौजी सत्यवीर को अवैध रूप से हिरासत में रखा और बाद में झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेज दिया। मामले की सुनवाई के बाद सीजेएम कोर्ट ने संबंधित थाना पुलिस को सभी नामजद पुलिसकर्मियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधिक प्रक्रिया के तहत विवेचना करने का आदेश दिया है। अदालत के इस आदेश के बाद रिटायर्ड फौजी सत्यवीर के खिलाफ दर्ज मुकदमे पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस महकमे में मामले को लेकर चर्चाएं तेज हैं। अब न्यायालय के आदेश के अनुपालन में संबंधित थाना एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई करेगा।

### नाला चोक होने से जलभराव पर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन, एसडीएम को दिया ज्ञापन

**तिलहर–शाहजहांपुर।** नाले चोक होने से हल्की सी बारिश में ही गढ़िया रंगीन बाजार की सड़कों पर कई फिट पानी भर गया। स्थानीय तमाम व्यापारियों एवं ग्रामीणों ने तहसील में प्रदर्शन कर एसडीएम जीत सिंह राय से शिकायत की है। बुधवार को ग्रामीण मनोज गुप्ता के नेतृत्व में तमाम व्यापारी एवं ग्रामीण तहसील पहुंचे। मनोज गुप्ता ने बताया कि सफाई व्यवस्था नहीं होने के कारण मुख्य बाजार सहित मोहल्ले के नाले चोक पड़े हुए हैं। हल्की बारिश में ही इन नालों का गंदा पानी कई फीट सड़कों पर भर गया। सड़कों पर पानी भरने से लोगों को एवं दुकान पर आने वाले ग्राहकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान रामवीर, सर्वेश कुमार, गौरव श्रीवास्तव, मोहम्मद नवी, अभिषेक कुमार, आसाराम, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## शुभ मुहूर्त: 650 जोड़े थामेंगे एक-दूजे का हाथ, आज से बजेगी शहनाइयां

- विधानसभावार 130-130 होगी शादियां, जिला प्रशासन कार्यक्रम जारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में आवेदन कर चुके लाभार्थियों की इंतजार की घड़ियां समाप्त हो गई है।जिला प्रशासन की ओर से विवाह समारोह की तैयारियों पूरी कर तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। इस बार प्रत्येक विधानसभा में 130-130 जोडों का विवाह विधि विधान के साथ संपन्न कराया जाएगा। लगभग 650 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री योजना का लाभ मिलेगा। बता दें कि इस बार विवाह 2 से 12 जुलाई तक विधानसभावार समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कराएं जाएगें। जिसमें 2 जुलाई को जलालाबाद में काकोरी शहीद इंटर कॉलेज, कटरा में माधव मैरिज लॉन जैतीपुर, 6 जुलाई को पुवायां विधानसभा में सूरज मैरिज लॉन, 9 जुलाई ददरौल में राजकीय पॉलीटेक्निक मैदान व 12 जुलाई को सदर विधानसभा में ओसीएफ रामलीला मैदान में विवाह होगे।



> समाज कल्याण विभाग की ओर से सामूहिक विवाह तारीखें घोषित कर दी गई है। इस बार विधानसभावार शादियों कराई जाएगी। लगभग 3 हजार आवेदन आए थे, जिनमें 650 पात्र जोड़ों की शादियां कराई जा रही है।
>
> **-अधिकारी राजेश कुमार, जिला समाज कल्याण**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए किए गए आवेदनों की जांच नगर निकाय, ब्लाक स्तर से कराई गई है। इस बार वर-वधू की विवाह की फोटो पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। जिले को इस बार लगभग 3000 हजार आवेदन आए थे। जिनमें बजट के हिसाब से अभी 650 विवाह होगें। बाकी पात्र लाभार्थियों को इंतजार करना पड़ेगा।

**CHANGE OF NAME**

I, MADDLA PURNA JAGADESWARI, Wife of Army No. 2615033M, Rank HAV, Name SHYAM KUMAR DADI, presently residing at Vill., PO & Teh – Kasim Kota, Visakhapatnam Dist., Andhra Pradesh State – 531031. I have changed my name from MADDLA PURNA JAGADESWARI to DADI PURNA JAGADEESWARI as per Aadhaar records, vide Affidavit Declaration dated

## वचनबद्धता का रिपोर्ट कार्ड

बड़े सोच के पैरामीटर भी बड़े करने होंगे, वरना धरातल पर आकर योजनाओं का बिखराव ही होगा। हिमाचल की दृष्टि में माई बाप मानने की संगत और ऐसी सियासत पैदा हुई है कि सारे हुजूर सत्ता में नजर आते हैं। इसलिए यहां भी वोट का आरक्षण फरियादी हो कर गारंटियां मांगता है। यहां निर्णायक होने की वजह सरकार से प्राप्तियां हैं और इसीलिए समीक्षाएं अकसर फेस वैल्यू पर होती हैं। हिमाचल के सामर्थ्य का दोहरा विभाजन है। एक ओर हम यह चाहते हैं कि सरकारें कर्ज न उठाएं, तो दूसरी ओर मुफ्त बंटवारे का फर्ज निभाएं। ऐसे में सत्ता और विपक्ष के बीच केवल एक जीत का अंतर सारे नक्शे नहीं बदल पाता, बल्कि बही खातों का बहाव बरकरार रहता है। बहरहाल चुंबकीय आकर्षण यह कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पिछड़ेपन के पत्तन तोड़ कर बड़ा भंगाल पहुंचे, तो कारवां महिलाओं तक पहुंच गया। मुख्यमंत्री ने अपने कर्म और फर्ज का युक्तिकरण करते हुए अतिदुरुह क्षेत्रों के पत्थर तोड़े हैं और इसी कड़ी को बड़ा भंगाल से जोड़ते वह वचनबद्धता का रिपोर्ट कार्ड टांग देते हैं। सवाल यह भी है कि सरकार के मायने सिर्फ इतने ही बचे हैं कि हिमाचली समाज अपने ही स्वार्थ की आरती उतारे। बड़ा भंगाल में पंद्रह सौ रुपए की पुड़िया में सदियों का मर्म छुपा है, कोई ताकीद करे कि इस तरह रहम बहता है। कई दृष्टि से हिमाचल में बड़ा भंगाल अति पिछड़ा हो जाता है। जब सर्दियों के मौसम में बर्फ की सफेद चादर के नीचे दर्द की पट्टी उभरती है, तो कनेक्टिविटी के लिहाज से यह क्षेत्र लाहौल-किन्नौर से अति दुष्कर नजर आता है, तो क्या कोई एक सुरंग यहां के पथ को हमेशा बहाल नहीं कर सकती। बड़ा भंगाल की गुल्लक बैजनाथ में आकर खाली होती है, तो इसे हमेशा भरा हुआ रखने के लिए मख्यमंत्री का शपथपत्र काम आएगा। दरअसल आर्थिक दुरुहता के खिलाफ राज्य की प्राथमिकताएं कम विकसित क्षेत्रों पर आकर ही तय होंगी और इस दृष्टि से रात्रि विश्राम की पहल करके मुख्यमंत्री सुक्खू ने पांगी-बड़ा भंगाल जैसे इलाकों की नब्ज टटोली है। इसी परिप्रेक्ष्य में कभी बीबीएन जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में मुख्यमंत्री का रात्रि विश्राम, कई खामियों को दुरुस्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री अगर शिमला की तर्ज पर जिला मुख्यालयों, प्रमुख शहरों व धार्मिक नगरियों में सुबह की सैर करें, तो मालूम होगा कि कितने आवारा पशु शहरों के अमन को बर्बाद कर रहे हैं या बंदरों के नाच ने नागरिकों का जीना हराम किया है। आश्चर्य यह कि जिलाधीश कार्यालयों में जहां फूल उगने चाहिएं, वहां खड़पतवार चिढ़ा रहे होते हैं। ट्रैफिक जाम में कई कस्बे फंसे रहते हैं। इतना ही नहीं जो क्षेत्र स्थानीय निकायों के हवाले होने चाहिएं, वहां पंचायतें सिर्फ नागरिकों को मुजरिम बना रही होती हैं। उदाहरण के लिए छावनी क्षेत्रों से आजाद होकर अगर दशकों की शहरी परिपाटी को पंचायतों में बांटा जा रहा है, तो यह लज्जाजनक उपलब्धि है। सबसे बड़े योल छावनी से नागरिक क्षेत्र बाहर करके न जाने किस सियासत की संतुष्टि हुई, लेकिन अब चार पंचायतों में विघटित क्षेत्र गंदगी, नागरिक सुविधाओं की अफरातफरी और मूलभूत सुविधाओं की योजनाओं में दरिद्र हो गए। आजादी के पहले से योल छावनी प्रशासन इन क्षेत्रों में सुरक्षित पानी, साफ आबोहवा और व्यवस्थित जीवन की गारंटी दे रहा था, तो अब गांव की दहलीज पर आटा गीला करके क्या मिलेगा। हिमाचल की प्रगति, आर्थिक दुरुहता और पिछड़ेपन को दूर करके साबित होगी, तो धर्मशाला से चंद कदम दूर योल छावनी के पिछड़े ग्राम नगर निगम की परिधि में समाहित होने चाहिए।

# क्या कागजों पर सिमट रही हैं ग्राम सभाएं?

ओ.पी. पाल

भारतीय लोकतंत्र का जमीनी आधार और भारत की आत्मा गांवों में बसती है, उन गांवों की लोकतांत्रिक आत्मा ग्राम सभा में निहित है। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर सत्ता के विकेंद्रीकरण की जो नींव रखी थी, उसकी सबसे महत्वपूर्ण और प्रत्यक्ष इकाई ग्राम सभा ही है। ग्राम सभा केवल स्थानीय शासन की एक संस्था नहीं है बल्कि यह देश के हर ग्रामीण नागरिक को सीधे नीति-निर्माण, बजट निर्धारण और विकास कार्यों की निगरानी का अधिकार देने वाला सशक्त मंच है। परंतु समय के साथ इस बुनियादी लोकतांत्रिक संस्था की कार्यप्रणाली में कई विसंगतियां और चुनौतियां सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी और चिंताजनक चुनौती यही है कि आज के इस तकनीकी युग के बावजूद ग्राम सभा की बैठकों में आम नागरिकों की भागीदारी घट रही है। मसलन, केंद्र सरकार और नीति आयोग की जारी ताजा रिपोर्ट ने जमीनी लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत करने की चुनौती खड़ी कर दी है। हालांकि यह अध्ययन भारत की ग्रामीण विकास नीतियों को संख्या-केंद्रित से परिणाम-केंद्रित बनाने का सटीक मार्गदर्शक दस्तावेज साबित हो सकता है।

दरअसल, देश में जमीनी लोकतंत्र की इसी गंभीर समस्या का बारीकी से अध्ययन करने और इसका समाधान खोजने के लिए केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के तत्वावधान में व्यापक राष्ट्रीय अध्ययन कराया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद द्वारा तैयार की गई यह द्वि-खंडीय रिपोर्ट देश में नागरिक-केंद्रित शासन को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक और साक्ष्य आधारित दस्तावेज़ है। खास बात है कि इस अध्ययन का दायरा और सांख्यिकी के हिसाब से भारत के ग्रामीण नीति-निर्माण के इतिहास में सबसे व्यापक और विशाल क्षेत्र आधारित आकलनों में से एक है। देश की ग्राम सभाओं को लेकर यह राष्ट्रीय अध्ययन रिपोर्ट भारत के ग्रामीण स्वशासन के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ है। जैसा कि रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि नागरिक-केंद्रित शासन देने के लिए जीवंत ग्राम सभाएँ अनिवार्य हैं। जब तक देश के गांवों का अंतिम व्यक्ति ग्राम सभा की बैठक में शामिल होकर अपने गांव के भविष्य का फैसला करने में सक्षम और उत्सुक नहीं होगा, तब तक लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का सपना अधूरा रहेगा।

पंचायती राज मंत्रालय और नीति आयोग का यह संयुक्त प्रयास साक्ष्य-आधारित नीतियों के माध्यम से देश की जमीनी लोकतांत्रिक संस्थाओं को एक नई ऊर्जा, समावेशन और शक्ति प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करता है। इस दिशा में मोदी सरकार देश के हर नागरिक को सशक्त बनाने और नीतियों के केंद्र में नागरिक को रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्राम सभा को जमीनी लोकतंत्र की सबसे सच्ची अभिव्यक्ति करार देकर ग्रामीण ढांचागत और संस्थागत व्यवस्था की नींव को मजबूती देने की पहल की है।



अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार भागीदारी में सबसे बड़ी बाधाएं ग्राम सभाओं में लोगों का न आना केवल उदासीनता नहीं बल्कि इसके पीछे गहरे सामाजिक-आर्थिक और व्यावहारिक कारण हैं। इसमें आजीविका और समय के संकट के कारण 55.5 प्रतिशत भागीदारी न होने का सबसे बड़ा कारण है, इसमें ग्रामीण आबादी का बड़ा हिस्सा दैनिक मजदूरी या कृषि पर निर्भर है। जबकि व्यस्त कार्य दिनचर्या (41.74 प्रतिशत) और कृषि कार्यों की व्यस्तता (30.26 प्रतिशत) के कारण लोग अपनी दिहाड़ी छोड़कर बैठकों में नहीं आ पाते। इसके अलावा कम प्रतिनिधित्व वाले समूह को लेकर खुलासा हुआ है कि प्रवासी परिवार (17.61 प्रतिशत), युवा (16.73 प्रतिशत), बुजुर्ग (15.80 प्रतिशत) और महिलाएं (13.40 प्रतिशत) ग्राम सभा की प्रक्रियाओं में सबसे कम शामिल हो पाते हैं। यही नहीं इसके अलावा 45.46 प्रतिशत चर्चा के विषयों का प्रासंगिक न होना और 42.0 प्रतिशत हर बार एक जैसी उबाऊ और दोहराव वाली चर्चाएं भी इस व्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं। जबकि 33.4 प्रतिशत प्रशासन और व्यवस्था के प्रति अविश्वास, 32.7 प्रतिशत राजनीतिक हस्तक्षेप और 27.9 प्रतिशत स्थानीय गुटबाजी के साथ 16.2 प्रतिशत शिकायतों के निवारण की कमजोर व्यवस्था भी बड़ा कारण माना गया है।

**देश का सबसे बड़ा सर्वे : 26 राज्यों और 7,800 लोगों से संवादः-** इस रिपोर्ट की विश्वसनीयता और इसकी साक्ष्य आधारित प्रकृति को समझने के लिए इसके सांख्यिकीय दायरे को समझना आवश्यक है। इस रिपोर्ट में संस्थान के सह-अध्यापक डॉ. अंजन कुमार भांजा द्वारा प्रस्तुत किए गए निष्कर्षों पर गौर किया जाए तो यह देश के सबसे बड़े क्षेत्र-आधारित अध्ययनों में से एक है। इस शोध के दायरे में देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 213 जिलों को शामिल किया गया। टीम ने लगभग 400 ग्राम पंचायतों (जिनमें पेसा 'PESA' क्षेत्र और महिला-हितैषी पंचायतें भी शामिल हैं) का दौरा कर 7,800 उत्तरदाताओं से सीधा संवाद किया, जिसके बाद यह साक्ष्य आधारित द्वि-खंडीय रिपोर्ट तैयार की गई। इसमें 10 राज्यों की उन बेस्ट प्रैक्टिसेज (सर्वोत्तम प्रयोगों) को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने अपने यहाँ भागीदारी बढ़ाने में सफलता पाई है। है। इस अध्ययन रिपोर्ट को 30 जून 2026 को नई दिल्ली में नीति आयोग के सदस्य डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम और पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज द्वारा जारी किया, जिसमें जमीनी लोकतंत्र की कमजोर होती नींव और उसकी चुनौतियों को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

**आंकड़ों की नजर में अध्ययन रिपोर्टः-** अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार भागीदारी में सबसे बड़ी बाधाएं ग्राम सभाओं में लोगों का न आना केवल उदासीनता नहीं बल्कि इसके पीछे गहरे सामाजिक-आर्थिक और व्यावहारिक कारण हैं। इसमें आजीविका और समय के संकट के कारण 55.5 प्रतिशत भागीदारी न होने का सबसे बड़ा कारण है, इसमें ग्रामीण आबादी का बड़ा हिस्सा दैनिक मजदूरी या कृषि पर निर्भर है। जबकि व्यस्त कार्य दिनचर्या (41.74 प्रतिशत) और कृषि कार्यों की व्यस्तता (30.26 प्रतिशत) के कारण लोग अपनी दिहाड़ी छोड़कर बैठकों में नहीं आ पाते। इसके अलावा कम प्रतिनिधित्व वाले समूह को लेकर खुलासा हुआ है कि प्रवासी परिवार (17.61 प्रतिशत), युवा (16.73 प्रतिशत), बुजुर्ग (15.80 प्रतिशत) और महिलाएं (13.40 प्रतिशत) ग्राम सभा की प्रक्रियाओं में सबसे कम शामिल हो पाते हैं। यही नहीं इसके अलावा 45.46 प्रतिशत चर्चा के विषयों का प्रासंगिक न होना और 42.0 प्रतिशत हर बार एक जैसी उबाऊ और दोहराव वाली चर्चाएं भी इस व्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं। जबकि 33.4 प्रतिशत प्रशासन और व्यवस्था के प्रति अविश्वास, 32.7 प्रतिशत राजनीतिक हस्तक्षेप और 27.9 प्रतिशत स्थानीय गुटबाजी के साथ 16.2 प्रतिशत शिकायतों के निवारण की कमजोर व्यवस्था भी बड़ा कारण माना गया है।

**हाशिए पर मौजूद समुदायः-** पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने ग्रामीण भारत में आए बदलावों को रेखांकित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में गांवों तक बुनियादी सुविधाओं की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित हुई है। अब बारी जमीनी लोकतंत्र को और गहरा करने की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह अध्ययन महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों की भागीदारी बढ़ाने के लिए रणनीतिक कदम उठाने में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्रालय जल्द ही राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ मिलकर इस रिपोर्ट की सिफारिशों को जमीन पर लागू करेगा, ताकि देश की ग्राम सभाएं अधिक समावेशी और परिणामोन्मुख बन सकें। इस अध्ययन रिपोर्ट से एक बड़ा संदेश यह भी मिलता है कि ग्राम सभाओं को सफल बनाने का पैमाना केवल बैठक में जुटी भीड़ या हाजिरी रजिस्टर नहीं होना चाहिए। वास्तविक सफलता इस बात में है कि चर्चाएं कितनी प्रासंगिक हैं, निर्णय कितने पारदर्शी हैं और शिकायतों का निवारण कितनी तेजी से होता है। जब तक ग्रामीण नागरिकों को ग्राम सभा के निर्णयों का जमीन पर वास्तविक असर नहीं दिखेगा, तब तक उनका भरोसा जीतना नामुमकिन है।

**विशेष और विषय-आधारित ग्राम सभाएंः-** अध्ययन में सुझाव दिए गये हैं कि महिलाओं के मुद्दों के लिए महिला ग्राम सभा और बच्चों व युवाओं के लिए बाल सभा जैसे मंचों का नियमित आयोजन होना चाहिए, जिनकी सिफारिशों को मुख्य ग्राम सभा के एजेंडे में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। ग्राम सभा को विकास कार्यों के सोशल ऑडिट का वास्तविक अधिकार मिलना चाहिए। जब लोगों को दिखेगा कि उनके द्वारा किए गए ऑडिट से भ्रष्टाचार पर रोक लग रही है और काम की गुणवत्ता सुधर रही है तो उनकी भागीदारी स्वतः बढ़ेगी। पंचायत प्रतिनिधियों (विशेषकर महिला सरपंचों और वार्ड सदस्यों) के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए ताकि वे ग्राम सभा की प्रक्रियाओं को बेहतर समझ सकें।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

विचार

# परिवार की रीढ़, समाज की शक्ति और बदलते समय की नई चुनौतियाँ



राज त्रिपाठी

भारतीय समाज में परिवार केवल एक सामाजिक संस्था नहीं, बल्कि संस्कृति, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का केंद्र रहा है। इस व्यवस्था में यदि माँ को ममता और संवेदना का प्रतीक माना गया है, तो पिता को धैर्य, संरक्षण, अनुशासन और उत्तरदायित्व का पर्याय समझा गया है। किंतु विडंबना यह है कि परिवार की इस केंद्रीय भूमिका के बावजूद पिता के योगदान, उनके संघर्ष और उनकी भावनात्मक दुनिया पर अपेक्षाकृत कम चर्चा होती है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, आर्थिक दबाव, बदलती पारिवारिक संरचना और नई सामाजिक अपेक्षाओं के बीच आज पिता की भूमिका पहले से कहीं अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण हो गई है। ऐसे समय में यह आवश्यक है कि पिता को केवल परिवार का पालनकर्ता नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा जाए।

भारत की पारिवारिक व्यवस्था त्याग और साझी जिम्मेदारियों की परंपरा पर आधारित रही है। अधिकांश परिवारों में पिता वह व्यक्ति होता है, जो अपने व्यक्तिगत सुखों और इच्छाओं से पहले परिवार की आवश्यकताओं को स्थान देता है। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विवाह और भविष्य की चिंता उसके जीवन का स्थायी हिस्सा बन जाती है। वह दिन-रात परिश्रम करता है, आर्थिक असुरक्षाओं का सामना करता है, सामाजिक दबावों को झेलता है और फिर भी अपने परिवार के सामने आत्मविश्वास और स्थिरता का भाव बनाए रखने का प्रयास करता है। यही कारण है कि पिता का प्रेम प्रायः शब्दों में नहीं, बल्कि त्याग, परिश्रम और जिम्मेदारियों के निर्वहन में दिखाई देता है।

वर्तमान समय में पिता की भूमिका केवल आर्थिक जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं रह गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य, करियर, मानसिक विकास, डिजिटल सुरक्षा और नैतिक मूल्यों के निर्माण में भी उनकी सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है। आज का पिता बच्चों के साथ समय बिताता है, उनके विद्यालयी जीवन में सहयोग करता है, उनके मानसिक तनाव को समझने का प्रयास करता है और उन्हें बदलती दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। यह परिवर्तन स्वागतयोग्य है क्योंकि इससे परिवारों में संवाद, विश्वास और भावनात्मक निकटता बढ़ती है।

दूसरी ओर, आधुनिक आर्थिक व्यवस्था ने पिता के सामने नई चुनौतियाँ भी खड़ी कर दी हैं। बढ़ती महँगाई, रोजगार की अनिश्चितता, प्रतिस्पर्धा, तकनीकी परिवर्तन और उपभोक्तावादी जीवनशैली ने उन पर आर्थिक एवं मानसिक दबाव को कई गुना बढ़ा दिया है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे परिवार की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करें, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाएँ, बुजुर्गों की देखभाल करें और साथ ही स्वयं भी मानसिक रूप से मजबूत बने रहें। यह अपेक्षा कई बार उन्हें भीतर से थका देती है, लेकिन सामाजिक संकोच के कारण वे अपनी समस्याएँ खुलकर व्यक्त नहीं कर पाते।

समाज का एक बड़ा वर्ग आज भी यह मानता है कि पुरुष को अपनी भावनाएँ व्यक्त नहीं करनी चाहिए। यही सोच अनेक पिताओं को मानसिक तनाव, अवसाद और अकेलेपन की ओर धकेलती है। वे परिवार के लिए निरंतर संघर्ष करते हैं, लेकिन स्वयं के लिए समय नहीं निकाल पाते। मानसिक स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती चर्चाओं के बीच यह भी आवश्यक है कि पिता के भावनात्मक स्वास्थ्य को गंभीरता से लिया जाए। परिवार के भीतर ऐसा वातावरण बने, जहाँ वे बिना संकोच अपनी चिंताओं और भावनाओं को साझा कर सकें।



डिजिटल युग ने एक और चुनौती पैदा की है—संवाद का संकट। परिवार के सदस्य एक ही घर में रहते हुए भी मोबाइल फोन और डिजिटल उपकरणों में व्यस्त रहते हैं। परिणामस्वरूप पिता और बच्चों के बीच संवाद सीमित होता जा रहा है। अनुभवों का आदान-प्रदान कम हो रहा है और पीढ़ियों के बीच दूरी बढ़ रही है। यह स्थिति केवल परिवारों के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के लिए भी चिंता का विषय है। संवादहीनता से विश्वास कमजोर होता है और संस्कारों का सहज हस्तांतरण भी प्रभावित होता है।

वृद्धावस्था में माता-पिता, विशेषकर पिता, की उपेक्षा भी सामाजिक चिंता का विषय है। जिन लोगों ने अपने जीवन का सबसे बड़ा हिस्सा परिवार के निर्माण में लगा दिया, वही अनेक बार अपने अंतिम वर्षों में अकेलेपन और असुरक्षा का सामना करते हैं। संयुक्त परिवारों के विघटन और शहरीकरण ने इस समस्या को और गहरा किया है। माता-पिता का सम्मान केवल सांस्कृतिक आदर्श नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं का भी प्रश्न है। परिवारों को यह समझना होगा कि बुजुर्गों की देखभाल दया नहीं, बल्कि कर्तव्य है।

शिक्षा प्रणाली की भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को केवल करियर निर्माण नहीं, बल्कि पारिवारिक मूल्यों, उत्तरदायित्व, सहानुभूति और बुजुर्गों के सम्मान जैसे विषयों पर भी जागरूक किया जाना चाहिए। यदि नई पीढ़ी अपने माता-पिता के संघर्षों को समझेगी, तभी वह भविष्य में जिम्मेदार नागरिक और संवेदनशील अभिभावक बन सकेगी।

नीतिगत स्तर पर भी परिवार समर्थक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कार्यस्थलों पर बेहतर कार्य-जीवन संतुलन, पितृत्व अवकाश, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श, पारिवारिक कल्याण कार्यक्रम तथा बुजुर्गों की सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए। एक सशक्त परिवार केवल निजी प्रयासों से नहीं, बल्कि संवेदनशील सामाजिक और प्रशासनिक नीतियों से भी निर्मित होता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि पिता की भूमिका को पुराने रूढ़िगत दृष्टिकोण से बाहर निकालकर देखा जाए। वे केवल अनुशासन लागू करने वाले व्यक्ति नहीं, बल्कि बच्चों के पहले शिक्षक, जीवन के मार्गदर्शक, परिवार के संरक्षक और समाज के जिम्मेदार नागरिक होते हैं। उनका सम्मान केवल औपचारिक अवसरों तक सीमित नहीं होना चाहिए। उनकी बात सुनना, उनके अनुभवों को महत्व देना, उनके स्वास्थ्य की चिंता करना और उनके संघर्षों को समझना ही उनके प्रति सच्चा सम्मान है। समृद्ध समाज वही होता है जहाँ त्याग को सम्मान मिलता है, जिम्मेदारियों को पहचान मिलती है और परिवार को विकास की पहली इकाई माना जाता है। पिता इसी व्यवस्था की वह धुरी हैं, जिनके मौन संघर्षों पर अनगिनत परिवारों का भविष्य टिका होता है। इसलिए समय की माँग है कि हम पिता के योगदान को केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय दृष्टि से भी स्वीकार करें। जब परिवार मजबूत होंगे, तभी समाज सशक्त होगा और जब समाज सशक्त होगा, तभी राष्ट्र समृद्ध बनेगा। पिता का सम्मान वस्तुतः उसी समृद्ध भारत की आधारशिला है, जिसकी कल्पना हम सब करते हैं।

साहित्य

## सियासी गरमाहट



संजय एम तराणेकर

अभी-अभी अपने दल की टूट से हुए आहत,
उद्धव छेड़ रहें हैं एक नई सियासी गरमाहट।
अब न जाने उनके मन में क्या? कोई चाहत,
क्या? फडणवीस से दोस्ती-यारी
सरसराहट।

उनका अप्रत्याशित बयान सामने है आया,
वो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के हितैषी है पाया।
यदि प्रधानमंत्री बनने की आकांक्षा रखते हैं,
फिर हम भी देवेंद्र का समर्थन कर सकते है।

उद्धव भी मोदी की तरह मन की बात करते,
चाहे राज्य में ऑपरेशन टाइगर होता चलते।
जिनके सिर्फ तीन सांसद ही क्यों? न बचते,
अभी-भी प्रधानमंत्री बनाने के ख्वाब देखते।

*(संदर्भ - पीएम पद के लिए उद्धव ने फडणवीस के नाम का किया ऐलान)*





## राशिफल

**मेषः-** संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। आय से ज्यादा व्यय मन को परेशान करेगा। क्षमता से अधिक संसाधनों को जुटाने हेतु मन परेशान होगा।

**वृषभः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय के प्रति मन दुविधाग्रस्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। विभागीय परिवर्तनों से कुछ दिक्कतें संभव।

**मिथुनः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच का लाभ मिलेगा। प्रणय संबंधों में मन केंद्रित होगा। समय के साथ अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग हों।

**कर्कः-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। परिजनों के सानिध्य व स्नेह से मन प्रसन्न होगा। महत्वकांक्षी मन आय के नये साधनों पर केंद्रित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलें।

**सिंहः-** परिजनों के किसी बात का बुरा न माने। नैतिक दायित्वों के प्रति लापरवाही न करें। किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। संबंधों में अत्याधिक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः-** बीती बातों का मलाल न करें। भविष्य संबंधी चिंताओं को लेकर मन परेशान होगा। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**तुलाः-** अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। शासन-सत्ता में पकड़ मजबूत होने के साथ आय के नये साधन सुलभ होंगे।

**वृश्चिकः-** मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। परिवार में किसी महत्वपूर्ण कार्य के सार्थक होने के आसार हैं। जीवन साथी के सहयोग से समस्याओं का हल होगा।

**धनुः-** विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। दूसरो की निंदा से आपके व्यक्तित्व की गरिमा घट सकती है।

**मकरः-** पारिवारिक समस्याओं को हल करने में केंद्रित होंगे। जिंदगी में मिल रहे नये अवसरों का भरपूर लाभ उठाएं। हर मामले में हठ करना ठीक नहीं है। किसी नये संबंध के प्रति निकटता हानिकारक हो सकती है।

**कुंभः-** नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक जगत से असंतुष्ट रहेगा। आकांक्षाएं सार्थकता हेतु उद्वेलित करेंगी।

**मीनः-** मन की निराशा किसी कार्य में रुचि लेने में बाधक बनेगी। कुछ संबंधों मन घृणा की अनुभूति करेगा। किसी नये कार्य हेतु यात्रा करनी पड़ सकती है।

# पीपीपी मॉडल से प्रदेश के ऐतिहासिक इमारतों का होगा कायाकल्प

उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित पुरानी इमारतों, किले तथा महलों का कायाकल्प करके देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की शुरूआत की पहल की गई है। प्रदेश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है। इसके तहत पुराने जीर्ण-शीर्ण ऐतिहासिक धरोहरों, किलों को सहेज कर भव्य और आकर्षक रूप दिया जायेगा, जिससे पर्यटकों को किले अथवा राजमहल में ठहरने जैसी अनुभूति प्राप्त हो सके। प्रदेश सरकार एडाप्ट हेरीटेज पॉलिसी के अंतर्गत ऐतिहासिक महत्व के भवनों को संरक्षित रखने के साथ विकास और जनसहभागिता के लिए स्मारक मित्रों का चयन कर रही है। पहले चरण में 05 स्मारकों के लिए स्मारक मित्र चयनित किये गये हैं। दूसरे चरण में 26 स्मारकों के लिए स्मारक मित्र चयन करने की कार्यवाही चल रही है।

वीरता और पराक्रम के प्रतीक प्रदेश के बुन्देलखण्ड सहित कई जनपदों में पुराने किले तथा महल मौजूद हैं। पर्यटन विभाग निजी सहभागिता के आधार पर इनका सौन्दर्यीकरण कराने का निर्णय लिया है। इसको लेकर गत वर्ष किलों/महलों के स्वामियों एवं उनके उत्तराधिकारियों को आमंत्रित कर एक संगोष्ठी आयोजित की गई थी। इसमें जीर्णोद्धार कार्य में लगे हुए लोगों, विशेषज्ञों तथा निवेशकों को भी शामिल किया गया। प्रदेश के तमाम प्राचीन किले एवं महल जर्जर एवं दयनीय स्थिति में हैं। बढ़ती आबादी, औद्योगीकरण, शहरीकरण एवं विकास संबंधी गतिविधियों के चलते इन ऐतिहासिक सम्पत्तियों के आसपास अतिक्रमण एवं बहुमूल्य सामानों के साथ छेड़छाड़ की भी घटनाएं प्रायः प्रकाश में आती हैं। इन किलों से बहुत-सी कहानियां एवं दन्त कथाएं जुड़ी हुई हैं। इसके अलावा इन किलों का ऐतिहासिक महत्व है। बहुत से किले एवं महल स्थापत्य कला के अद्भुत नमूने हैं। इनको भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करना जरूरी है।

पर्यटन विभाग इन इमारतों को पीपीपी मॉडल पर विकसित कर पर्यटन गतिविधियां संचालित करेगा। इस कदम से जहां एक ओर इन प्राचीन इमारतों का मौलिक सौन्दर्य वापस लौटेगा। इसके साथ ही इन्हें संरक्षित भी किया जा सकेगा। इसके साथ ही दुर्गम एवं बीहड़ स्थानों पर स्थित होने के कारण कहीं-कहीं अवस्थापना सुविधाओं का अभाव है। इनका विकास होने पर दर्शकों एवं पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा।

इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ राज्य सरकार को राजस्व भी प्राप्त होगा। इसी को दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन विभाग ने राजस्थान की तर्ज पर इन धरोहरों को विकसित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार इन ऐतिहासिक धरोहरों को हेरिटेज सर्किट में शामिल करके बुनियादी सुविधाओं से लैस करेगी। इनकी मार्केटिंग तथा ब्रान्डिंग के साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार करके अधिक से अधिक देशी-विदेशी सैलानियों को उ0प्र0 की ओर आकर्षित किया




जायेगा। इससे उ0प्र0 में रोजगार के साथ-साथ आमदनी के रास्ते खुलेंगे। प्रदेश में आध्यात्मिक सर्किट पर्यटकों को सर्वाधिक आकर्षित कर रहे है। अयोध्या, काशी, मथुरा, कुशीनगर जैसे स्थल पर्यटकों के लिए पसंदीदा गन्तव्य स्थल के रूप में स्थान बनाये हुए हैं। पीपीपी मॉडल पर पुरानी इमारतों को संवारने के बाद पर्यटकों के लिए घूमने के लिए विकल्प के रूप में नये स्थल प्राप्त होंगे। उ0प्र0 में निवेशकों के लिए पर्यटन नीति-2022 में आकर्षक सुविधाओं के साथ ही सब्सिडी एवं विभिन्न प्रकार की छूट की व्यवस्था की गयी है। उ0प्र0 में औद्योगिक एवं पर्यटन संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इन्स्पेक्टर राज और लालफीताशाही को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा बेकार एवं अनुपयोगी कानूनों को भी खत्म किया जा रहा है। वर्ष 2017 के बाद से प्रदेश की स्थिति में व्यापक बदलाव आया है। अब यह बीमारू राज्य के चक्रव्यूह से निकलकर अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार प्रदेश में उद्योग-धन्धों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ निवेशकों के साथ खड़ी है। रेल, रोड, सड़क, वायु तथा हेलीपोर्ट एवं अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी विकसित की गई है। यूपी की अर्थव्यवस्था लगातार छलांग लगा रही है। यूपीजीआईएस-23 के दौरान 33 लाख 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उ0प्र0 अब सर्वोत्तम प्रदेश की राह पर चल पड़ा है। इससे उत्तर प्रदेश देश की जीडीपी में अपना योगदान अधिक से अधिक देने में सक्षम होगा।

राज्य सरकार ने छतरमंजिल लखनऊ, चुनारफोर्ट मिर्जापुर, बरुआसागर फोर्ट झांसी, कोठी गुलिस्ताने एरम, कोठी दर्शन विलास, कोठी रोशन उद्दौला, लखनऊ, बरसाना जलमहल मथुरा, शुक्ला तालाब कानपुर देहात, टिकैतराय बारादरी कानपुर सिटी, बुन्देलखण्ड की कुछ सम्पत्तियों-तहरोली फोर्ट झांसी, चिरगॉव फोर्ट झांसी, मडवारा फोर्ट, मस्तानी महल सलारपुर, सेनापति भवन आदि को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने के लिए चिन्हित किया है। इन इमारतों का कायाकल्प होने से पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी। प्राचीन स्मारक हमारे गौरवशाली इतिहास और समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। इनको संरक्षित, संवर्धित करके बचाये रखना है। इसके साथ ही जनसहभागिता के माध्यम से खासतौर से युवा पीढ़ी देशी व विदेशी पर्यटकों को इन प्राचीन विरासत को बचाने में सहयोग के लिए जागरूकता भी उत्पन्न करता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### हिंदू महासभा की बैठक में राममंदिर चढ़ावा चोरी मुद्दा छाया



**फतेहपुर।** अखिल भारत हिंदू महासभा जिला इकाई की मासिक बैठक कैंप कार्यालय आईटीआई रोड में जिला अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के दान पात्रों में हुई चोरी में दुख व पीड़ा व्यक्त करते हुए सरकार से मांग किया की शीघ्र ही घटना के बड़े चोरों को पकड़ा जाए, तथा पिछले दिनों बिहार प्रांत के भोजपुर जिले में 27 वर्ष के युवा क्रांतिकारी भरत तिवारी की वहां की पुलिस द्वारा निर्मम हत्या किए जाने पर रोष व्यक्त किया गया, 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए हिंदू महासभा की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राघवेंद्र सरकार के मंदिर के चढ़ावे व दान पात्रों में भीषण चोरी तथा डकैती में पकड़े गए लोगों के ऊपर कड़ी कार्यवाही करते हुए उनके घरों में बुलडोजर चलाया जाए। साथ ही साथ घटना के बड़े चोरों को भी पकड़ कर सकत कार्यवाही की जाए। सरकार शीघ्र यह ट्रस्ट भंग करके साधू सन्यासियों तथा अयोध्या के संतों का एक नया ट्रस्ट बनाए। उन्होंने कहा कि इस घटना से सनातन की अत्यंत क्षति हुई है, करोड़ों श्रद्धालु देशवासियों की जन भावनाएं आहत हुई हैं। इन दोनों संदर्भ में 13 जुलाई को देश के महामहिम राष्ट्रपति को एक मांग पत्र सोपा जायेगा। प्रमुख रूप से प्रयागराज मंडल उपाध्यक्ष रामगोपाल शुक्ला, स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, डॉ प्रमोद पांडे, संतोष नेता, मूलचंद गुप्ता, एसके गुप्ता, मुकेश चौरसिया, राज शर्मा, अनमोल शुक्ला, श्रवण कुमार, महिला जिला अध्यक्ष संगीता गुप्ता सुधा सिंह ओम लता आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### टीईटी परीक्षा आज से प्रारम्भ, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए एएसपी ने किया निरीक्षण



**महोबा।** जनपद में टीईटी परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण/निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं, अभ्यर्थियों के प्रवेश प्रबंध, बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, पुलिस बल की तैनाती एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। उन्होंने ड्यूटी में तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, नकल या अनुचित गतिविधि को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त न किया जाए। अधिकारियों द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सतर्कता बनाए रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों/गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए तथा अभ्यर्थियों को सुगम, सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा से संबंधित दिशा–निर्देशों का पूर्णत: अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### जालौन के बृजेश त्रिपाठी बेस्ट फार्मर अवार्ड इन मार्केट से सम्मानित



**उरई (जालौन)।** दिल्ली प्रेस द्वारा आयोजित फार्म एन फूड कृषि अवार्ड 2026 का आयोजन लखनऊ विश्व विद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित किया गया जिसमे प्रदेश भर से चयनित चुनिंदा खेती किसानी से जुड़े लोग जो अपने अपने क्षेत्र मे महारत रखते है को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत दिल्ली प्रेस के फार्म एन फूड मीडिया एकज्यूकेटिव पब्लिसर अनंत नाथ के भाषण से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बदलते जलबायु परिद्रश्य में कृषि क्षेत्र नई चुनौतियों का सामना कर रहा है और किसानों को समय समय पर इन चुनौतियों को समझना होगा। उन्होंने किसानों को जल संरक्षण सूक्ष्म सिंचाई मौसम आधारित कृषि विविधीकरण और सूखा सहनशील किस्म को अपनाने की सलाह दी। कृषि विभाग के निदेशक पंकज त्रिपाठी ने किसानों को फसल बीमा के बारे मे बिस्तृत जानकारी दी। फार्म एन फूड मीडिया द्वारा आयोजित किसान सम्मान समारोह मे आधुनिक खेती प्राकतिक खेती फूड प्रोसेसिंग कृषि यंत्रीकरण वेल्यू एडिसन बेहतर मार्केटिंग जैसे विषय चर्चा में रहे। प्रगतिशील किसान बृजेश त्रिपाठी को यह सम्मान डेढ़ लाख किसानों को सोशल मीडिया प्लेट फार्म व ग्रुपों के माध्यम से जोड़कर उनको मार्केट उपलब्ध कराने के लिए सैकड़ो व्यापारियों का बायर एंड सप्लायर ग्रुप बनाकर उनको मार्केट देने का प्रयास किया है। ग्रुप के माध्यम से सभी किसानों को क्षेत्रीय गल्ला मंडियों के भाव उपलब्ध कराए जाते है। किसानों को मौसम विभाग की जानकारी व सरकारी योजनाओं की जानकारियां समय समय पर दी जाती है। सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले किसानों में बस्ती के मंगल प्रसाद राम पूरन चौधरी, सन्त कबीर नगर के यशोवर्धन, अयोध्या के शोभाराम शबीना खातून, चंदौली के चन्द्र प्रकाश सिंह, हापुड़ के जगदीश कुमार जालौन के बृजेश त्रिपाठी व लक्ष्मी नारायण चतुर्वेदी प्रमुख रहे। कार्यक्रम के अंत मै फार्म एन फूड के मीडिया एडिटर प्रकाश राणा व प्रोडक्ट हेड श्रुति जोशी ने सभी को बधाई दी।

# डीएम ने पार्क में आम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण अति आवश्यक

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत 1 जुलाई से 7 जुलाई 2026 तक वन महोत्सव 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' कि थीम पर मनाया जा रहा है, के क्रम में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कलेक्ट्रेट पार्क में आम का पौध रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए हमे पौधा अवश्य रोपित करना चाहिए, साथ ही उसके संरक्षण का अवश्य ख्याल रखें। उन्होंने प्रभारी वनाधिकारी से कहा कि वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत जनपद का पौध रोपित करने का जो लक्ष्य प्राप्त है, के अनुसार पौध रोपित कराए और उसके संरक्षण का भी ध्यान रखे, इसकी निगरानी संवेदनशीलता के साथ करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), अपर उप जिलाधिकारी, वनाधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## टर्फ टाईटंस में क्रिकेट समर कैंप का आयोजन




**फतेहपुर।** शहर के नऊआ बाग स्थित टर्फटाइटंस में 1 जून से 30 जून तक क्रिकेट समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। क्रिकेट कोच विनय तिवारी के नेतृत्व में बच्चों को क्रिकेट की बारीकियां बताई गई। वही कैंप के समापन में टीम चौलेंजर्स व टीम सुपर किंग्स के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर किंग्स टीम ने 130 रन बनाकर विजई रही। इस दौरान मैन ऑफद मैच विवान श्रीवास्तव रहे तो स्टार परफॉर्मर रौनक श्रीवास्तव व दर्श श्रीवास्तव रहे। इस दौरान टर्फटाइटंस के संचालक मनीष श्रीवास्तव व कोच विनय तिवारी ने विजयी टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया तो इसके साथ ही सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस दौरान मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि अभिभावकों के कहने पर प्रतिदिन बच्चों की क्रिकेट क्लासेस टर्फटाइटंस में चलाई जा रही है जिसमें शनिवार व रविवार तथा सोमवार से शुक्रवार दो तरह की क्लासेस में बच्चे भाग ले सकते हैं। इस दौरान व्यवस्थापक नीरज बाजपेई ने बताया कि जिन बच्चों की क्रिकेट में रुचि है वह डेली क्लासेस में प्रवेश लेने के लिए टर्फटाइटंस अपने अभिभावकों के साथ आ सकते हैं। इस अवसर पर रजिस्ट्रार अरुण मनोज प्रभाकर तिवारी, आनंद मणि बाजपेई, दीपू साहू, अभिषेक श्रीवास्तव, संदीप साहू, रजनीश दीक्षित, प्रशांत श्रीवास्तव, सौरभ तिवारी, आलोक श्रीवास्तव, अंशुमान सिंह तोमर, डॉ शिवम शुक्ला, प्रीति तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ



- 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक चलेगा विशेष अभियान, घर-घर दस्तक देंगी टीमें

**महोबा।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अभियान का शुभारंभ आज जिला महिला चिकित्सालय परिसर महोबा में गया। अभियान का उद्घाटन सभासद /जिला योजना समिति सदस्य साधना गुप्ता एवं डा. विनय कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोबा द्वारा सयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर एवं जागरूकता रैली को रवाना कर किया गया। इस अवसर पर डॉ आर के चौरिहा मुख्य अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय महोबा, जिला मलेरिया अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का मनाया जन्मदिन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**




समाजवादी पार्टी कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ केक काट कर मिष्ठान्न वितरण कर मनाया गया। पूरे जनपद में सभी विधान सभाओं में पार्टी के लोगों द्वारा वृक्षारोपण, फल एवं मिष्ठान वितरण एवं भंडारे का कार्यक्रम किया गया। जिला कार्यालय में मुख्यरूप से सांसद नरेश उत्तम पटेल, पूर्व सांसद डॉ अशोक पटेल, विधायक ऊषा मौर्या, चेयरमैन एड राजकुमार मौर्या, संतोष द्विवेदी, राम शरण यादव, समरजीत सिंह, दलजीत निषाद जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार, गणेश वर्मा, कमलेश वर्मा, कुश वर्मा, मोइन खान, शमीम अहमद, रीता प्रजापति, बीना पटेल, संगीता राज पासवान, राम कृपाल सोनकर, अरुणेश पांडे, डा अफसर अली, एड सुघर सिंह यादव, देवेंद्र लोधी, मनोज यादव, अनिरुद्ध यादव, राजेंद्र वर्मा, चंद्र शेखर बेदी, राम गुलाम जाटव, हीरालाल साहू, सऊद अहमद, कालिका सिंह, परवेज़ आलम, वीरेंद्र तिवारी, अमित मौर्य, महफूज़ खान, एड संदीप श्रीमाली, वी के साघु, इंदल सिंह, अंकित यादव, सुशील दोषी, रविन्द्र यादव, विवेक उमराव, जितेंद्र पासवान , एड जगनायक सचान, सुनील उमराव, प्रेम नाथ विश्कर्मा, राम दुलारे पासवान, नरेंद्र प्रजापति, डीजी कुशवाहा, महेंद्र निषाद, ज्ञान सिंह, चंदन पाल, कपिल यादव, सुहैल खान हेमू, शिव सिंह यादव, अकरम गुड्डू, डॉ राम नरेश पटेल, शनि लोधी, रामदुलारे पासवान, लल्ला सविता, रामतीरथ परमहंस, इंजीनियर सिद्धार्थ कोरी, नंदकिशोर पाल, नरेश कोरी आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

- डीएम ने सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में क्षेत्र पंचायत निधि, विगत वित्तीय वर्ष के व्यय एवं चालू वित्तीय वर्ष के नियोजन सहित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्र पंचायत निधि के अंतर्गत विगत वर्ष किए गए व्यय तथा चालू वर्ष की कार्ययोजना का विस्तृत परीक्षण किया। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), ग्राम निधि, सांसद एवं विधायक निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), फैमिली आईडी तथा बुंदेलखंड विकास निधि के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने, फैमिली आईडी से संबंधित कार्यों में तेजी लाने तथा ग्राम स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य पूर्ण करें तथा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार डीडीओ पंकज यादव,पीडी विपिन कुमार, डीपीआरओ सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदेय स्थलों के पुनर्गठन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित



- जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों को दी समय-सारणी की जानकारी

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्य निर्वाचन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदेय स्थलों के सम्भाजन (पुनर्गठन) की प्रक्रिया को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज ने की। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन, पुनर्निर्धारण तथा नए मतदेय स्थल स्थापित करने हेतु निर्धारित समय-सारणी से अवगत कराया गया। साथ ही उपजिलाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की संकलित सूची एवं संख्यात्मक सूचना भी उपलब्ध कराई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत 24 जून से 28 जून तक भवनों का चिन्हांकन एवं सत्यापन, 29 जून से 1 जुलाई तक राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर प्रस्ताव तैयार करना, 4 जुलाई को आलेख्य सूची का प्रकाशन एवं आपत्ति-सुझाव प्राप्त करना, तथा 18 जुलाई तक शिकायत एवं सुझावो के निस्तारण के बाद अंतिम सूची तैयार की जाएगी। इसके उपरांत 25, 27 एवं 28 जुलाई को प्रस्ताव आयोग के अनुमोदनाथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजा जाएगा तथा 31 जुलाई तक आयोग को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे मतदेय स्थलों के संबंध में अपने सुझाव एवं आपत्तियाँ निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित रूप में उपलब्ध कराएँ, ताकि पारदर्शी एवं सुचारु प्रक्रिया के तहत अंतिम सूची तैयार की जा सके। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ समस्त उपजिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराने की प्रशासनिक रणनीति तैयार

- सड़कों पर अवैध अतिक्रमण करने वाली जगह को किया गया चिन्हित
- ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही के नेतृत्व में चलेगा अभियान
- डीएम, एसपी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, सिटी मजिस्ट्रेट ने किया नगर भ्रमण

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



जनपद मुख्यालय उरई की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासनिक अमला अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय टीम ने शहर का भ्रमण कर अवैध अतिक्रमण करने वाले स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर उसे चिन्हित किया।

इस दौरान एसडीएम न्यायिक रिंकू सिंह राही और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सुरक्षा व यातायात की दृष्टि से व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। घंटाघर से शुरू हुआ यह प्रशासनिक काफिला मौनी मंदिर और स्टेशन रोड होते हुए मच्छर चौराहा तक पहुंचा, जहां अधिकारियों ने सड़कों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं को स्वयं देखा। नगर भ्रमण के बाद मीडिया से संवाद करते हुये पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सख्त तेवर अपनाते हुए कहा कि शहर की सूरत बदलने के लिए अतिक्रमण के खिलाफनिर्णायक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जों और बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण आमजन को होने वाली समस्याओं को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि सभी सरकारी व सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए ताकि यातायात सुचारू रह सके। इस औचक निरीक्षण के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप की स्थिति है और शहर में बड़े स्तर पर प्रशासनिक कार्रवाई की सुगबुहट तेज हो गई है। इसी के साथ प्रशासनिक स्तर पर नगर को अतिक्रमण से मुक्त कराने के अभियान का जल्द ही आगाज होगा।

### समाजवादियों ने अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पीडीए पेड़ लगा की दीर्घायु की कामना



**उरई (जालौन)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के द्वारा केक काटा गया तदुपरांत पीडीए पेड़ रोपण करके दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर, पूर्व मंत्री श्रीराम पाल, पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा, पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, जिला महासचिव जमालुद्दीन, लाखन सिंह कुशवाहा, वीरेंद्र यादव, अतर सिंह राठौर,संदीप यादव, राजू अहिरवार, दीपू त्रिपाठी, जयशंकर द्विवेदी, गोपाल जी मिश्रा, जीवन प्रताप वाल्मीकि, मान सिंह पाल, चिंटू निरंजन भानु राजपूत महेश्वर द्विवेदी महेश विश्वकर्मा, महेश शिरोमणि, वेद प्रकाश यादव, नत्थू सिंह कुशवाहा, रामरतन प्रजापति, पंकज दीक्षित मनोज अहिरवार, शैलेंद्र श्रीवास, शनि यादव, सौरभ सेंटू, शबीउददीन, महबूब मंसूरी, गजेन्द्र पटेल, प्रताप सिंह यादव, दशरथ सिंह पाल, जब्बार शाह अनिल यादव इमरान उल्ला, अनुज यादव मांडवी निरंजन, रश्मि पाल, मीरा राठौर, पारूल खरे, संतोषी प्रजापति सीमा सिंह, नन्दनी खटीक, मंजू, गुडडन, माधुरी बाल्मीकि, हेमंत धनगर, पम्मू विश्वकर्मा देवेंद्र चौधरी, अशरफ मंसूरी, सर्वेश पाल, बलराम सिंह पाल सचिव, सुरेंद्र राजपूत, प्रमोद औंता, लोकेंद यादव, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुबह-सुबह परिवहन विभाग का बड़ा एक्शन नियम तोड़ने वाले दो स्कूली वाहन सीज



**जालौन (उरई)।** बुधवार सुबह जालौन नगर में परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर लापरवाही बरतने वाले वाहन संचालकों को स्पष्ट संदेश दे दिया कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। एआरटीओ राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए दो स्कूली वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया।

जांच के दौरान वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा, आवश्यक दस्तावेजों तथा सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर दोनों वाहनों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त कर सीज कर दिया गया। हालांकि इस पूरी कार्रवाई के बीच सबसे सराहनीय पहल तब देखने को मिली, जब एआरटीओ राजेश कुमार वर्मा ने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने स्कूली बच्चों को अपनी सरकारी गाड़ी से सुरक्षित उनके विद्यालय पहुंचवाया। विभाग की इस संवेदनशील कार्यशैली की लोगों ने जमकर सराहना की। परिवहन विभाग ने साफ कहा है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूल वाहन संचालकों के खिलाफ आगे भी लगातार सघन अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी स्कूल प्रबंधनों और वाहन मालिकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों के सभी दस्तावेज, फिटनेस और सुरक्षा मानकों को समय पर पूरा रखें, ताकि बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सके।

## कालपी के लिए तैयार होगी दीर्घकालिक कार्ययोजना: मंडलायुक्त

- उद्योगों के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन की दिशा में बनेगा प्रभावी मॉडल
- उद्योग रहेंगे सुरक्षित, प्रदूषण की समस्या का निकलेगा स्थायी समाधान

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार को मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने कालपी सर्किट हाउस सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में पेपर उद्योगों से जुड़े उद्यमियों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। मंडलायुक्त ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों का संरक्षण प्रदेश की आर्थिक प्रगति के लिए आवश्यक है, वहीं पर्यावरण संरक्षण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इन दोनों उद्देश्यों के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जो समाधान प्रस्तुत किया गया है, वह व्यवहारिक और दूरदर्शी है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है तो उद्योगों को राहत मिलेगी और प्रदूषण की चुनौती का भी स्थायी समाधान निकल सकेगा। उन्होंने कहा कि कालपी क्षेत्र के औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। किसी भी आधारभूत परियोजना का निर्माण केवल वर्तमान परिस्थितियों को देखकर नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाता है। इसी दृष्टिकोण से जल शोधन संयंत्र (वाटर ट्रीटमेंट प्लांट) सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि वर्ष 2045 तक की संभावित आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मजबूत एवं टिकाऊ आधारभूत ढांचा विकसित किया जा सके। मंडलायुक्त ने कहा कि कालपी तेजी से विकसित हो रहा है। ऐसे में औद्योगिक विस्तार, पर्यावरणीय मानकों और जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए एक समग्र एवं दीर्घकालिक योजना के तहत कार्य किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन, उद्योगों और संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से ऐसा मॉडल विकसित होगा, जिससे उद्योगों की प्रगति भी सुनिश्चित होगी और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य भी प्रभावी रूप से प्राप्त किए जा सकेंगे।

**सूचना**

मेरा एपी पब्लिक स्कूल के अभिलेखों में त्रुटिवश नाम आयुष यादव दर्ज हो गया है, जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम आयुष दर्ज है जो सही है। मेरा सही नाम आयुष स्कूल अभिलेखों में दर्ज करने की कृपा करें। **आयुष पुत्र रजनीश कुमार निवासी मोहल्ला चिलांका, कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद**

# केक काटकर मनाया गया सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जन्मदिन



**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन हैदरगढ़ में भी मनाया गया। इस अवसर पर 272 विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ से कई बार टिकट मांग चुके सपा नेता गौतम रावत के गोतौना स्थित आवास पर केक काटकर एवं आम के पेड़ बांटकर मनाया गया। इस अवसर पर कलमकारों को भी सम्मानित किया गया और उनसे प्रदेश एवं केंद्र की वर्तमान सरकारों के तानाशाही पूर्ण गतिविधियों से समाज को अवगत कराने की अपील की गई।

इस अवसर पर वक्ताओ ने महंगाई, पेपर लीक के मुद्दे उठाते हुए कहा कि नीट जैसी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र निराश होकर आत्म हत्या कर रहे हैं। महंगाई इतनी बढ़ गई है जनता दो वक्त की भरपेट थाली के लिए तरस रही हैं। कहां की इस सरकार की तानाशाह कार्यप्रणाली से आम जनता के साथ-साथ युवा वर्ग त्रस्त है। और 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प ले चुका है। ।कार्यकर्ताओं काआह्वान किया कि यदि राष्ट्रीय अध्यक्ष को मुख्यमंत्री बनना चाहते हो तो इसके लिए अपने बूथ को मजबूत करना होगा। क्योंकि बूथ जीते बिना ना तो हम विधायक और ना ही अपना मुख्यमंत्री बना सकते हैं।जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ सपा नेता हरेराम सिंह यादव लखनऊ से पार्षद ममता रावत मीना यादव सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश प्रताप सिंह राजू सिंह सोनिकपुर प्रधान आनंद प्रताप सिंह भैरव सिंह जिला पंचायत सदस्य सिपाही लाल यादव रामचंद्र भवन कुमार मौर्य शिवकुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नाली विवाद में खूनी संघर्ष, 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत, आधा दर्जन घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** नाली को लेकर पिछले 2 महीने चल रहा विवाद बुधवार की दोपहर बाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। इस संघर्ष में जहां एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई वहीं इसी पक्ष की वृद्धा सहित आठ लोग घायल हो गए दूसरे पक्ष से भी पांच लोग घायल है। पहले पक्ष के चार घायलों को गंभीर चोटों के चलते जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार पूरे मेहरबान मजरे बरांवा गांव निवासी भगवानदिन पुत्र हीरालाल 60 वर्ष एवं उनके पट्टीदार पूतु पुत्र खुशीराम के बीच जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी रंजीत को लेकर अब तक कई बार मारपीट हो चुकी है। बुधवार की दोपहर इस विवाद में नया मोड़ तब आया जब गांव निवासी भगवान दिन अपनी पत्नी रामवती 56 साल के साथ खेत देखने गए जहां पर उनके खेत की



मेड कटी हुई थी खेत देखकर लौटे दंपति तुमने जब इसका कारण जानना चाहा तो आप है कि अभी तो मेल कटी है अब तुमको काटेंगे कहकर विपक्षियों ने लाठी डंडों एवं धारदार हथियारों से हमला बोल दिया बचने के लिए घर में घुसे दंपति और उनके बच्चों को भी हमला कर गंभीर रूप से घायल दिया इस हमले में भगवानदीन के अलावा उनकी पत्नी रामावती 55 वर्ष ,चांदनी 14 वर्ष पुत्री राजेंद्र प्रसाद, सुरेश 17 वर्ष पुत्र भगवानदीन, शांति 21 पुत्री राजेश, महेश पुत्र भगवानदीन, राजेंद्र 40 वर्ष पुत्र भगवानदीन, योगेंद्र 30 वर्ष पुत्र भगवानदीन, अमर पुत्र राजेश 15 वर्ष घायल हो गई इन घायलों में से गंभीर रूप से घायल रामवती चांदनी शांति महेश आज को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। पाटीदारों के बीच हुए इस विवाद के बाद एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां इलाज के दौरान भगवानदीन की मौत हो गई। भयंकर मारपीट में पिता की जान गवाने वाले योगेंद्र ने बताया कि सहन की भूमि पर नाली को लेकर चल रहे विवाद में विपक्षियों द्वारा पिछले 2 माह के दौरान कई बार मारपीट की गई इसकी एप्लीकेशन भी पीड़ित पक्ष द्वारा दी गई परंतु ठोस कार्यवाही ना करके पुलिस द्वारा केवल चालान करके अपने कर्तव्य की इति श्री कर ली गई यही कारण रहा कि विपक्षियों ने आज घर में घुसकर जान लेने की नियत से हमला बोल दिया।

## लेखपाल की कार्यशैली विवाद निपटारा की जगह बढ़ा रहे विवाद

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुरक्षित भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाने के लिए, न्यायालय द्वारा बार बार आदेश के बाद भी हल्का लेखपाल पर अवैध कब्जा हटाने की बजाय विपक्षियों से सांठगांठ कर छप्पर रखवाने का आरोप लगाया गया है। अब इस संबंध में जिलाधिकारी से शिकायत कार्यवाही की मांग की गई हैं। कोतवाली हैदरगढ़ के सुजारा मजरे बहुता गांव निवासी रामबरन पुत्र जगनंदन ने बताया कि ग्राम सभा बहुता में खलिहान के लिए सुरक्षित भूमि पर गांव के सतगुरु प्रसाद सहित ग्राम पंचायत के पांच व्यक्तियों के विरुद्ध उन्होंने तहसीलदार न्यायिक हैदरगढ़ के न्यायालय में धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

# रील्स का अखाड़ा बन चुके रेलवे स्टेशन परिसर पर दिखा खतरनाक स्टंटबाजी का नजारा, वीडियो वायरल

**बछरावा रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एवं वर्तमान समय में रील्स एवं स्टंट बाजी का अड्डा बन चुके बछरावां रेलवे स्टेशन परिसर में ट्रैक्टर के ऊपर सवार होकर कई युवको के द्वारा की गई एक खतरनाक स्टंट बाजी के नजारे का वीडियो बीते मंगलवार की देर रात इंटरनेट मीडिया पर जमकर वायरल हो गया। वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति के द्वारा यह जानकारी दी गई की रेलवे स्टेशन पर कुछ लोग ट्रैक्टर पर सवार होकर स्टंटबाजी कर खिलवाड़ करते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि यह वायरल वीडियो रेलवे स्टेशन



रेलवे स्टेशन पर कुछ लोग खिलवाड़ करते हुए ट्रैक्टर पर

परिसर से बाहर निकलने वाले स्थान अर्थात एग्जिट गेट के सामने का है। जहां पर साइकिल लिए एक मासूम बच्चा भी खड़ा हुआ दिखाई दे रहा है, और वही ट्रैक्टर पर सवार कुछ युवक रील्स बनाने के चक्कर में खतरनाक स्टंट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वैसे बात की जाए तो बछरावा का रेलवे स्टेशन बीते कई महीनो से रील्स एवं खतरनाक स्टंटबाजी का अखाड़ा बन चुका है।

क्षेत्र के तमाम युवक-युवतियों एवं अन्य लोग रेलवे पटरियों के बीच में, प्लेटफार्म पर एवं रेलवे स्टेशन परिसर के अन्य स्थानों पर अपनी रील्सबाजी एवं स्टंटबाजी का नजारा दिखाते हुए इंटरनेट मीडिया पर देखे जा सकते हैं। फिलहाल उक्त वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के पश्चात चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग रेलवे स्टेशन परिसर पर सार्वजनिक रूप से ऐसी खतरनाक रील्सबाजी एवं स्टंटबाजी को रोकने में नाकाम दिख रही रेलवे पुलिस के ऊपर भी सवाल उठाते हुए नजर आ रहे है।

## मांग के बाद भी एजेंसी गौशालाओं को नही आपूर्ति कर रही भूसा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** जनपद में संचालित गौ वंश आश्रय स्थलो पर बार-बार डिमांड किए जाने के बाद भी संबंधित एजेंसी द्वारा भूसा की आपूर्ति नहीं की जा रही है जिसकी वजह से गोवंश के भरण पोषण में कठिनाई हो रही है। ग्राम पंचायत रनापुर के प्रशासक एवं अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल के संचालक राजीव मोहन चौधरी, घरकोइया के सुशील कुमार,सीठूमऊ के राम सागर, बेहटा की कुसुम लता व चौबीसी के शिवमोद मौर्य ने खंड विकास अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया की मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बाराबंकी कार्यालय के पत्र के सापेक्ष 1 जून को जनपद बाराबंकी के सभी विकास खण्डों में संचालित गौवंश आश्रय स्थलों पर भूसा आपूर्ति के लिए टेंडर कराया गया था।

# डीएम ने एकीकृत आयुष चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज 50 शैय्यायुक्त एकीकृत आयुष चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय की ओपीडी, आईपीडी, वार्ड, औषधि वितरण कक्ष, पंचकर्म इकाई, योग कक्ष एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि अस्पताल में ओपीडी व आईपीडी दोनों की व्यवस्था है, वर्तमान समय में 03 आयुर्वेदिक, 02 होम्योपैथिक व 01 यूनानी ओपीडी संचालित हो रही है। जिलाधिकारी ने मरीजों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही



चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मरीज को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा चिकित्सालय में सभी आवश्यक दवाएं एवं मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। उन्होंने चिकित्सालय परिसर की स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए नियमित साफ-सफाई एवं बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आयुष चिकित्सा, योग एवं पंचकर्म जैसी उपचार पद्धतियों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने पर भी बल दिया, ताकि आमजन इन सेवाओं का अधिकाधिक लाभ उठा सकें। निरीक्षण के समय अस्पताल के सामने के तालाब की साफ-सफाई कराकर सौंदर्यीकरण कराए जाने के निर्देश दिए, जिससे कि अस्पताल आने वाले मरीजों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 अब्दुल वहाब सहित संबंधित चिकित्सकगण एवं चिकित्सालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबरें एक नजर में

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले सीतापुर में पिछड़ा वर्ग आयोग की सार्वजनिक सुनवाई आज

**स्थानीय ग्रामीण निकायों में राजनीतिक पिछड़ेपन पर आयोग जुटाएगा सुझाव और तथ्य**

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की सार्वजनिक सुनवाई 02 जुलाई 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। यह सुनवाई प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक होगी। सूचना विभाग के अनुसार, माननीय उच्चतम न्यायालय एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय (लखनऊ खंडपीठ) के विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णयों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के राजनीतिक प्रतिनिधित्व, पिछड़ेपन की प्रकृति तथा उसके प्रभावों का समकालीन एवं अनुभवजन्य अध्ययन कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया है। आयोग का गठन पंचायती राज विभाग की अधिसूचना संख्या 1274/33-3-2026 दिनांक 18 मई 2026 के तहत किया गया है। आयोग प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सार्वजनिक सुनवाई आयोजित कर नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा संबंधित पक्षों से सुझाव और तथ्य प्राप्त कर अपनी अनुशंसाएं तैयार करेगा।

इसी क्रम में सीतापुर में आयोजित होने वाली सार्वजनिक सुनवाई में स्थानीय ग्रामीण निकायों में राजनीतिक पिछड़ेपन के स्वरूप एवं प्रभावों पर विचार-विमर्श किया जाएगा तथा संबंधित पक्षों से प्राप्त सुझावों को आयोग अपनी रिपोर्ट में शामिल करेगा।

### केशवामऊ गौशाला में मृत गोवंशों के शव, प्रशासन कब जागेगा?

**गौशाला में बड़ा खेल, मृत गोवंश खुले में, जिम्मेदार मौन**

**सीतापुर।** विकास खंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत केशवामऊ स्थित गौशाला की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गौशाला में सचिव और ग्राम प्रधान की कथित मिलीभगत तथा लापरवाही के कारण गोवंशों के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है। आरोप है कि गौशाला में मृत गोवंशों के शव खुले में पड़े हैं, जिन्हें कुत्ते नोच-नोचकर खा रहे हैं। यह दृश्य न केवल मानवता को शर्मसार करता है, बल्कि गौसंरक्षण के सरकारी दावों पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है।

प्रदेश सरकार गोवंशों के संरक्षण और उनके बेहतर रख-रखाव के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन केशवामऊ गौशाला की कथित बदहाल स्थिति से यह व्यवस्था कटघरे में दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लापरवाही करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

यदि लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह सरकारी धन के दुरुपयोग, पशु संरक्षण के नियमों की अनदेखी और गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का मामला हो सकता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी सचिव, ग्राम प्रधान और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## प्रेम प्रपंच के बीच टावर पर चढ़ी किशोरी, पुलिस ने नीचे उतारा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के महोना पूरब ग्राम पंचायत के शेखवापुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक नाबालिग किशोरी गांव के पास स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गई। बताया जा रहा है कि किशोरी अपने प्रेमी से शादी कराने की मांग को लेकर नाराज थी और इसी वजह से उसने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अतुल सिंह, महिला थाना प्रभारी दीपशिखा सिंह तथा बाजार शुकुल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने करीब तीन घंटे तक लगातार बातचीत और समझाने का प्रयास किया, लेकिन किशोरी अपनी मांग पर अड़ी रही। पुलिस के अनुसार किशोरी और गांव के ही एक युवक के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध हैं। दोनों विवाह करना चाहते थे, लेकिन पारिवारिक सहमति न बनने के कारण विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।

## पेड़ के नीचे मिला युवती का शव, हत्या की आशंका

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के रणवीर नगर गांव में बुधवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान काजल पुत्री अमर नाथ उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार काजल मंगलवार देर रात से घर से लापता थी। काजल का शव उसके घर से लगभग 200 मीटर दूर सफेदा के पेड़ के नीचे से बरामद हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच शुरू कर दी। वहीं पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का दौरा किया और आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं



हो सका है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। मृतका की बहन ने आरोप लगाया है कि काजल की गांव के एक युवक से बातचीत होती थी और वह युवक उसे अक्सर धमकाया करता था। परिजनों ने मामले में उक्त युवक की भूमिका की जांच की मांग की है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी ने बताया जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, अन्तर्जनपदीय चार चोर गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में गौरीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नेता रोड पर खड़ी संदिग्ध ब्रेजा कार पर सवार 3 व्यक्तियों, सुभाष चन्द्र पाठक पुत्र शिवपूजन पाठक निवासी कुनगाई बुजुर्ग पोस्ट इटवा थाना पैकोलिया जनपद बस्ती, राजकुमार तिवारी पुत्र भगवान दास तिवारी निवासी शिवदीन का पुरवा मजरे अमटाही थाना संग्रामपुर व मनीष कुमार गुप्ता पुत्र वंदन कुमार गुप्ता निवासी कस्बा व थाना हरइया जनपद बस्ती की तलाशी व वाहन की तलाशी ली गयी। तीनों के कब्जे से एक-एक एण्ड्रॉयड फोन व कार से 38400/-रुपये बरामद हुए। कार का




नंबर जांचने पर ज्ञात हुआ कि उक्त नंबर थार कार का है। पूछताछ करने पर सुभाष ने बताया कि यह कार उसकी है। अभियुक्तों ने बताया कि वह लोग ब्रेजा कार की नंबर प्लेट बदल कर उसी कार से अयोध्या, सुलतानपुर, बस्ती, अमेठी, प्रतापगढ़, बनारस, प्रयागराज आदि जनपदों में लोकल साथियों के साथ सूनसान जगहों पर बनी इलेक्ट्रॉनिक दुकानों की रैकी करके दुकानों के बाहर रखे कीमती सामान व शटर तोड़कर अंदर रखे सामान को चोरी कर लेते हैं एवं इसी ब्रेजा कार व तीन पहिया लोडर वाहन पर लादकर दूसरे जनपदों में सस्ते दामों में बेच देते हैं। बरामद रुपये वही रुपये हैं शेष रुपये खर्च कर दिये हैं। दोबारा इसी महीने में गौरीगंज कस्बे में ही दुकान का शटर उठाकर उसमें रखी बैट्रियां व इन्वर्टर निकाल लिया था। कुछ छोटी बैट्रियों को बेच दिया था शेष इन्वर्टर व बैट्रियां उनका साथी मोहन वर्मा पुत्र लक्षीराम निवासी नारायणपुर मिसिर जनपद बस्ती, सैंठा नाला पुल के पास तीन पहिया लोडर वाहन पर लाद कर उनका इंतजार कर रहा है।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ जिला संयुक्त चिकित्सालय गौरीगंज परिसर से किया गया। अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा शाहू, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, नोडल अधिकारी वीबीडी डॉ. प्रदीप तिवारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.के. उपाध्याय, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गौरीगंज डॉ. राजीव सौरभ, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहेब सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका



परिषद गौरीगंज, पंचायती राज विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए उपयोग में लाई जाने वाली फॉगिंग मशीन एवं एंटी लार्वा मशीन का प्रदर्शन भी किया गया। आशा एवं एएनएम के माध्यम से घर-घर भ्रमण कर बुखार एवं आईएलआई रोगियों की पहचान, क्षय रोग के संभावित मरीजों की सूची तैयार करने, मच्छरों से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाने, मच्छरों के प्रजनन स्थलों का विनष्टीकरण तथा वेक्टर सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे तथा दिव्यांगजनों की सूची तैयार कर संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाएगी। नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों द्वारा शहरी क्षेत्रों में नालियों की सफाई, लार्वानाशी दवाओं का छिड़काव, कूड़े का समुचित निस्तारण तथा फॉगिंग कराई जाएगी। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग खुले में शौच से मुक्ति, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, हैंडपंपों एवं प्लेटफार्मों की मरम्मत, पर्यावरणीय स्वच्छता तथा नालियों की सफाई सुनिश्चित करेगा। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण कर उन्हें आवश्यक पोषाहार उपलब्ध कराया जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर पोषण पुनर्वास केंद्रों में उपचार एवं देखभाल की व्यवस्था की जाएगी।

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा का शक्ति प्रदर्शन, भाजपा पर साधा निशाना



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर वरिष्ठ सपा नेता के नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बुजुर्गों, जरूरतमंदों और गणमान्य नागरिकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केक काटकर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया और वर्ष 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिव प्रताप यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में ही प्रदेश विकास और सुरक्षा के रास्ते पर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियों से किसान, गरीब और आम जनता परेशान है। छुट्टा पशुओं से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं, जबकि बिजली कटौती और कानून-व्यवस्था के मुद्दों से जनता जूझ रही है।

# दो साल से खराब पड़ा सरकारी हैंडपंप, मरम्मत के नाम पर भुगतान की चर्चा, ग्रामीणों ने उठाए सवाल

**सीतापुर।** विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत कनवा खेड़ा में सीतापुर-रामकोट रोड स्थित पावर हाउस के सामने शंकर जी महाराज के मंदिर परिसर के पास लगा सरकारी हैंडपंप पिछले लगभग दो वर्षों से खराब पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद आज तक हैंडपंप की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे क्षेत्र के लोगों और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शंकर जी महाराज के मंदिर पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए आते हैं। विशेष रूप से सावन माह, महाशिवरात्रि, बड़े मंगल तथा अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान यहां हजारों लोगों की आवाजाही रहती है। हाल ही में आयोजित भंडारे के समय भी खराब पड़े हैंडपंप के कारण श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम विकास अधिकारी छाया यादव और ग्राम प्रधान की उदासीनता के कारण दो वर्षों से यह सरकारी हैंडपंप बंद पड़ा है। उनका कहना है कि यदि हैंडपंप की मरम्मत एवं रखरखाव के नाम पर सरकारी धन का भुगतान किया गया है, तो आखिर आज तक यह चालू क्यों नहीं हो सका? इससे पंचायत में विकास कार्यों और सरकारी धन के उपयोग की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच में मरम्मत के नाम पर भुगतान या किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है, तो संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर इस मामले का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराएंगे? क्या दो वर्षों से बंद पड़े सरकारी हैंडपंप की जिम्मेदारी तय होगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी? इन सवालों के जवाब का इंतजार पूरे गांव के लोग कर रहे हैं।

# रायबरेली में सिटी पॉलीक्लिनिक का शुभारंभ, अब घर के नजदीक मिलेंगी विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़**

आमजन को उनके घर के निकट गुणवत्तापूर्ण एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जनपद में सिटी पॉलीक्लिनिक की स्थापना की गई है। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किलाबाजार को उच्चीकृत कर सिटी पॉलीक्लिनिक के रूप में विकसित किया गया है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ओपीडी सेवाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। चिकित्सक दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्र ने सिटी पॉलीक्लिनिक का



उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि एम्पैनल्ड विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आज से ओपीडी सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। प्रतिदिन दो विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को सेवाएं प्रदान करेंगे। इनमें स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, अस्थि रोग, त्वचा रोग, सामान्य चिकित्सा तथा मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विशेषज्ञ सेवाएं शामिल हैं। शहरी स्वास्थ्य समन्वयक विनय पांडेय ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप शहरी गरीबों एवं अन्य नागरिकों को उनके घर के पास निःशुल्क विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सिटी पॉलीक्लिनिक की स्थापना की गई है। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं निर्धारित रोस्टर के अनुसार उपलब्ध रहेंगी। सोमवार को स्त्री रोग एवं बाल रोग, मंगलवार को जनरल फिजिशियन एवं अस्थि रोग, बुधवार को स्त्री रोग एवं चर्म रोग, बृहस्पतिवार को जनरल फिजिशियन एवं मनोचिकित्सक, शुक्रवार को स्त्री रोग एवं बाल रोग तथा शनिवार को जनरल फिजिशियन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करेंगे। शुभारंभ के अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. श्वेता वर्मा एवं डॉ. सुधीर सिंह ने मरीजों को ओपीडी सेवाएं प्रदान कीं। पॉलीक्लिनिक में स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, अस्थि रोग, कान-नाक-गला (ईएनटी) रोग, त्वचा रोग, सामान्य चिकित्सा, नेत्र रोग तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

## तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रहे युवक को मारी टक्कर

**समृद्धि न्यूज़, लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र के मुबारकपुर के पास उस समय हड़कंप मच गया जब विशाल पुत्र रामस्वरूप उम्र 25 वर्ष निवासी बहाई जोकि अमृतका पुरवा में शादी समारोह में शामिल होने आए थे और मुबारकपुर में स्थित एक नाई की दुकान पर बाल कटवा कर वापस घर जा रहे थे तभी वह रोड पार करने लगे सामने से आ रही तेज रफ्तार अपाची बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस के जरिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# उत्साहपूर्वक मनाया अखिलेश व अरविन्द सिंह का जन्मदिन



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पूर्व विधायक के आवास कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के पीडीए जननायक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तथा पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर दोनों नेताओं के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा सामाजिक न्याय, समानता और विकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को जनता की सेवा तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, प्रताप सिंह यादव, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता रिंकू, हाजी स्वदेश पाल, मन्ना शुक्ला, प्रधान रामशंकर, प्रदेश सचिव अमन खान, नगर पंचायत अध्यक्ष जानू खान, जिला पंचायत सदस्य रीपू यादव, पूर्व प्रत्याशी राज चौहान, कुंवर जितेन्द्र पाल, बजरंग चौहान, लालू ठाकुर, डॉ. धर्मेन्द्र प्रताप, रमन यादव सहित जोनल, सेक्टर, बूथ प्रभारी, बीएलए, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

## जूस और शरबत वितरित कर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

छिबरामऊ। नगर के पीपल चौराहा पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर और सपा नेता गोविंद यादव के नेतृत्व में केक काटा गया तथा राहगीरों और लोगों को जूस व शरबत वितरित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता शैलेंद्र बबल प्रधान, अशोक चौहान, अच्छे खां, अरविंद गुप्ता, अवनीश गुप्ता, विवेक, प्रवेश, दीपक वर्मा, रामकुमार, आर्यन गुप्ता, सनी, पवनेश सहित समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## उपचार के दौरान घायल युवक की मौत, परिवार में कोहराम



**छिबरामऊ, कन्नौज।** गुरुसहायगंज में बीते बृहस्पतिवार को हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए नगर के युवक की मंगलवार शाम उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मोहल्ला कानूनगोयान निवासी अतुल उर्फ देवीलाल बाथम (पुत्र पुजारी बाथम) दुर्घटना के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन पहले उन्हें फर्रूखाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर में इलाज के दौरान मंगलवार शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी रमा बाथम और एक पुत्र को छोड़ गए हैं। मोहल्ले में भी शोक की लहर दौड़ गई।

# ऑनलाइन ठगी होने पर डायल करें हेल्पलाइन नंबर 1930

▸ पुलिस ने साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए छात्रों को किया जागरूक

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



लाइब्रेरी में साइबर फ्रॉड से बचाव के बारे में जानकारी देती महिला कांस्टेबल व मौजूद एसआई धर्मेन्द्र सिंह

साइबर अपराधों से बचाव के लिए बुधवार को गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस की ओर से दो स्थानों पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्रों को ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए गए और साइबर हेल्पलाइन व ऑनलाइन शिकायत पोर्टल की जानकारी भी दी गई। मिशन शक्ति अभियान के तहत जसोदा चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में जलालाबाद स्थित बाबा लाइब्रेरी और जसोदा रजत लाइब्रेरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला कांस्टेबल अपूर्वा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर अपने खाते में रुपये न मंगाएं और न ही किसी अज्ञात खाते में धनराशि भेजें। सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा न करें तथा फोटो और वीडियो भेजने से भी बचें। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध गतिविधि होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। जागरूकता और सतर्कता से अधिकांश साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। इस दौरान अशोक कुमार, नीरज, योगेंद्र सिंह, रेनू, प्रवेश, पूनम सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान तेज



▸ 27 जुलाई को डीएम को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गौ सम्मान आवाहन अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना के गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडेय के नेतृत्व में जनपद कन्नौज में हस्ताक्षर अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सकरावा निवासी शैलेंद्र कुमार उर्फ शैलू मिश्रा, सचिन दीक्षित, कृष्णा बाबू मिश्रा, सुभाष चंद्र मिश्रा, हितेंद्र त्रिपाठी और अनिकेत मिश्रा ने हस्ताक्षर कर अभियान का समर्थन किया। इस दौरान आगामी रणनीति पर चर्चा करते हुए क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर हस्ताक्षर अभियान को गति देने का संकल्प लिया गया। अभियान से जुड़ने के इच्छुक लोगों से 9067777323 पर मिस्ड कॉल देने की अपील की गई। अभियान के तहत एकत्रित हस्ताक्षर प्रतिलिपि 27 जुलाई को जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। इस अवसर पर कृष्णा पांडेय, अंशुल राठौर, तेज सिंह, अमित राठौर, अजीत राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मजबूत नींव से बनता है बच्चों का भविष्य : विधायक अर्चना पांडे

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



विशुनगढ़ रोड पर लिटिल स्टार गेस्ट हाउस के पास बचपन प्ले स्कूल का भव्य शुभारंभ विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अर्चना पांडे ने कहा कहा कि आजकल के प्रतिस्पर्धी युग में बच्चों की नींव मजबूत करना जरूरी है। जब नींव मजबूत होगी तो उनका भविष्य भी अच्छा बनेगा बचपन प्ले स्कूल इसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है, जहां बच्चे बिना बोझ महसूस किए सीखेंगे और अपनी प्रतिभा निखारेंगे। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा स्थानीय अभिभावकों में भी इस स्कूल को लेकर काफी उत्साहित है। यहां पर नन्हे मुन्ने बच्चे खेल-खेल में पढ़ाई करेंगे। स्कूल के चैयरमैन एवं श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि यहां नन्हे मुन्ने बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जाएगी। बच्चों के खेलने के लिए शानदार इनडोर हॉल और सभी कमरों में एसी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बचपन प्ले स्कूल की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा हमारा उद्देश्य बच्चों को आधुनिक और रचनात्मक शिक्षा मुहैया कराना है। स्कूल में सीसीटीवी सिक्योरिटी, सॉफ्ट प्ले एरिया, म्यूजिक और डांस रूम, स्मार्ट क्लासरूम, योग और ध्यान कक्ष की व्यवस्था भी की गई है। शिक्षक अनुभवी और प्रशिक्षित हैं जो हर बच्चे पर व्यक्तिगत ध्यान देंगे। उन्होंने कहा वर्ष 2004 में स्थापित बचपन प्ले स्कूल की पूरे भारत में 1200 से अधिक फ्रेंचाइजी हैं। नगर में बच्चों के अधिकांश स्कूल नेशनल हाईवे या स्टेट हाईवे के किनारे स्थित हैं जबकि बचपन प्ले स्कूल हाईवे और स्टेट वे से दूर होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से बच्चे आसानी से स्कूल पहुंच सकते हैं। स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती रश्मि गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में बचपन प्ले स्कूल की दिल्ली हेड नीरू बाला, प्रिंसिपल विमला रोज बैठ पॉल, कृति दुबे, सैजल गुप्ता, शिवानी, रूपम अवस्थी, तनु आलियाज़, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, वेद प्रकाश राठौर, छोटे मिश्रा, संजू मैनेजर, अमित भारतीय, पिंकी पांडे, भारतीय किसान यूनियन अवधेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी, राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान, राष्ट्रीय महामंत्री रत्नेश कुमार दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र प्रधान, मंडल अध्यक्ष आशीष सक्सेना, जिलाध्यक्ष अश्वनी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मेड़बंदी के नाम पर रिश्वतखोरी करने का लगा आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



तहसील क्षेत्र के ग्राम अहेरुआ राजा रामपुर के निवासी किसान अनुरूद्ध कुमार ने तहसील के कानूनगो पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। पीड़ित का आरोप है कि उनकी जमीन की मेड़बंदी के लिए 28 मार्च 2026 को आदेश हुआ था, जिसके काम को पूरा करने के नाम पर क्षेत्रीय कानूनगो ने 27 हजार रुपये और दूसरे कानूनगो ने 12 हजार रुपये की अवैध वसूली की। किसान ने बताया कि रुपये देने के बाद काम करने का भरोसा दिया गया था, मगर महीनों बाद भी काम नहीं हुआ और वे लगातार तहसील के चक्कर काट रहे हैं। पीड़ित के अनुसार राजस्व निरीक्षक क्षेत्र विशुनगढ़ मौके पर पहुंचे तो थे, लेकिन वे बिना नियमानुसार सीमांकन किए ही वापस लौट आए। अब पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है कि किसी अन्य निष्पक्ष राजस्व निरीक्षक के जरिए उनकी भूमि की पैमाइश तत्काल करवाई जाए और रिश्वत लेने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो।

# भूमि संरक्षण के लिए मेड़बंदी जरूरी, इससे बढ़ती है मिट्टी की उर्वरता: डॉ. वी.के कनौजिया




**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

▸ खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को जागरूक कर दिए सुझाव

खेत बचाओ अभियान के तहत जून माह भर चलाए गए जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में ग्राम बशीरापुर भाट में किसान जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में किसानों को भूमि संरक्षण, उर्वरता बढ़ाने और आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वी.के. कनौजिया ने कहा कि भूमि के संरक्षण और पोषण के लिए खेतों की मेड़बंदी बेहद आवश्यक है। इससे वर्षा जल का संरक्षण होता है, मिट्टी का कटाव रुकता है और खेतों की उत्पादकता में वृद्धि होती है। उन्होंने किसानों को खेतों का समतलीकरण, हरी खाद, गोबर की खाद, खलियों, जीवामृत एवं अन्य जैविक खादों के प्रयोग के साथ दलहनी फसलों में संतुलित उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी। साथ ही नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। केंद्र के वैज्ञानिक अरविंद कुमार ने जैविक उर्वरकों के प्रयोग की मात्रा, विधि और उनके लाभों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को संतुलित उर्वरकों तथा जैविक कीटनाशकों के वैज्ञानिक तरीके से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी में डॉ. अभिमन्यु, डॉ. चंद्रकला यादव सहित क्षेत्र के अनेक किसान मौजूद रहे।

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर मजदूर परिवारों को बांटे वस्त्र और फल



**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर सपा नेता दीपू चौहान ने ईंट भट्ठा पर कार्यरत गरीब एवं जरूरतमंद मजदूर परिवारों के बीच सेवा कार्य किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सुबह कॉलेज जाने से पहले अखिलेश यादव की दीर्घायु की कामना करते हुए भट्ठे पर पहुंचकर वहां रहने वाले सभी परिवारों के प्रत्येक सदस्य को वस्त्र वितरित किए। शाम के समय उन्होंने मजदूरों और उनके बच्चों को फल भी बांटे। दीपू चौहान ने कहा कि समाज के सबसे जरूरतमंद लोगों की मदद करना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि जन्मदिन मनाने का सबसे अच्छा तरीका जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना है। मजदूर परिवारों ने इस पहल की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# बिजली बकायेदारों पर चला विभाग का हंटर

▸ 38 कनेक्शन कटे चोरी के खिलाफ भी हुई छापेमारी

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



बिजली बिल बकायेदारों और बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ विद्युत निगम ने नगर में व्यापक अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की। एसडीओ पंकज कुमार चौधरी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने पुलिस बल के साथ अशोक नगर, शास्त्री नगर, चावल मंडी, तिर्वा रोड, किदवई नगर समेत विभिन्न इलाकों में घर-घर जाकर जांच की। 10 हजार से अधिक बकाये पर कार्रवाई पंकज चौधरी एसडीओ ने बताया कि लंबे समय से बिल जमा न करने वाले 38 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। इन सभी पर 10 हजार रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया था। विभाग के अनुसार 38 उपभोक्ताओं पर लाखों रुपये का बिल बकाया है। कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया था। कार्रवाई शुरू होते ही संबंधित मोहल्लों में हड़कंप मच गया। कई उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बकाया जमा कराने का प्रयास किया। विजिलेंस की ताबड़तोड़ छापेमारी इसी क्रम में विजिलेंस टीम ने अशोक नगर और किदवई नगर में बिजली चोरी की शिकायतों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। विजिलेंस प्रभारी रमेश चंद्र मौर्य ने बताया कि पुलिस बल के साथ कई घरों और दुकानों की जांच की गई। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश पर बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। एसडीओ पंकज चौधरी ने लोगों से वैध बिजली कनेक्शन लेने और नियमित रूप से बिल जमा करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि बिजली चोरी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

वन महोत्सव-2026 के तहत बुधवार को जनपद में एक पेड़ मां के नाम 3.0 अभियान का शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की और स्कूली छात्र-छात्राओं की जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, अधिकाधिक वृक्षारोपण और पौधों के संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने पीपल, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार व अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेंद्र सिंह ने नीम तथा मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने आंवले का पौधा लगाया। प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ सहित अन्य अधिकारियों ने भी कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन का आधार नहीं, बल्कि मानव जीवन और आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम 3.0 अभियान प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान के साथ प्रकृति के प्रति दायित्व निभाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी नागरिकों से पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

# आकाश एजूकेशन सेण्टर बना जनपद का इकलौता चयनित विद्यालय



**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आहूत की गई महत्वपूर्ण बैठक में जनपद कन्नौज से नगर की चर्चित संस्था आकाश एजूकेशन सेण्टर सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामगंज गुरसहायगंज को ही चयनित किया गया। विद्यालय की बढ़ती लोकप्रियता और हाईस्कूल के शानदार परीक्षा परिणाम के बाद संस्था को यह उपलब्धि मिली है।

अन्य बोर्ड के छात्रों के प्रवेश पर हुई चर्चा परिषद की बैठक का मुख्य उद्देश्य कक्षा 10 व 12 में अन्य बोर्ड के विद्यालयों से आए विद्यार्थियों के सीधे प्रवेश की निर्धारित संख्या 10 पर विचार-विमर्श करना था। बैठक में बाह्य विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु निर्धारित संख्या में वृद्धि की जाए अथवा नहीं, इस पर मंथन किया गया। प्रदेश के कई जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षक व प्रधानाचार्य भी बैठक में आमंत्रित किए गए थे। संस्था के प्रबंधक ने बोर्ड का आभार जताया है।

हाईस्कूल में अनीस ने लहराया परचम विद्यालय के छात्र अनीस ने हाईस्कूल में 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान व प्रदेश में 10वां स्थान हासिल किया। अलौकिक राजपूत ने 94.83 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद में द्वितीय व अनुभव पाण्डेय ने 94.50 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सम्राट अग्निहोत्री ने 93.33 व जयकृष्णा ने 93.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपटेन सूची में जगह बनाई।

## प्रबंधक बोले, अनुशासन व गुणवत्ता है पहचान

विद्यालय के प्रबंधक डॉ. आर के कटियार ने कहा,कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जनपद से केवल हमारे विद्यालय को बैठक में आमंत्रित करना गर्व की बात है। यह संस्था की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। हाईस्कूल के बच्चों ने जिस तरह प्रदेश में टॉप-10 में जगह बनाई है, वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा है। हमारा लक्ष्य हर बच्चे का सर्वांगीण विकास करना है। अन्य बोर्ड से आने वाले छात्रों के लिए भी हम नियमानुसार पूरी पारदर्शिता से प्रवेश प्रक्रिया अपनाते हैं। अभिभावकों का भरोसा ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# खरीफ फसलों के बीजों पर मिलेगा अनुदान किसान उठाएं लाभ: संतोष यादव

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

▸ ऑनलाइन आवेदन से मिलेगा लाभ



उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि खरीफ सीजन की बुवाई को देखते हुए कृषि विभाग ने संकर एवं प्रमाणित बीजों पर अनुदान की व्यवस्था की है। जिले के सभी विकासखंडों के राजकीय कृषि बीज भंडारों पर संकर मक्का, धान, बाजरा और ज्वार के बीज उपलब्ध करा दिए गए हैं। इन बीजों की खरीद पर किसानों को मूल्य का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 150 रुपये प्रति किलोग्राम (फसलवार निर्धारित सीमा तक) अनुदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रमाणित धान बीज पर 25.10 रुपये, सुगंधित धान पर 39.03 रुपये तथा अरहर, उड़द और मूंग के प्रमाणित बीज पर 50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से अनुदान दिया जाएगा। विभाग द्वारा विभिन्न फसलों के मिनीकिट भी निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से संबंधित राजकीय कृषि बीज भंडार से संपर्क कर ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से अनुदानित बीजों का लाभ उठाने की अपील की।

# पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल,सौरिख इंस्पेक्टर लाइन हाजिर



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने मंगलवार को जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया। एसपी ने चार इंस्पेक्टर और सात उपनिरीक्षकों (दरोगाओं) के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नई तैनाती के आदेश जारी किए हैं। जारी तबादला सूची के अनुसार सौरिख थानाध्यक्ष जयंती प्रसाद गंगवार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनकी जगह नागेंद्र सिंह को सौरिख का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं रंजना पांडेय को तालग्राम थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इंदरगढ़ में तैनात नीलम देवी का गैर जनपद स्थानांतरण किया गया है। इसके अलावा कई अन्य थानों और शाखाओं में भी निरीक्षकों एवं उपनिरीक्षकों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी स्थानांतरित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

## नुमाइश देखने आये युवक की बाइक उठा ले गए चोर

**तिर्वा/कन्नौज।** नुमाइश देखने आए एक युवक की बाइक को शातिर चोरों ने पार कर दिया। जानकारी के मुताबिक, कोतवाली तिर्वा के उहिदापुर गांव निवासी रामकिशोर का पुत्र रिषी राजपूत बीती सायं बाइक नंबर यूपी 74 एई 8929 टीवीएस से तिर्वा आए थे। ऋषी ने बाइक को तिर्वा के डी एन इंटर कॉलेज छात्रावास में चल रही प्रदर्शनी को देखने के लिए बाइक को परिसर के निकट ही खड़ा कर दिया। प्रदर्शनी देखने के बाद जब ऋषी को अपनी बाइक खड़े किए गए स्थान पर नजर नहीं आई तो उन्होंने इधर उधर तलाश की, लेकिन बाइक का कुछ भी पता नहीं चल सका। पता चला कि उनकी बाइक को शातिर चोरों द्वारा पार कर दिया है। मामले की शिकायत पीड़ित युवक ने तिर्वा कोतवाली पुलिस से की है। युवक ने यह भी बताया कि बाइक उनके पिता रामकिशोर के नाम पंजीकृत है। शिकायती पत्र देते हुए युवक ने पुलिस से बाइक को पता लगाने की बात कही है।

## राज्यसभा सांसद बनी बीजेपी प्रदेश महामंत्री जगह जगह स्वागत

**कन्नौज।** राज्यसभा सांसद गीता शाक्य को बीजेपी सरकार में पार्टी का प्रदेश महामंत्री घोषित कर दिया गया। नया पदभार ग्रहण करने के बाद तिर्वा पहुंची नवनिर्वाचित नेता का तिर्वा नगर में पार्टी समर्थकों ने भव्य स्वागत किया।

बताते चलें कि, राज्यसभा सांसद रही गीता शाक्य को बीजेपी सरकार में प्रदेश महामंत्री पद की नई जिम्मेदारी का पदभार सौंपा गया है। बुधवार को लखनऊ से बिधूना होते हुए तिर्वा पहुंची नवनिर्वाचित प्रदेश महामंत्री का जगह जगह पार्टी नेताओं और समर्थकों ने फूल मालाओं से लादकर और स्मृति चिन्ह भेंट करने के अलावा मिष्ठान खिलाकर भव्य स्वागत किया। बीजेपी में नया पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार तिर्वा पहुंची गीता शाक्य का तिर्वा नगर में बिजलीघर के निकट समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया।

# ताहिर हुसैन ने केक काट व वृक्षारोपण कर मनाया अखिलेश का जन्मदिन



**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

हाजी तहसीन बोले- युवा उम्मीद हैं अखिलेश

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कन्नौज लोकसभा के सांसद अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन बुधवार को पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के आवास पर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूर्व विधायक ने वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर और वृक्षारोपण कर जन्मदिन मनाया। इस दौरान पूर्व विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर फल का वितरण भी किया। सत्ता परिवर्तन की तैयारी करें कार्यकर्ता कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा, इस बार प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने जा रहा है और समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। सभी कार्यकर्ता अभी से कठिन परिश्रम कर क्षेत्र में घूम-घूम कर समाजवादी पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर हम संकल्प लें कि 2027 में सपा को ऐतिहासिक जीत दिलाएंगे।

## युवाओं के आदर्श हैं अखिलेश यादव

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रूखाबाद हाजी तहसीन सिद्दीकी ने कहा,कि अखिलेश यादव जी युवाओं की उम्मीद हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ था। आज बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है। वृक्षारोपण कर हमने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया है। सपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनता को अखिलेश जी के विकास कार्यों से अवगत कराएं। 2027 में प्रदेश में फिर से सपा की सरकार बनेगी। इस मौके पूर्व ब्लाक प्रमुख कमालगंज राशिद जमाल सिद्दीकी पर जिला पंचायत सदस्य प्रमोद यादव, जिला पंचायत सदस्य संदीप यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महासचिव पिन्टू यादव, वसीम हसन सिद्दीकी उर्फ लल्ला दुबे, ठाकुर रमेश सविता, डॉ. अरुण शर्मा, उत्कर्ष गुप्ता, शाहनवाज खान एडवोकेट, शिल्पी यादव, कश्मीर सिंह यादव, कन्हैया यादव, विकास शर्मा, मुनीर कुरैशी, पूर्व प्रधान वकील अहमद सिद्दीकी, जगजीत यादव, आमिर खान, अयाज खान, चरन सिंह, राज कटियार लोधी, लाल बिहारी राजपूत समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर से तीन किशोर रहस्यमय ढंग से लापता

▸ रात में सूचना देने के बाद भी पुलिस ने नहीं किया खोजबीन का प्रयास


लापता युवकों का फोटो

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा नवाबगंज से तीन किशोरों के एक साथ लापता हो जाने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मंगलवार दोपहर घर से निकले तीनों किशोर देर रात तक वापस नहीं लौटे, जिसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। बुधवार सुबह परिजनों ने पुनः पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। लापता किशोरों में मुख्य चौराहा निवासी शिवराम शाक्य का लगभग 15 वर्षीय पुत्र सत्यम, नगर के बाईपास निवासी संजीव का 15 वर्षीय पुत्र आयुष तथा चौराहे से बरतल मार्ग निवासी ब्रजेश कुमार का 14 वर्षीय पुत्र अहम कुमार शामिल हैं। अहम सीपी इंटरनेशनल में कक्षा 9 का छात्र है, जबकि आयुष और सत्यम वीआरएम इंटर कॉलेज नवाबगंज में कक्षा 10 के छात्र हैं। सत्यम के पिता अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे सत्यम अपनी दुकान पर बैठा था। उसने अपने पिता शिवराम को चाय पीने के लिए घर भेज दिया। इसी दौरान आयुष और अहम वहां पहुंचे। कुछ देर बातचीत के बाद तीनों साथ चले गए। जाते समय उन्होंने अपना मोबाइल पड़ोस की दुकान पर देकर कहा कि इसे उनके पिता को दे दिया जाए और बताया कि वे थोड़ी देर में वापस आ जाएंगे। इसके बाद तीनों का कोई पता नहीं चला। वहीं अहम के पिता ब्रजेश ने बताया कि अहम नगर के अस्पताल मार्ग पर कोचिंग पड़ने गया था, लेकिन कोचिंग अध्यापक ने बताया कि अहम किसी के साथ आया था। अहम कोचिंग में आया और दूसरा किशोर बाहर सड़क पर ही था। अहम ने बताया कि वह आज कोचिंग में पढ़ाई करने नहीं आ सकेगा। वह किसी समारोह में जाने की बात कहकर निकल गया। देर शाम तक तीनों के घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। पूरी रात रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर तलाश की गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि रात में पुलिस को मौखिक सूचना देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं सत्यम के परिजनों का कहना है कि सत्यम के वापस न आने पर उनके घर के बाहर सांत्वना देने वालों की भीड़ जमा थी, तभी एक पुलिस की गाड़ी आकर रुकी और जानकारी की। उसके बाद उन्होंने सत्यम का फोटो भी लिया और चले गए। बुधवार सुबह फिर से थाने पहुंचकर ब्रजेश कुमार ने तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने लापता किशोरी को युवक संग किया बरामद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की नावालिग पुत्री मंगलवार सुबह किसी समय घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। परिजनों को शक था कि लगभग 2 माह से गांव में ही अपनी बहन के घर रह रहा थाना कमालगंज का एक युवक ने उसे बहला फुसला कर ले गया है। परिजन ने खोजबीन शुरू की और किशोरी को युवक के साथ बरामद कर लिया। देर रात लगभग 1 बजे किशोरी फिर घर से बिना बताए चुपचाप निकल गई। परिजनों को इस बात की जानकारी हुई और उन्होंने यूपी 112 पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। यूपी 112 पुलिस और परिजनों ने मिलकर गांव में ही बहन के घर में छिपे युवक को पकड़ा और किशोरी के बारे में जानकारी करने लगे। तभी थाना मऊदरवाजा के एक गांव निवासी युवक के फूफा ने फोन पर जानकारी दी कि किशोरी उनके घर पर है। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर किशोरी को अपने कब्जे में लिया और युवक व किशोरी को थाने ले आए। किशोरी के पिता ने आरोप लगाया कि युवक ने अपने बहनोई के सहयोग से मेरी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया। थाने में पहुंचने के बाद किशोरी के पिता ने युवक के खिलाफतहरीर दी। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर थाना कमालगंज के गांव पूरनपुर निवासी हरीकरन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया जा रहा है।

## नवाबगंज में भी सपाइयों ने धूमधाम से मनाया सपा मुखिया का जन्मदिन


केक काटते सपा नेता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के 53वें जन्मदिन के अवसर पर डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में सपा नेताओं ने केक काटकर धूमधाम से पार्टी के मुखिया का जन्मदिन मनाया। कस्बा नवाबगंज स्थित नया गनीपुर में कल्लू खान के बंजारा बस्ती आवास पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 53वें जन्मदिवस के अवसर पर अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष साजिद अली खान तथा कल्लू खान, सेक्टर अध्यक्ष सपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. नवरंग सिंह यादव ने अलग-अलग जगह पर एक पेड़ पीडीए के नाम वृक्षारोपण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की दीर्घायु की कामनाएं करते हुए वृक्षारोपण कर केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस मौके पर जमील खान, रमजान मंसूरी, फारुक अली सहित एक सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ताओं ने के काटकर जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का डीएम ने किया शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


स्कूल चलो अभियान की रैली निकालते बच्चे

स्कूल चलो अभियान 2026-27 के द्वितीय चरण का भव्य शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं उनके साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर कोतवाली फतेहगढ़, फतेहगढ़ चौराहा होते हुए स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में संपन्न हुई। रैली के दौरान बच्चों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने वाले नारों के माध्यम से आमजन को हर बच्चा स्कूल जाए का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त प्रभारी जिला समन्वयक (सामुदायिक सहभागिता) सुनील प्रताप सिंह एवं विभागीय स्टाफ ने भी रैली के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य जनपद के प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में अवश्य कराएं और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। यह रैली शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई। इसके अलावा स्कूल चलो अभियान के जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन उ.प्रा.वि., पिपरगाँव विकास खण्ड मोहम्मदाबाद में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव उपस्थित रही। यादव ने वृक्षारोपण करके स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया। माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मोनिका यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, खण्ड शिक्षा अधिकारी ने नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक एवं माला पहनाकर विद्यालय में दीक्षारम्भ कराया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को पुस्तकें भेंट करके स्कूल चलो अभियान को धरातल पर सफल बनाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने छात्र-छात्राओं से जीवन में सकारात्मक लक्ष्य साधने का आवाह्न किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने गाँव के प्रत्येक बच्चे को स्कूल तक पहुँचाने का संकल्प सभी को दिलाया गया।

## रिश्तेदारी में ट्रैक्टर ले जाने से मना करने पर मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गाँव बसंतापुर निवासी आलोक कुमार का छोटे भाई नागेन्द्र सिंह अपनी रिश्तेदारी में ट्रैक्टर ले जा रहा था।

जिसपर आलोक कुमार ने ट्रैक्टर ले जाने से मना किया। जिस पर भाई नागेन्द्र सिंह भड़क गया और दोनों में कहासुनी होने लगी। नागेन्द्र ने आलोक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। इतने में पिता रतन सिंह आ गये और उन्होंने भी आलोक कुमार के साथ मारपीट कर दी। जिसपर आलोक कुमार ने अपने पिता व भाई के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी।

# फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन से हटायी गई मजार


मजार तोड़ते रेलवे कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 6 और 7 के बीच स्थित मजार को बुधवार को हटा दिया गया। यह स्थल रेलवे ट्रैक के बीच में होने के कारण ट्रैक में घुमाव था। जिससे स्टेशन से छूटने के बाद ट्रेनों की गति धीमी हो जाती थी। रेलवे बोर्ड के आदेश पर यह कार्रवाई की गई।

स्थानीय रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस धार्मिक स्थल के कारण ट्रैक में एक स्पष्ट घुमाव (कर्व) बन गया था। इस घुमाव के चलते ट्रेनें स्टेशन से निकलते ही तुरंत गति नहीं पकड़ पाती थीं, जिससे परिचालन में बाधा आती थी। रेलवे बोर्ड ने इस समस्या को दूर करने के लिए स्थल को हटाने का निर्देश दिया था। बुधवार को रेलवे कर्मचारियों ने धार्मिक स्थल को हटाने का कार्य शुरू किया। शुरुआत में इसकी चारदीवारी तोड़ी गई। सूत्रों के अनुसार, कार्य कुछ समय के लिए रुक गया था। बाद में, हिंदूवादी संगठनों के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर इसे पूरी तरह हटाने की मांग की, जिसके बाद स्थल को पूरी तरह से हटा दिया गया। हिंदूवादी संगठन पहले भी इस धार्मिक स्थल को हटाने की मांग कर चुके थे और इस संबंध में रेलवे अधिकारियों तथा अन्य नेताओं को ज्ञापन भी सौंपे गए थे। इस दौरान हिन्दू रक्षा दल की टीम ने भी मौजूद रही। रेलवे स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई उच्च अधिकारियों के निर्देश पर की गई है।

> रेलवे ट्रैक के बीच में स्थित थी

इस दौरान सनी गुप्ता प्रांत अध्यक्ष हिंदू रक्षा दल, अंकुर गुप्ता प्रांत मंत्री, शिवम गुप्ता जिला अध्यक्ष, आनंद प्रकाश गुप्ता जिला कार्यकारी अध्यक्ष, प्रीति तिवारी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, गौतम कुमार जिला महामंत्री, उमाशंकर गुप्ता जिला मंत्री, जीतू गुप्ता, राहुल सक्सेना, अनूप सक्सेना, ऋषभ गुप्ता आदि मौजूद रहे।


बैठक लेते बीडीओ मौजूद सचिवगण

## बीडीओ ने सचिवों के साथ बैठककर की विकास कार्यों की समीक्षा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड कार्यालय पर ग्राम पंचायत के सचिवों के साथ विकासखंड अधिकारी ने बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। विकासखंड कार्यालय पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम पंचायत सचिवों की समीक्षा बैठक बुलाई। विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर फार्म रजिस्ट्री प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास तथा अन्य विकास कार्यों के बारे में बैठक की। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक गांव में स्वच्छता पर जोर दिया गया। जहां कूड़ा कलेक्शन शुल्क आदि के बारे में गहनता से जानकारी की गई। वहीं स्वच्छता पर अधिक जोर दिया गया। विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम पंचायत के सचिवों को बताया कि वह प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगातार स्वच्छ भारत मिशन के तहत अभियान जारी रखें और कूड़ा कलेक्शन शुल्क के बारे में लगातार कार्यवाही जारी रखें। जिससे कि किसी भी ग्राम पंचायत में कोई भी बीमारी ना उत्पन्न हो सके। वही विकासखंड कार्यालय से जुड़े सभी सरकारी योजनाओं के बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेव सिंह, ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार, बृजेश कुमार, कुलदीप राजपूत, आकांक्षा सक्सेना, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेदप्रकाश, अरविंद कुमार, प्रमोद शुक्ला, मोतीलाल यादव, कुलदीप राजपूत आदि मौजूद रहे।

# डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी ने अखण्ड भारत के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन किया समर्पितः रजनी पाण्डेय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता

बुधवार को भाजपा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती संस्मरण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत कायमगंज स्थित सीपी गेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री रजनी पांडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने की। प्रदेश मंत्री रजनी पांडे ने कहा डॉ0 मुखर्जी ने अपना संपूर्ण जीवन अखंड भारत के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस सरकार की मुस्लिम वोट की महत्वाकांक्षाओं एवं कश्मीर जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर आंदोलन किया। भाजपा का संगठन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जैसे महापुरुषों के विचारों को आगे ले जाने का कार्य कर रही है। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा डीआर मुखर्जी ने नेहरू और लियाकत समझौते का विरोध किया था। वह कश्मीर में परमिट व्यवस्था को समाप्त करने के पक्षधर थे। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा भाजपा का संगठन राष्ट्रवादी विचारों से प्रेरित है उसका कार्यकर्ता पार्टी की रीढ है। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया सपा कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों ने समय-समय पर प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण में बाधा डालने का कार्य किया। भव्य मंदिर निर्माण होने के बाद विरोधी दल सामाजिक सौहार्द को बिगड़ने का काम कर रहे हैं, चंदा चोरी प्रकरण में सीट की रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। संचालन अमरदीप दीक्षित ने किया। इस अवसर पर डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल, डॉ0 बीके गंगवार, भास्कर दत्त द्विवेदी, रूपेश गुप्ता, संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, देवेंद्र दुबे, महेंद्र राजपूत, निर्मल कश्यप, जय गंगवार, डॉ0 विकास शर्मा, ऋषि पाल सिंह सिसोदिया, डॉ0 अभिषेक सिंह, अंकुर मिश्रा, अभिषेक बाजपेई, अभिषेक बाथम, वीरेंद्र कठेरिया, जितेंद्र सिंह, श्वेता दुबे, अनुराधा दुबे, अनुराग सिंह, कुंवर जीत राजपूत, विजय गुप्ता, किशनू चतुर्वेदी, सुनील कुमार चक, झगड़ु यादव, रमला राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

# डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव की अगुवाई में अमृतपुर विधानसभा के सभी सेक्टरों पर सपा मुखिया का मनाया गया जन्मदिन


जन्मदिन मनाते सपा कार्यकर्ता

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के पर 193 विधानसभा अमृतपुर के सेक्टर-07, कुबेरपुर कुतुलपुर में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ता मौजूद रहे।


केक काटते सेक्टर प्रभारी अरविन्द चौहान आदि

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर विधानसभा अमृतपुर के सेक्टर-9, राजेपुर रठौरी में सेक्टर प्रभारी अरविंद चौहान ने हर्षोल्लास के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया एवं वृक्षारोपण किया।


जन्मदिन मनाते सपा कार्यकर्ता

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर विधानसभा अमृतपुर के सेक्टर नंबर 1 में सेक्टर अध्यक्ष कृपाल यादव द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया।


वृक्षारोपण करते सपाई

**फर्रुखाबाद।** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर डॉ0 राम मनोहर लोहिया के चुनावी कार्यालय स्वर्गीय बाबू गिरीश चन्द्र कटियार की कोठी पर उनके पुत्र एडवोकेट निर्मल चंद कटियार को पौधे भेंट कर सपा नेताओं ने वृक्षारोपण किया। पुष्पेन्द्र यादव, प्रवेश कटियार, रजत क्रांतिकारी, विनोद वाल्मीकि, विशाल, सुदेश कुमार मौजूद रहे।


सपा मुखिया का जन्मदिन मनाते समर्थकों के साथ धर्मेन्द्र यादव आदि

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर 193 विधानसभा अमृतपुर के सेक्टर 11 गांधी में सेक्टर प्रभारी धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में सपा मुखिया का धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। साथ ही पीडीए के नाम पेड़ भी लगाकर वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


सेक्टर 13 जिठौली में ब्रजेश सोमवंशी व समर्थक

**फर्रुखाबाद।** पीडीए महानायक, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर 193 विधानसभा अमृतपुर के सेक्टर 13 जिठौली में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी 193, विधानसभा अमृतपुर डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में सेक्टर प्रभारी ब्रजेश सोमवंशी, रामतीर्थ कश्यप ने केक काटकर जन्मदिन मनाया गया एवं वृक्षारोपण किया।


केक काटते सपा नेता

**फर्रुखाबाद।** सेक्टर नंबर 35 में सेक्टर प्रभारी बरन सिंह द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का केक काटकर जन्मदिन मनाया, तथा वृक्षारोपण किया गया।


जन्मदिन मनाते सेक्टर प्रभारी अभय यादव आदि

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर विधानसभा अमृतपुर के सेक्टर 20 नटवारा में सेक्टर प्रभारी अभय यादव व सुमित यादव (छोटू) ने हर्षोल्लास के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर नदीम फारुकी ने पुराने समाजवादियों को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिवस पुराने समाजवादी बुजुर्गों को सम्मानित कर केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन मंदीप यादव ने किया। अखिलेश यादव के जन्मदिन पर बड़ी संख्या में समाजवादी पदाधिकारी व नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचकर जन्मदिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व जिलाध्यक्ष व शमसाबाद नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन एवं सदर विधानसभा से टिकट के दावेदार नदीम अहमद फारुकी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को केक खिलाकर अखिलेश यादव की दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम के आयोजक नदीक अहमद फारुकी ने कहा कि कार्यकर्ताओं से मिलना व संवाद एवं जनता से सम्पर्क करना। विपक्ष में रहते हुए सरकार के द्वारा बैठे हुए लोग क्षेत्र के लोगों के साथ अन्याय कर रहे है। पार्टी में ज्यादातर लोग सम्मान चाहते है। मेरे बुलाने पर वह कार्यक्रम में आये। बहुत ऐसे लोग है जिनका पार्टी को खड़ा करने में उनका त्याग है, उन्हे सम्मानित करने का मौका मिला।

संगठन में रहकर मैंने काम किया है मुझे तर्जुबा है, इसलिए लगातार सम्पर्क कर रहे है। मेरी निरंतर भावना रहती है कि फर्रुखाबाद केलोगों को वरीयता मिले। हमारा अक्सर लोगों के बीच आना-जाना लगा रहता है। जो लोग हमसे जुड़े है उनके बीच बना रहूंगा और लोगों का सम्मान जारी


सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाते सपा नेता

रहेगा। प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि आज संगठन बहुत बड़ा है। लोग पीडीए के तहत पार्टी से जुड़ रहे है और कारवां बढ़ रहा है। सभी ने संकल्प लिया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी दमदारी से जीतेगी और सरकार बनायेगी। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने कहा कि अब पीडीए की लहर है। विरोधी दिखायी नहीं पड़ेंगे। राम के नाम पर चंदा चोरी करने वालों को जनता उखाड़ फेंकेगी। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर संगठन को मजबूत करना और पार्टी को जनपद में सभी सीटे जिताना हम सबकी जिम्मेदारी है। वरिष्ठ नेता सरल दुबे ने कहा कि अब ब्राह्मण

**▸ क्षेत्र के विकास व पीडीए को मजबूत करना मेरा उद्देश्य नदीम अहमद फारुकी**

भी जाग गया है और सपा के साथ जुड़कर अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए तैयार है। कार्यक्रम में संगीत की धुनों पर कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन पर अखिलेश यादव की दीर्घायु की कामना की। नदीम अहमद फारुकी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया।

अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वरिष्ठ समाजवादियों को सम्मानित किया गया है। जिनमें मिन्ना खां, मनमोहन मिश्रा, मोहम्मद शमीम, महेश जाटव, मुजीबुल हसन, राजेन्द्र सिंह यादव, रतन पाल शर्मा, रविन्द्र पाल, हसीन भाई, मुन्नालाल राठौर, राशिद खान आदि को सम्मानित किया गया। साथ ही मुन्ना लाल राठौर ने आल्हा की धुन पर अखिलेश यादव को जन्मदिन की शुभकामनायें दीं। व्यवस्था जिला उपाध्यक्ष शशांक सक्सेना व व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना ने देखी। इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद सरन, रामप्रकाश यादव कल्लू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, हाजी अहमद अंसारी, सर्वेश अम्बेडकर, केके यादव, इकलाख खां मुंशी, मुख्त्यार अहमद टेनी, शिवम यादव, शाकिर खां, मिन्ना खां, युसुफ खान, दीपक श्रीवास्तव, आनंद यादव, हर्ष गंगवार, विवेक यादव, अनिल यादव, खुर्शीद अहमद, रफी अंसारी, ओमप्रकाश शर्मा, बीना शर्मा, गौरव यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में मनाया गया डाक्टर्स-डे


विद्यार्थियों को सम्बोधित करती मुख्यअतिथि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस (डाक्टर्स डे) मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सुकेशनी अग्रवाल तथा विशिष्ठ अतिथि संस्थान की प्रबंधिका मोनिका अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. विद्यानन्द राय को श्रद्धा नमन की प्रस्तुति के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा0 सुकेशनी अग्रवाल ने बच्चों को मौसमी बीमारियों तथा हाईजीन की जानकारी दी। छात्राओं को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। उन्हें हार्डवर्क कन्सन्टेन्सी तथा डिटरमीनेशन के लिए प्रेरित किया। प्रबन्धिका ने बच्चों को चिकित्सक के मर्यादापूर्ण व्यवहार तथा डाक्टर को ईश्वरीय वरदान की उपाधि देते हुए कहा कि वास्तव में डॉ. ईश्वर का ही स्वरूप है। प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने छात्राओं से कहा कि स्वास्थ ही सच्चा धन है तथा सच्चा सुख निरोगी काया की जानकारी देते हुए अपने देश के सभी चिकित्सकों की दीर्घायु की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। संचालन सुरभि श्रीवास्तव ने किया। बच्चों ने डॉ. द्वारा प्रश्न आपके उत्तर हमारा कार्यक्रम प्रश्न मंच में प्रतिभाग किया तथा डॉ. से अपनी समस्याओं का निदान पूछा। इस अवसर पर ममता सिंह, सन्तोष शर्मा, कु0 शिल्की, लक्ष्मी गंगवार, विकास श्रीवास्तव, कमला गंगवार, नेहा विश्वकर्मा, प्रिया द्विवेदी, शोभा यादव, शशांक शुक्ला, मनोज कुमार, शायना खान, सुजाता, भूमिका, सक्सेना सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूद रहे।

# समर इंटर्नशिप कार्यक्रम का हुआ समापन, वितरित किये गये प्रमाण पत्र


छात्रा को प्रमाण पत्र देते न्यायिक अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार के मार्गदर्शन में जनपद न्यायालय परिसर में माह जून के लिए संचालित समर इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन हुआ और प्रमाण पत्र वितरित किये गये। जिला जज नीरज कुमार द्वारा की गई एक माह की समर इंटर्नशिप का समापन हुआ। जिसमें सभी 17 विधिक प्रशिक्षुओं (इंटर्न्स) को इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। न्यायालय के वरिष्ठ न्यायिक अधिकारीगण भूदेव गौतम, स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष अभिनीतम उपाध्याय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैलेंद्र सचान, विशेष न्यायाधीश डकैती प्रभावित क्षेत्र अधिनियम/एमपी-एमएल कोर्ट एवं संजय कुमार-षष्ठम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ.टी.सी. मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संचालन सचिव बिंदिया भटनागर ने किया। जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार ने कहा कि वकालत के पेशे में किताबी ज्ञान के साथ-साथ जमीनी और व्यावहारिक विधिक कार्यप्रणाली का अनुभव होना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने छात्रों को समाज के गरीब, असहाय और वंचित शोषित वर्ग को निःशुल्क विधिक सहायता दिलाने व न्याय के मार्ग पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित अन्य वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों ने भी छात्रों के साथ अपने विधिक अनुभव साझा किए। सचिव बिंदिया भटनागर ने बताया कि संस्थानों के 17 प्रशिक्षुओं ने एक माह की अवधि 01 जून से 30 जून के दौरान विभिन्न न्यायालयों की कार्यप्रणाली, केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ का विधिक निरीक्षण, जेल लीगल एड क्लिनिक, एल.ए.डी.सी. सिस्टम तथा मध्यस्थता केंद्र के व्यावहारिक संचालन को बेहद करीब से समझा है। सभी छात्रों को विदाई दी गई।

# ई-रजिस्ट्रीकरण के विरोध में चल रही हड़ताल सातवें दिन समाप्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-रजिस्ट्रीकरण प्रणाली के विरोध में अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों द्वारा चलाया जा रहा आंदोलन फिलहाल अग्रिम बैठक तक स्थगित कर दिया गया है।

दस्तावेज लेखक संघ के महामंत्री मनोज त्रिवेदी के चेंबर में अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता सुरेन्द्र सक्सेना ने की। बैठक में विगत एक सप्ताह से चल रही हड़ताल एवं उसके परिणामों पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 4 जून को जारी उस पत्र को, जिसके माध्यम से निजी संस्था द्वारा ई-रजिस्ट्रीकरण प्रणाली के अंतर्गत संस्थागत बैनामों के निष्पादन की व्यवस्था लागू की जानी थी,


वार्ता करते अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक

महानिरीक्षक नेहा शर्मा द्वारा 29 जून को वापस ले लिया गया है। साथ ही दस्तावेज पंजीकरण नियमावली-2024 में संशोधन हेतु प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। प्रदेश के अन्य जनपदों में भी आंदोलन वापस लिए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। तहसील सदर में 25 जून से चल रही अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों की हड़ताल को अग्रिम बैठक तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया। हालांकि अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों ने सरकार से मांग की कि प्रस्तावित निबंधन मित्र नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्णतः समाप्त किया जाए।

वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार इस दिशा में अपेक्षित निर्णय नहीं लेती है तो अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में अतुल योगेश दीक्षित, विकास सक्सेना, संजीव भारद्वाज, अनूप शर्मा, संजय शाक्य, कुलदीप त्रिपाठी, अनूप कटियार, रुखमंगल सिंह चौहान, नासिर खान, नीरज कुमार, रविनेश चंद्र यादव, पंकज राजपूत, आकाश दीक्षित, राजीव चौहान, दिलीप कश्यप, ओम प्रकाश दुबे, फिरोज अली खान, अंशुमान सिंह, संजय कटियार, राजेश वर्मा, सतेंद्र शाक्य, संजीव शाक्य, निखिल मिश्रा, घनश्याम सक्सेना, गोकुलेश सक्सेना सहित अनेक अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक उपस्थित रहे।

## शौच गयी किशोरी को बदनियती से दबोचा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव एक निवासी महिला ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि बुधवार उसकी नावालिग पुत्री सुबह लगभग साढ़े दस बजे घर से कुछ दूरी पर खेतों में शौंचक्रिया के लिए गई हुई थी। वहां मौजूद गांव के ही निवासी एक युवक ने किशोरी को बदनियती से पास में खड़ी मक्के के खेत में हाथ पकड़ कर जबरन खींचकर ले जाने लगा। जिसपर किशोरी ने शोर मचाया तो उसकी माँ मौके पर भागी। जिसे देख युवक किशोरी को छोड़कर मौके से भाग गया। महिला ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया।

**मां ने आरोपी युवक पर दर्ज कराया मुकदमा**

## प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में प्रथम दिन तिलक लगाकर बच्चों का किया स्वागत


स्वागत के दौरान बच्चे व प्रधानाध्यापक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में बुधवार को प्रथम दिन नन्हे-मुन्हे बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता व शिक्षकों ने बच्चों को तिलक लगाया। 40 दिन के अवकाश के बाद प्रवेशोत्सव के सत्र का शुभारम्भ हुआ। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें व उपहार दिये गये। मां सरस्वती पूजन व प्रेरणा गीतों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अलावा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। प्रथम दिन विद्यालय पहुंचकर बच्चे झूम उठे। साथ ही अभिभावकों ने अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का संकल्प लिया। प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता ने आवाहन किया कि अपने बच्चों को विद्यालय भेजे और स्वच्छता के साथ-साथ नियमिति पठन-पाठन के लिए बच्चों को प्रेरित करें। 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों को विद्यालय में नामांकन हेतु प्रवेश दिलाये। प्रथम दिन मिष्ठान वितरित किया गया।

# सपा सुप्रीमों का पार्टी कार्यालय पर मनाया गया जन्मदिन, हुआ भण्डारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के 53वें जन्म दिवस पार्टी कार्यालय आवास विकास पर केक काटकर मनाया गया। सपा नेताओं ने केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर खुशियां मनाई और पीडीए के तहत वृक्षारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया। पार्टी कार्यालय को सजाया गया। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव व डॉ. नवल किशोर ने पार्टी कार्यालय पर केक काटा और सदस्यता अभियान चलाकर सदस्य बनाये। जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने कार्यालय के बाहर भंडारा आयोजित कर प्रसाद वितरण किया एवं प्रशांत राठौर तथा विशाल राठौर ने व्यवस्था देखी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक सिंह यादव, पूर्व विधायक उर्मिला


पार्टी कार्यालय पर केक काटकर जन्मदिन मनाते सपाई

राजपूत, पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद शरण ने अपनी टीम के साथ जन्मदिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष रमेश कठेरिया, सर्वेश अंबेडकर, डॉ0 जेपी वर्मा, सरल दुबे, विजय यादव, सुभाष चंद्र शाक्य, मुन्ना यादव, रमेश चंद्र कठेरिया, अहमद अंसारी, आशुतोष अवस्थी, नागेंद्र शाक्य, रामू गुप्ता, विनीत परमार, उदय प्रताप सिंह भोला यादव, शिवशंकर शर्मा, निजाम अंसारी, शैलेश अवस्थी, विजय अनुरागी, मुदस्सिर खां, विवेक यादव, अशोक अंबेडकर, इजहार खां, अरविंद कश्यप, अर्चित शर्मा, जुल्फिकार अब्बास जैदी, नफीस प्रधान, बिल्लू श्रीवास्तव, जगपाल कुशवाह, अनुराग यादव, अमित कठेरिया, मनोज यादव, अश्वनी यादव, बीके गंगवार, रवि यादव, शिवम पटेल आदि उपस्थित रहे।

भोजपुर के बझेरा मलिक पट्टी में डॉ. जेपी वर्मा ने जन्मदिन मनाया। ऊगरपुर गोंडा में पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने जन्मदिन मनाया। लाल दरवाजा फब्बारे पर व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष रोमित सक्सेना ने, आम वाली मस्जिद के पास वरिष्ठ नेता अहमद अंसारी ने, हरसिंहपुर गोवा में डॉ. नवल किशोर शाक्य ने, अचरा में सर्वेश अंबेडकर ने तथा कचहरी परिसर फतेहगढ़ में अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने अपनी पार्टी के मुखिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस मौके पर कचहरी में राजेंद्र सिंह यादव, अनूप शाक्य, बृजेश सिंह राठौर मौजूद रहे।

## नगर पालिका के नाले का गंदा पानी न रुकने पर ग्रामीणों का धरना शुरु


धरने पर बैठे ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत व न्याय पंचायत रामपुर डफरपुर के दोनों ओर पूर्व एवं पश्चिम में बह रहे नाला में नगर पालिका का जो गंदा पानी आ रहा है। जिससे स्थानीय लोग परेशान है। सभी ने गंदा पानी गांव में आने का विरोध किया। पिछले 17 वर्षों से लगातार ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर में गंदा पानी आने के कारण जमीने प्रति वर्ष खराब हो रही है। प्रतिवर्ष बरसात के समय नाला के फटने के वजह से डूब जाती है, जिसके कारण फसलें नष्ट हो जाती हैं और खेतों में पन्नी, निडिल जैसी तमाम चीजें खेतों में भर जाती है, जिससे किसानों को काफी नुकसान होता है, इसलिए सभी किसानों ने भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति को साथ लेकर 20 मई को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया। उस पर कोई सुनवाई नहीं हुई, उसके बाद 18 जून को हम लोगों ने पुनः बैठक कर एक जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरु किया। नगरपालिका का नाला का पानी है, उसको हम लोग बंद कर देंगे, क्योंकि नगरपालिका हर बार यह कहकर अपने आपको नाला का पक्का निर्माण करने से बचा लेती है कि हमारी सीमा में नहीं है तो इसलिए हम लोगों ने भी तय किया है कि अगर पानी आपकी सीमा से बाहर जा रहा है और कह रहे हैं कि हमारी सीमा नहीं तो हम लोग भी अपनी सीमा के अंदर पानी नहीं आने देंगे।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली का डीएम ने किया शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संचारी रोगों की प्रभावी रोकथाम, स्वच्छ वातावरण के निर्माण तथा जनसामान्य को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना कर किया। यह अभियान जनपद में 01 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ नगर निकाय, पंचायती राज, शिक्षा, बाल विकास, ग्राम्य विकास, पशुपालन, सिंचाई तथा अन्य संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से संचारी रोगों की रोकथाम एवं जनजागरूकता से संबंधित


संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शपथ दिलाती डीएम

विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। डीएम ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम केवल स्वास्थ्य विभाग का दायित्व नहीं है, बल्कि यह सभी विभागों एवं प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही संभव है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार सभी गतिविधियों का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें, ताकि अभियान का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे अपने घरों एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें, कहीं भी जलभराव न होने दें, टूटे बर्तन, पुराने टायर, कूलर, गमले एवं अन्य ऐसे पात्र जिनमें पानी एकत्र हो सकता है, उन्हें नियमित रूप से साफकरें तथा मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करें। उन्होंने कहा कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया एवं अन्य संचारी रोगों से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सामुदायिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार या अन्य लक्षण दिखाई दें तो बिना विलंब निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें तथा स्वयं दवा लेने से बचें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनन्द उपाध्याय ने बताया कि जुलाई माह के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से व्यापक स्तर पर एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग, स्रोत निस्तारण, साफ-सफाई अभियान, रोगियों की सक्रिय खोज, बुखार सर्वे, जलजनित एवं मच्छरजनित रोगों की रोकथाम तथा जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आशा, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम सहित अन्य संचारी रोगों के लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में जानकारी देंगी। जागरूकता रैली में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट्स, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, आशा, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनन्द उपाध्याय, नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के अधिशासी अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मानसून की पहली बारिश से लोगों को मिली राहत

**▸ जलभराव से यातायात प्रभावित, किसानों के चेहरे पर आयी रौनक**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे कायमगंज वासियों को मानसून की पहली बारिश ने बड़ी राहत दी। शुरू हुई तेज बारिश लगातार जारी रही। इसके बाद भी रुक-रुक कर फुहारें पड़ती रहीं। बारिश के बाद तापमान गिरकर 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली ठंडी हवाओं ने मौसम को पूरी तरह सुहावना बना दिया। लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। लगातार दो घंटे हुई बारिश से नगर के मुख्य मार्गों और रिहायशी इलाकों में जलभराव हो गया। कई स्थानों पर घुटनों तक पानी भर गया। जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। वाहन रेंगते हुए चलते नजर आए। कोतवाली परिसर भी पानी में डूब गया। मानसून की पहली बारिश किसानों के लिए राहत लेकर आई है। धान उत्पादक किसानों का कहना है कि यदि नियमित बारिश होती रही तो इस बार धान की बंपर पैदावार की उम्मीद है। वहीं गन्ना और मक्का की फसलों को भी बारिश से बड़ा फायदा मिला है। हाल ही में मक्का की बुवाई करने वाले किसान खासे उत्साहित हैं बागवानों का कहना है कि यह बारिश चौसा, लंगड़ा, देसी और अन्य लेट वैरायटी के आमों के आकार और मिठास के लिए लाभदायक साबित होगी। हालांकि जिन किसानों की मक्का की फसल कटकर खेतों में पड़ी थी, उनकी चिंता बढ़ गई है। फसल भीगने से उसमें नमी बढ़ने और नुकसान की आशंका जताई जा रही है।


जलभराव से गुजरते लोग

# पौधारोपण कर मनाया अखिलेश का जन्मदिन

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज, तेराजाकेट में बुधवार को समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन पौधारोपण कर मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अमित कुमार यादव ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जन्मदिन को सामाजिक सरोकारों से जोड़कर मनाने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता


कॉलेज में पौधरोपण करते अमित कुमार यादव व शिक्षक

है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अखिलेश यादव के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। साथ ही अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों में मोहम्मद राशिद खान, ओमेंद्र सिंह, रंजीत कुमार, विवेक यादव, पंकज पाल, सचिन कुमार सहित समाजवादी शिक्षक सभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी 2 अगस्त को मेधावियों को करेगी सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी द्वारा फतेहगढ़ में बैठक डॉ. अनवार खान के आवास पर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. अनवार खान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सोसायटी के द्वारा सालाना होने वाले प्रोग्राम की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। सोसाइटी के सचिव सैय्यद रिजवान अली ने बताया कि इस वर्ष सोसाइटी का सालाना कार्यक्रम 02 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चाणक्य नेशनल यूनिवर्सिटी पटना के कुलपति फैजान मुस्तफा होंगे। उन्होंने बताया कि हर साल की तरफ इस साल भी सोसायटी द्वारा 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के मुस्लिम मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही यू.पी. बोर्ड, सी.बी.एस.ई. बोर्ड, आई.सी.एस.ई. बोर्ड के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के जनपद टॉपर को भी सम्मानित किया जायेगा। निर्णय लिया गया कि जनपद में किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा।

कार्यक्रम में सम्मानित किये जाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगें। इस वर्ष भी कार्यक्रम का आयोजन बढ़पुर स्थित एक हाउस के ए.सी. हॉल में किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि यू.पी. बोर्ड, सी.बी.एस.ई. बोर्ड,


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

आई.सी.एस.ई. बोर्ड में इस वर्ष जिन मुस्लिम छात्र-छात्राओं ने 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं वे अपने अंक पत्र की प्रति जनपद में डॉ. मोहम्मद मोहसिन चौक बाजार, आकिब मिर्जा रहमानी स्कूल, नूरी एजूकेशन सेन्टर, खैराती खां, बीबी साहिबा की मस्जिद के पास, फतेहगढ़ में न्यू जनता लोकवाणी केन्द्र, चौराहा,फतेहगढ़, इस्लामियां जूनियर हाईस्कूल हाथीखाना, शमशाबाद में जनाब नफीस अहमद, शमशाबाद ए.बी. इण्टर कालेज, जनाब मुफ्ती जफर कासमी कायमगंज में शाही पब्लिक स्कूल, सुल्तान आलम खांन मेमोरियल पब्लिक स्कूल, पितौरा कायमगंज, कमालगंज में जनाब मो0 शाहिद, स्टार एग्रो, जरारी में जफरूल इस्लाम पब्लिक स्कूल, मोहम्मदाबाद में जनाब नूरमियां शाहरोज खान रफीकुल उलूम मदरसा, राजेपुर/अमृतपुर में जनाब रियाजुल, नवाबगंज में मदरसा पहलवान मंसूरी पब्लिक स्कूल, याकूतगंज में जनाब असलम अब्बासी व मेन कलेक्शन सेन्टर नसर खालिक एड0-गोला कोहना फतेहगढ़ में 20 जुलाई तक जमा कर सकते हैं। बैठक में जमील अहमद, नसर, शमीम खान, अनवर जमाल सिद्दीकी, महफूज जैदी, आफताब अहमद, तसब्बर हुसैनर रऊफ खान, अफजल हुसैन, खुर्शीद अहमद, अंसार सिद्दीकी, तौसीफ अली मौजूद रहे।

# मानसून की पहली बारिश बनी आफत, नया पिंड की दहलीज तक पहुंची मोहाना नदी

## हर साल उजड़ता नया पिंड, फिर तेज हुआ नदी का कटान, ग्रामीणों में दहशत



**समृद्धि न्यूज़, तिकुनिया-खीरी।**

मानसून की पहली तेज बारिश के साथ ही मोहाना नदी ने एक बार फिर नया पिंड गांव की ओर रुख कर लिया है। नदी की तेज धारा लगातार कटान कर रही है और गुरदीप सिंह के मकान के बिल्कुल नजदीक पहुंच गई है। इससे पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र बचाव कार्य शुरू नहीं कराया गया तो कई परिवारों के आशियाने नदी में समा सकते हैं। कभी करीब पांच दर्जन परिवारों की आबादी वाला नया पिंड गांव पिछले कई वर्षों से मोहाना नदी के कटान की मार झेल रहा है। हर वर्ष नदी गांव की जमीन निगल रही है। लगातार हो रहे कटाव के चलते अब गांव में लगभग तीन दर्जन परिवार ही बचे हैं। इस बार भी गुरदीप सिंह के मकान के बाद सुखविंदर सिंह, गुरदेव सिंह, प्रेम सिंह, सतनाम सिंह समेत कई अन्य ग्रामीणों के घर कटान की जद में आने की आशंका है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले वर्ष भीषण कटान के बाद प्रशासन ने स्थायी सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। न तो तटबंध को मजबूत किया गया और न ही कटान रोकने के लिए सुरक्षात्मक कार्य कराए गए। इसका परिणाम यह है कि मानसून की शुरुआत में ही गांव एक बार फिर संकट में घिर गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मोहाना नदी का कटाव अब केवल गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि खैरटिया बांध और रेलवे ट्रैक के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। यदि समय रहते बचाव नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। तहसीलदार हर्ष निशांत ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजा गया था लेखपाल ने बताया है कटान आबादी से दूर हो रहा है ।

**पिछले वर्ष तीस परिवारों के उजड़ गए थे आशियाने**

वर्ष 2025 में मोहाना नदी के भीषण कटान ने नया पिंड गांव में भारी तबाही मचाई थी। करीब 30 परिवारों के मकान नदी में समा गए थे। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को मुआवजा तो दिया, लेकिन पुनर्वास के लिए भूमि उपलब्ध न होने से अधिकतर परिवार दूसरे गांवों और कस्बों की ओर पलायन करने को मजबूर हो गए। अब फिर शुरू हुए कटान ने शेष बचे परिवारों की चिंता बढ़ा दी है।

# अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि



**समृद्धि न्यूज़, गोलागोकर्णनाथ, खीरी।** नगर पालिका परिषद गोलागोकर्णनाथ में अमर शहीद परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा एवं पालिका परिवार ने अलीगंज रोड स्थित हमीद मार्केट पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि 1 जुलाई 1933 को जन्मे वीर अब्दुल हमीद भारतीय सेना की 4 ग्रेनेडियर रेजिमेंट के जांबाज सैनिक थे। उन्होंने 1965 के भारत-पाक युद्ध में खेमकरण सेक्टर के आसल उत्ताड़ में अद्वितीय साहस और वीरता का परिचय देते हुए दुश्मन के कई पैटन टैंकों को ध्वस्त किया तथा मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की।

## पीआरवी वाहन की टक्कर से युवक की मौत के मामले में चार माह बाद मुकदमा

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में मार्च माह में डायल-112 के पीआरवी वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत के मामले में चार माह बाद पुलिस ने संबंधित वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आजमगढ़ जिले के थाना रानी की सराय क्षेत्र के ग्राम पंदहा निवासी विमला ने तहरीर देकर बताया कि उनके पति सतीश पाठक के साथ वह बाइक से पीलीभीत स्थित कृषि फार्म हाउस जा रहे थे। इसी दौरान सिसैया-ढखेरवा हाईवे पर डायल-112 की स्कॉर्पियो (यूपी-32 डीजी-5774) ने उनकी बाइक (यूपी-50 डीडी-8469) में टक्कर मार दी। हादसे में सतीष पाठक गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी बाद में मौत हो गई।

# खबरें एक नजर में

## सपा ने मनाया अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिवस

### अस्पताल में मरीजों को फल वितरण, ब्लड डोनेट, पौधारोपण कराया



**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर बड़े ही धूमधाम और अनोखे अंदाज में मनाया गया। इस मौके पर 53 पाउण्ड का केक काटा गया। ब्लड डोनेट किया गया साथ ही मण्डलीय अस्पताल में मरीजो को फल वितरण भी कराया गया। पार्टी कार्यालय पर भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें 5000 से अधिक लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्रो में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यालय पर जश्न का माहौल रहा। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने केट काटा और इस अवसर पर अखिलेश यादव जी को दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त कर सपा सरकार बनेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी प्रदेश की बागडोर संभालेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारे नेता और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन जनसेवा के माध्यम से मनाना हम सबके लिए गर्व की बात है। इस मौके पर नेता विरोधी दल विधानसभा परिषद लाल बिहारी यादव ने कहा यह कार्यक्रम साबित करता है कि समाजवादी पार्टी केवल राजनीति नहीं करती, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक राहत और अवसर पहुंचाने का कार्य करती है। इस मौके पर पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, रविन्द्र बहादुर सिंह, अशोक यादव, परवेज खां, आशीष यादव, सुरेन्द्र सिह पटेल, रोहित शुक्ला, जुम्मन खां, राणा प्रताप सिंह, पारसनाथ कुशवाहा, राजेश भारती, इन्दु कुमारी, गायत्री पटेल, विवेक कुशवाहा, शक्ति श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश यादव, सोकिम अहमद, झल्लू यादव, अभय यादव, कीर्ति कोल, परवीन बानो, कौशिक कन्नौजिया, अतीक खान, बलराम यादव, अशोक मिश्रा, हरिशंकर यादव रविन्द्र कोल, रम्भा देवी, रवि सोनकर, राममिलन यादव, मुकुन्द यादव, कान्धा यादव, सतीश मिश्रा, आकाश यादव, अजय पटेल, मेवालाल प्रजापति, दीनानाथ प्रजापति, वीरेन्द्र यादव, विजय कुमार सिंह, डा0 सुनील पटेल, राज नारायण निराला, रमाशंकर कोल, रमाकान्त यादव, महिपाल सिंह, राजेन्द्र यादव, कन्हैया यादव आदि हजारो लोग मौजूद रहें।

## हर मानसून में उजड़ता है 'उम्मीदों का पुल'

### मजबूरी में ग्रामीणों ने खुद ही तोड़ा अपना बनाया आशियाना, अब पांच महीने नाव ही सहारा

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।** सरकारी उपेक्षा की कहानी बयां करता सिंगाही थाना क्षेत्र का मांझा गांव एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां ग्रामीणों ने अपने खून-पसीने और चंदे से तैयार किया गया करीब 100 मीटर लंबा लकड़ी का अस्थायी पुल मानसून की दस्तक के साथ मजबूरी में खुद ही उखाड़ दिया। जौराहा नाले का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है और पुल को बहने से बचाने के लिए ग्रामीणों के पास इसे हटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। अब मांझा और भैरमपुर गांव के लोगों की मुश्किलें अगले करीब पांच महीने तक बढ़ गई हैं। बाजार, अस्पताल, स्कूल और जरूरी कामों के लिए लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ेगा। यदि सड़क मार्ग से जाना पड़े तो पांच किलोमीटर की दूरी बढ़कर करीब 18 किलोमीटर हो जाती है, जिससे समय और पैसे दोनों की अतिरिक्त मार झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि जौराहा नाले पर स्थायी पुल की मांग पिछले करीब 20 वर्षों से लगातार की जा रही है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में तो पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार तक किया था, लेकिन इसके बावजूद आज तक स्थायी पुल का निर्माण नहीं हो सका। हर वर्ष ग्रामीण आपसी सहयोग और चंदे से लकड़ी व बोरिंग के सहारे अस्थायी पुल बनाते हैं, ताकि बारिश से पहले आवागमन बना रहे। मानसून आते ही बढ़ते जलस्तर के कारण उसी पुल को खुद ही उखाड़ना उनकी मजबूरी बन जाती है। इससे हर साल मेहनत के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जौराहा नाले पर स्थायी पुल बन जाए तो मांझा, भैरमपुर समेत आसपास के कई गांवों के हजारों लोगों को वर्षभर सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

## राजस्व समस्याओं के निस्तारण के आदेश के पहले ही दिन रही शिकायतें

**ईसानगर, खीरी।** प्रदेश शासन ने 1 जुलाई से सभी लेखपालों को अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में बैठकर ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याएं सुनने तथा उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को छोटे-छोटे राजस्व कार्यों के लिए तहसील के चक्कर लगाने से राहत दिलाना और गांव स्तर पर ही राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना है। हालांकि, धौरहरा तहसील क्षेत्र से पहले ही दिन कुछ ग्राम पंचायतों से मिली जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग लेखपाल नहीं पहुंचे।

# लखीमपुर के प्रणव तिवारी ने दिल्ली में जीते 2 गोल्ड और 1 ब्रॉन्ज

- जन्म से मूक-बधिर लेकिन हौसलों से बुलंद



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती और बुलंद हौसलों के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। इस बात को लखीमपुर खीरी के युवा राइफल शूटर प्रणव तिवारी ने एक बार फिर साबित कर दिया है। जन्म से श्रवण बाधित (मूक-बधिर) होने के बावजूद प्रणव ने नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 49वीं उत्तर प्रदेश राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। देशभर के उत्कृष्ट निशानेबाजों के बीच हुए कड़े मुकाबलों में प्रणव ने अपने धैर्य, एकाग्रता और सटीक निशाने का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल (ISSF) पुरुष डेफ वर्ग में स्वर्ण पदक, 50 मीटर राइफल प्रोन (NR) पुरुष डेफ वर्ग में दूसरा स्वर्ण पदक और 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (NR) सामान्य पुरुष वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। खास बात यह रही कि सामान्य वर्ग में भी उन्होंने अन्य खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए पदक हासिल किया।

# श्रद्धापूर्वक मनायी गयी बाबू केदारनाथ की 27वीं पुण्यतिथि



**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** बुधवार को कमला नेहरू संस्थान परिवार ने श्रद्धापूर्वक श्रद्धेय बाबू केदार नाथ सिंह की 27 वीं पुण्यतिथि मनाया। इस अवसर पर के.एन.आई मुख्य परिसर मे संस्थान प्रबंधक व विधायक सुलतानपुर विधानसभा विनोद सिंह ने अपने समस्त परिवारीजनों के साथ बाबू जी को पुष्प अर्पित करने के साथ साथ पूजा अर्चना किया । इस अवसर पर संस्थान प्राचार्य प्रो सुनील प्रताप सिंह सहित संस्थान परिवार के समस्त शैक्षिक व गैरशैक्षणिक कर्मचारीगणों ने भी संस्थान संस्थापक बाबू के.एन.सिंह को श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पण किया। प्रबंधक विनोद सिंह , इनके बड़े भाई अरविन्द कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह व पुलकित सिंह आदि ने सपत्निक पुण्यतिथि पर आयोजित हवन-पूजन कार्यक्रम को सम्पन्न किया। वहीं उपस्थित सभी जनों ने बाबू के.एन.सिंह को हृदय से स्मरण किया तथा बाबू जी के कृतित्व व सामाजिक सरोकार की भूमिका को याद करते हुए संस्थान को राष्ट्रीय स्तर की गरिमा दिलाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बाबू जी के 27 वीं पुण्यतिथि पर कमला नेहरु मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो राधेश्याम सिंह तथा सदस्य प्रो सुशील कुमार सिंह व अनिल सिंह सहित सभी सदस्यों ने संस्थापक जी को पुष्पार्पण कर हृदय से याद किया। वहीं इस मौके पर करौंदिया, लालडिग्गी व फरीदीपुर परिसर के समस्त शैक्षिक संवर्ग ने बाबू के.एन.सिंह को पुष्पार्पण कर हृदय से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थान उपप्राचार्य डॉ शक्ति सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो प्रवीण कुमार सिंह, मुख्य अनुशासक डॉ सुधांशु प्रताप सिंह , शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो बिहारी सिंह सहित कमला नेहरू संस्थान के समस्त शैक्षिक व गैरशिक्षक समुदाय ने बाबू जी को हृदय की अतल गहराईयों से पुष्पार्पण कर आयोजित हवन-पूजन कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया। वहीं कमला नेहरू संस्थान परिसर मे आयोजित बाबू केदारनाथ सिंह की 27 वीं पुण्यतिथि पर राणा प्रताप पी जी कालेज के प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी, राजा हरपाल सिंह सिगरामऊ जौनपुर के प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार सिंह सहित जनपद सुल्तानपुर के शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के सम्भ्रान्त जनमानस व सम्मानित पत्रकार बन्धुओं आदि ने संस्थान संस्थापक को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जन स्वाभिमान दिवस पर 50 गाड़ियों के काफिले संग लखनऊ रवाना होंगे अपना दल (एस) कार्यकर्ता

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** अपना दल (एस) के क्षेत्रीय सचिव (लखनऊ मंडल) सुरेश चंद पटेल के नेतृत्व में जन स्वाभिमान दिवस के अवसर पर करीब 50 गाड़ियों का काफिला लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के लिए रवाना होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे। काफिले में क्षेत्रीय महासचिव एडवोकेट महेश वर्मा, जिलाध्यक्ष मनोज वर्मा, जिला महासचिव बरकत अंसारी, कपिल पटेल, जिला सचिव इंद्रजीत पटेल, राहुल पटेल, किसान मंच के जिलाध्यक्ष रईस खान, व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष विनीत पटेल, अल्पसंख्यक मंच के जिलाध्यक्ष जावेद अंसारी, अनीस अहमद, अनुसूचित मंच के जिलाध्यक्ष भारत राज पासी सहित सैकड़ों सक्रिय कार्यकर्ता शामिल रहेंगे।

## मौत के मुंह से मरीज को वापस लाए मेडिकल कॉलेज खीरी के डॉक्टर, पहली बार हुई हाई-रिस्क ट्रेकियोस्टॉमी

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज (एएसएमसी) खीरी के डॉक्टरों ने एक बेहद जटिल और उच्च जोखिम वाली जीवनरक्षक सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर 56 वर्षीय महिला मरीज को नया जीवन दिया है। गले के एडवांस्ड कैंसर से पीड़ित मरीज की सांस की नली लगभग पूरी तरह बंद हो चुकी थी और किसी भी समय दम घुटने का खतरा बना हुआ था। ऐसे में मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग ने पहली बार हाई-रिस्क ट्रेकियोस्टॉमी कर मरीज की जान बचाने में सफलता हासिल की। ईएनटी विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम सेमरा, थाना पडुआ निवासी 56 वर्षीय महिला (पहचान गोपनीय रखने के लिए नाम परिवर्तित) एडवांस्ड लैरिंजियल कार्सिनोमा से पीड़ित थी। कैंसर के कारण स्वरयंत्र और श्वासनली का रास्ता लगभग पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका था, जिससे मरीज को सांस लेने में अत्यधिक कठिनाई हो रही थी। स्थिति बेहद गंभीर होने पर तत्काल ऑपरेशन का निर्णय लिया गया।

मरीज की गंभीर अवस्था को देखते हुए ऑपरेशन टोटल इंट्रावेनस एनेस्थीसिया (TIVA) तकनीक के तहत किया गया।

## ईसानगर ब्लॉक में यूरिया खाद का खेलः सिंगावर की खाद लाखुन में उतरी, व्यवस्था पर उठे सवाल



**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** ईसानगर ब्लॉक की सहकारी समितियों में यूरिया खाद के वितरण को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। सिंगावर बीपैक्स के लिए आवंटित यूरिया खाद की खेप कथित रूप से एक सप्ताह पहले गोपनीय तरीके से लाखुन बीपैक्स पर उतार दी गई। इतना ही नहीं, खाद का वितरण भी कर दिया गया। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और किसान पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, जिस ट्रक की डीडी डिलीवरी दस्तावेज सिंगावर बीपैक्स के नाम जारी थी, वह लाखुन समिति पहुंच गई और वहीं खाद उतारकर किसानों को वितरित कर दी गई। सवाल यह है कि जब आवंटन सिंगावर के नाम था तो ट्रक दूसरी समिति तक कैसे पहुंची और वहां खाद उतरने की अनुमति किसने दी?

मामले पर एडीसीओ धौरहरा मोहम्मद ज़ुल्फ़ार अली ने स्वीकार किया कि खाद की ट्रक गलती से लाखुन समिति पहुंच गई थी। उन्होंने बताया कि अब लाखुन समिति के लिए आने वाली खाद सिंगावर भेजी जाएगी ताकि समायोजन किया जा सके। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि नियमों के अनुसार दूसरी समिति की खाद कहीं और नहीं उतरनी चाहिए थी। उनके मुताबिक यह समिति कर्मचारियों की चूक है और खाद का वितरण हो जाना भी गलती है। दूसरी ओर, लाखुन समिति के प्रतिनिधि सनी बाजपेई ने भी स्वीकार किया कि खाद गलती से उनके यहां पहुंच गई थी और उसे उतार लिया गया, और स्टॉक में लगी है। उनका कहना है कि अब लाखुन के हिस्से की खाद सिंगावर भेजी जाएगी। वहीं, सिंगावर समिति के सचिव अनुपम दीक्षित से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन बंद मिला और उनका पक्ष नहीं मिल सका।

इधर सिंगावर क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि समितियों में खाद के आवंटन और वितरण को लेकर ऐसा खेल लंबे समय से चलता आ रहा है।

# नौतनवा रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त जागरूकता अभियान

- मानव तस्करी व बाल अपराधों के खिलाफ दिया सशक्त संदेश
- यात्रियों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा, शिक्षा व हेल्पलाइन सेवाओं की दी जानकारी, सतर्क रहकर सुरक्षित यात्रा करने की अपील



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

जनपद के नौतनवा रेलवे स्टेशन पर बुधवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी, स्थानीय पुलिस, एसएसबी की 66वीं बटालियन तथा पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य रेल यात्रियों, महिलाओं और बच्चों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। अभियान के दौरान सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने स्टेशन परिसर में यात्रियों से संवाद स्थापित कर उन्हें रेलवे सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। साथ ही बच्चों के अधिकारों की रक्षा, शिक्षा के महत्व और बाल तस्करी जैसी गंभीर घटनाओं की रोकथाम में आमजन की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। यात्रियों को रेलवे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, आपात स्थिति अथवा परेशानी की सूचना तत्काल आरपीएफ या जीआरपी को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर आयोजित बैठक में मानव तस्करी की रोकथाम, बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर प्रभावी रोक लगाने तथा रेलवे स्टेशन को अपराधमुक्त एवं सुरक्षित बनाए रखने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि जागरूक नागरिक ही अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने में सबसे बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। आरपीएफ उप निरीक्षक संजय कुमार राय ने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान परिवार के सभी सदस्य एक साथ रहें, किसी भी अनजान व्यक्ति के बहकावे, प्रलोभन या लालच में न आएं तथा अपने सामान की सुरक्षा स्वयं सुनिश्चित करें।

## 'सब पढ़े, सब बढ़ें' के नारे के साथ स्कूल चलो अभियान की निकाली गई जागरूकता रैली




**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** विकास खंड वृजमनगंज अन्तर्गत संचालित हो रहे प्राथमिक विद्यालय बरगाहपुर में आज बुधवार को स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने रैली निकाल कर शिक्षा का अलख जगाया और लोगों को जागरूक भी किया साथ ही साथ नये सत्र की शुरुआत की । विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक वृहस्पति मिश्र ने नए प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया साथ ही साथ बच्चों में मिठाई,बैग और स्टेशनरी किट का वितरण किया। अंत में प्रभारी प्रधानाध्यापक बरगाहपुर ने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति एक बेहतर नागरिक बनता है। बच्चे पढ़-लिखकर अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों से नियमित रूप से स्कूल आने की अपील की।

# सेवा कार्यों के साथ मनाया गया अखिलेश यादव का जन्मदिन

**रक्तदान व पौधरोपण कर दिया जनसेवा का संदेश**



**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन बुधवार को जिले में सेवा, समर्पण और जनकल्याण के कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव के नेतृत्व में जिला मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित समारोह में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने तथा अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अस्पताल में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर से हुई। कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। रक्तदान करने वालों में जिला उपाध्यक्ष प्रणय गौतम, छात्रसभा जिलाध्यक्ष यज्ञदत्त पासवान, आकाश पटेल, विकास यादव तथा अब्दुल्लाह सिद्दीकी प्रमुख रहे। इसके बाद समाजवादी कार्यकर्ता आंबेडकर पार्क पहुंचे, जहां पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधान परिषद के पूर्व सभापति गणेश शंकर पांडेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, पीडीए की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा किसानों, नौजवानों, महिलाओं, पिछड़ों, दलितों और वंचित समाज के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरी मजबूती के साथ जुट चुकी है।

जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है और इससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है।

## बेतहाशा गर्मी में बिजली कटौती चरम पर, जिम्मेदार मौन

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** जनपद में बेतहाशा गर्मी बढ़ने के बावजूद बिजली कटौती चरम सीमा पर होने से रतजगवां कर काट रहे रात जिससे उपभोक्त ाओं में आक्रोश व्याप्त है जबकि सरकार के फरमान के अनुसार बिजली का वास्तविक लाभ उपभोताओं को नहीं मिल पा रहा है जिससे हर मौसम में पीड़ित रहते हैं आज इस जानलेवा गर्मी में भी समय से न बिजली न मिलने पर ओर आक्रोशित हैं। समय से बिजली उपभोताओं को न मिलने से दैनिक कार्य बाधित हो जा रहा हैं जबकि सरकार 18 से 20 घंटे बिजली देने की दावा करतीं हैं। सरकार के दिशा निर्देश को दरकिनार करते हुए जिमेदार अधिकारी कर्मचारी अपना सिका अपने अनुसार चला कर रोस्टर का बहाना बनाकर अपने अनुसार बिजली कटौती करते रहते हैं।

# एनडीपीएस एक्ट के दो अभियुक्त गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** जनपद में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना फरेंदा पुलिस को बुधवार को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के गंभीर मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार थाना पुरन्दरपुर में दर्ज मु0अ0सं0 96/2026, धारा 8/21/23/25 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित दोनों अभियुक्त काफी समय से फरार चल रहे थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। बुधवार को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर थाना फरेंदा पुलिस ने गोपलापुर क्षेत्र में घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में दीपक मिश्रा उर्फ अनूप मिश्रा पुत्र गौरीशंकर मिश्रा निवासी कम्हरिया बुजुर्ग, थाना कोल्हुई, जनपद महराजगंज, उम्र 36 वर्ष तथा चन्दन सिंह पुत्र सूरज सिंह निवासी मनोकामनापुरी, ग्राम तेनुहइया हमीदपुर (बीआरडी मेडिकल कॉलेज क्षेत्र), थाना चिलुआताल, जनपद गोरखपुर, उम्र 35 वर्ष शामिल हैं।

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दीनानाथ प्रसाद, हेड कांस्टेबल हिमांशु राय, हेड कांस्टेबल मुबारक अली, कांस्टेबल चन्दन यादव एवं आरक्षी ज्ञानेन्द्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम की त्वरित एवं सटीक कार्रवाई की सराहना की जा रही है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अपराधियों, मादक पदार्थों के तस्करों तथा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।